स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, मंगलवार
7 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 315 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



सैमसन जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज से बाहर, रिंकू सिंह की वापसी

# चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद यह ट्रस्ट की पहली बैठक राम मंदिर गेस्ट हाउस में हुई सम्पन्न


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी को ले करके श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास की अध्यक्षता में आज श्रीराम मंदिर के गेस्ट हाउस में ट्रस्ट की पहली बैठक सम्पन्न हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय बंसल, ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा ने भाग नहीं लिया। उनके इस्तीफे पर ट्रस्ट ने बड़ी गंभीरता से चर्चा की। उसके बाद उनका इस्तीफा सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया और उन्हे बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। चढ़ावा चोरी मामले में नाम उछलने के बाद चम्पत राय, डा. अनिल मिश्रा को लेकर लगातार तीखे सवाल उठाये जा रहे थे, जिसके बाद उन्होंने खुद इस्तीफा दे दिया था। बैठक की शुरुआत में ही ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने यह बेहद संवेदनशील घटना बताया। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में हुई इस कथित चोरी की घटना पर गहरा दुख और खेद व्यक्त किया। इसके तुरन्त बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरी ने मीटिंग का मुख्य एजेंडा सबके सामने रखा और चम्पत राय व



डा. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर विचार का प्रस्ताव पटल पर रखा। इस दौरान बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष का दर्द इस हाई प्रोफाइल के दौरान देखा गया। कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने बेहद भावुक होते हुए स्वीकार किया कि हमसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है। इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया भर के भक्तों को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में कुछ जगहों पर तकनीकी और प्रशासनिक खामियां थीं जिन पर उस समय पर ध्यान नहीं दिया गया। सूत्रों का कहना है कि जब अंदर यह मंथन चल रहा था तब चम्पत राय और डा. अनिल मिश्रा एक साथ अयोध्या में ही मौजूद थे, लेकिन दोनों में से कोई भी इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।

## कृष्ण मोहन राय को मिली मंदिर व्यवस्था की जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने अपनी पहली औपचारिक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से ट्रस्ट की साख और जनता के भरोसे को बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया कि हाल के दिनों में समाज के मन में कुछ बातों को लेकर संशय और अविश्वास का माहौल बना है, जिसे दूर करना ही उनकी सबसे पहली और मुख्य प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए समिति की अगली बैठक 22 जुलाई को होगी। भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है। कृष्ण मोहन आरएसएस के पदाधिकारी और पूर्व इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस) अधिकारी रह चुके हैं। 73 साल के कृष्ण मोहन को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पिछले साल ही ट्रस्ट मेंबर बनाया गया था। वह आरएसएस के क्षेत्र संघ चालक (क्षेत्र प्रभारी) हैं। कृष्ण मोहन हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुर गांव के रहने वाले हैं।



## योगी मंत्रिमंडल ने पारित किए 28 प्रस्ताव

# जलालाबाद अब परशुरामपुरी

- होमगार्ड्स को कैशलेस इलाज
- पदक विजेताओं की होगी सीधी भर्ती
- डाटा सेंटर नीति फिर से लागू
- पशुओं का कराया जाएगा बीमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। कैबिनेट में विभिन्न विभागों के 29 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 28 को मंजूरी दी गई। जबकि, एक प्रस्ताव मदरसे से संबंधित स्थगित कर दिया गया। शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया गया। इसके प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किया गया। यह जगह भगवान परशुराम की जन्मस्थली है। शासन ने 25 जून 2025 को अनुरोध किया था। भारत सरकार से एनओसी आने के बाद इस पर अब कैबिनेट की भी सहमति मिल गई है। कैबिनेट ने उप्र में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति के साथ ही उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करने सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत उप्र स्टार्टअप मिशन की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। डाटा सेंटर नीति जो समाप्त हो गई थी, आज फिर से लागू कर दी गई। मिशन डायरेक्टरेट बॉडी के हेड चीफ सेक्रेटरी होंगे। एंपावरमेंट कमेटी बनाई जाएगी। अभी तक स्टार्टअप पॉलिसी में प्रोटोटाइप 10 लाख और सीए कैपिटल 15 से 50 लाख है। इनक्यूबेटर संचालन को 40 लाख सालाना अनुदान मिलेगा। 1000 करोड़ का स्टार्टअप फंड रखा गया है। इसमें 400 करोड़ एकेटीयू का है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि सीएम जोखिम पशुधन बीमा प्रबंधन योजना, नस्ल सुधार, पशुधन बीमा और गौशाला के संवर्धन के लिए कई योजनाएं लागू की जाएंगी। पशुओं का बीमा भी होगा। इसका राज्यांश 85 फीसदी है। प्रत्येक पशुधन की कीमत तय की जाएगी। मुर्रा भैंस 75000, विदेशी, हरियाणवी, साहिबान गिरी गाय की कीमत 50 हजार से 65 हजार तक रहेगी। बैल की कीमत 40 हजार, खच्चर, गधा आदि 20 हजार, घोड़ा 60 हजार, भेड़ और बकरी की 6500 रुपये कीमत रहेगी। बीमा में केंद्र का राज्यांश 51 फीसदी, राज्य का 34 फीसदी और किसान का 15 फीसदी रहेगा। दैवीय आपदा, बीमारी और हादसे पर बीमा मिलेगा। गौशालाओं में 1.35 लाख गाय हैं। इन पर हर दिन आठ करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बनारस में ईएसआईसी श्रम विभाग के मेडिकल कॉलेज के लिए निःशुल्क जमीन आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया। मुरादाबाद, गोरखपुर में पांच-पांच एकड़ में 100 बेड हॉस्पिटल के लिए जमीन आवंटित की गई है। बनारस में 13 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा। 50 फीसदी जमीन श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित किया गया है। कुल 50 सीट में 25 सीट श्रमिक के बच्चों के लिए रहेगी। मंत्री गिरीश यादव ने बताया कि ओलंपिक, महिला ओलंपिक, एशियन आदि के पदक विजेताओं के सीधी भर्ती का प्रस्ताव पास किया गया। लोक सेवा आयोग की प्रक्रिया से बाहर करके इन्हें नौकरी दी जाएगी। समूह ख और क के लिए यह है।




## ताजमहल में तेजो महालय मंदिर, हाईकोर्ट ने जवाब मांगा

**प्रयागराज।** आगरा स्थित ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने वाले मुकदमे में सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। मामले में राज्य सरकार समेत अन्य पक्षों को जवाब दाखिल करना होगा। यह याचिका आगरा की जिला अदालत के उन आदेशों के विरुद्ध दाखिल की गई है, जिनमें सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और अपर जिला जज ने विवादित परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। मामले के तथ्यों के मुताबिक ताजमहल परिसर में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर होने का दावा करने को लेकर आगरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में वर्ष 2015 से दीवानी मुकदमा लंबित है। इस मुकदमे में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि ताजमहल परिसर में वास्तव में भगवान श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर स्थित है। इसी मुकदमे के ट्रायल के दौरान परिसर के सर्वेक्षण के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने का प्रार्थना पत्र दिया गया था। दोनों अदालतों (सिविल जज सीनियर डिवीजन व अपर जिला जज) ने इस पर कोई भी आदेश देने से मना कर दिया था।

## 'देश में भारत टैक्सी की तर्ज पर शुरू होगी नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी'

- अमित शाह ने किया बड़ा एलान

**नई दिल्ली।** देश के सहकारिता आंदोलन को नया जीवन देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक नीतिगत पहल की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में घोषणा की कि देश में सहकारी समितियों के विकास को तेज करने के लिए जल्द ही एक नई सहकारी लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) कंपनी का गठन किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सहकारिता आंदोलन, जो कांग्रेस शासन के दौरान एक उपेक्षित आंदोलन बन चुका था, उसे इस मंत्रालय के गठन से एक महत्वपूर्ण लाइफलाइन मिली है। देश के लगभग 8.5 लाख सहकारिता संगठनों और 30 करोड़ से अधिक सदस्यों के लिए यह पहल एक दूरगामी गेम-चेंजर साबित होने वाली है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि देश में सहकारी मॉडल पर आधारित भारत टैक्सी का कामकाज बेहद शानदार रहा है और आगामी दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों में करने की ठोस तैयारी है। इसी मॉडल की तर्ज पर, बीमा क्षेत्र में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक स्वतंत्र सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि उर्वरक क्षेत्र की दिग्गज सहकारी संस्था इफको (आईएफएफसीओ) पहले से ही एक जापानी फर्म के साथ संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) के जरिए बीमा व्यवसाय में सक्रिय है। यह नई कंपनी सीधे तौर पर सहकारिता क्षेत्र को वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लाकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेगी।



## नौसेना को मिलेगा नया 'समुद्री प्रहरी' महेंद्रगिरि


- दुश्मन के रडार को देगा चकमा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत जल्द ही और बढ़ने वाली है। 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में प्रोजेक्ट-17ए के तहत तैयार स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। यह केवल एक नया युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा तकनीक, आत्मनिर्भरता और समुद्री सुरक्षा का नया प्रतीक भी है। अत्याधुनिक हथियारों और स्टील्थ तकनीक से लैस यह युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक क्षमता को और मजबूत करेगा। महेंद्रगिरि पूरी तरह भारत में डिजाइन और निर्मित आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है। इसका डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। स्टील्थ तकनीक की वजह से यह दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देता है। युद्ध के दौरान यह विशेषता इसे सामरिक बढ़त देती है और दुश्मन के लिए इसकी पहचान करना कठिन बना देती है। महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देश की बड़ी रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया है।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90 प्रतिशत गायब

- ऊंचाई एक फीट बची
- तीन दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6 प्रतिशत ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 प्रतिशत गायब हो चुका है। अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।



## 17 जुलाई को लॉन्च होगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होगी। खास बात यह है कि ट्रेन को मेक इन इंडिया पहल के तहत विकसित किया गया है और इसका डिजाइन लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने तैयार किया है।

## बारिश पर आईएमडी का कई राज्यों के लिए रेड-ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कई राज्यों में अगले 24 से 72 घंटे बेहद भारी पड़ सकते हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुजरात, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के लिए रेड अलर्ट, जबकि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कुछ इलाकों में 21 से 50 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है, जबकि अगले तीन दिनों में मानसून के पूरे देश में फैलने की संभावना है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. शशि कांत ने सोमवार को बताया कि देश के पश्चिमी तट, जिसमें गुजरात, सौराष्ट्र, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं, वहां आज पूरे क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात, तटीय महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 21 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हो सकती है। आज पूर्वी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, जिनमें वाराणसी और प्रयागराज जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## नेतन्याहू के भारत समर्थन वाले बयान पर सरकार पर बरसी कांग्रेस

- कहा- 'विश्वगुरु' की चुप्पी अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याह की तरफ से भारत के समर्थन का दावा किए जाने के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी भारत की सभ्यतागत परंपराओं और मूल्यों के खिलाफ है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि नेतन्याहू का यह कहना गलत है कि भारत इस्राइल के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री मोदी इस्राइल के प्रति झुकाव रखते हों, लेकिन करोड़ों भारतीय गाजा में हो रही हिंसा, फलस्तीनियों के विस्थापन, ईरान पर हमलों और दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियान की निंदा करते हैं। उनके अनुसार, ये सभी घटनाएं मानवता पर हमला हैं।



## मणिपुर में तनाव के बीच फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में लंबे समय से जारी जातीय तनाव के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। कांगपोकपी जिले के थिंगखोंगजांग (थिंगखोजांग) कुकी गांव पर हुए कथित सशस्त्र हमले में एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। घटना के बाद कुकी संगठनों ने सोमवार से राष्ट्रीय राजमार्ग-37 (एनएच-37) पर 24 घंटे के बंद का एलान कर दिया है। साथ ही स्वतंत्र न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है। हालांकि, सरकार की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार शाम गांव के लोग चर्च में प्रार्थना कर रहे थे, तभी हथियारबंद हमलावरों ने गांव पर गोलीबारी की और विस्फोटक फेंके।

## किश्तवाड़-डोडा में बारिश से तबाही

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिले में सोमवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। तेज बहाव के साथ आए पानी और मलबे ने 540 मेगावाट क्वार जलविद्युत परियोजना के टीआरटी क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। बाढ़ की वजह से कई जगहों पर लैंडस्लाइड भी हुआ है। उधर, लगातार बारिश के कारण प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। प्रभावित इलाकों में हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ का असर 540 मेगावाट के क्वार पावर प्रोजेक्ट पर पड़ा है। परियोजना की टीआरटी साइट पर भारी मात्रा में मलबा और पानी घुसने से वहां खड़े कई वाहन मलबे में फंस गए। कई गाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

## महाराष्ट्र के सतारा में बारिश से पुल टूटा

**सतारा।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूट गया। 10-12 पर्यटक फंसे हैं, कारों को क्रेन की मदद से निकाल गया। बीएमसी ने आज सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है।

## अजजी





पड़ताल

### पाकिस्तान की साजिश के सबूत होने का दावा

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए ने पेश की पूरक चार्जशीट

- हाफिज सईद को बनाया आरोपी
- लश्कर प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद को अपनी पूरक (सप्लीमेंट्री) चार्जशीट में आरोपी बनाया है। एनआईए ने उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से आतंकी साजिश रचने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी ने हमले की साजिश और आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के खिलाफ भी अतिरिक्त साक्ष्य अदालत में पेश किए हैं।




जम्मू की एनआईए स्पेशल कोर्ट में दायर अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में, आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने हाफिज सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा व उसके सक्रिय प्रॉक्सी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के चीफ के तौर पर आरोप लगाए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाफिज सईद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चार्जशीट में उस पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और पाकिस्तान से आतंकी साजिश चलाने का आरोप लगाया गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद हालात चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया।

### पहले स्थानीय पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर

हमले के बाद सबसे पहले पहलगाम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह मामला एनआईए को सौंप दिया था। एनआईए ने कहा है कि मामले की जांच अभी जारी है और एजेंसी पाकिस्तान की उस पूरी साजिश का पर्दाफाश करने में जुटी है, जिसके तहत सीमा पार से भारत में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

## हादसे में घायल संविदा रोडवेज कर्मी की उपचार के दौरान मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** थाना रसूलाबाद क्षेत्र के उसरी बिलहा गांव के सामने रसूलाबाद बिधूना मार्ग पर बीती 8 जून 2026 को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रोडवेज संविदा चालक की सोमवार की सुबह मौत हो गई। जिसकी जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया।मृतक के परिजनों की सूचना पर पहुंची शिवली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार शिवली थाना क्षेत्र के कुर्मी निवादा गांव निवासी दिनेश कुमार यादव 46 वर्ष उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम में संविदा पर बस चालक थे।बीती 8 जून 2026 की दोपहर गांव से बाइक से वह अपनी सगी बहन माया के घर औरैया जा रहे थे कि रसूलाबाद थाना क्षेत्र के उसरी बिलहा गांव के सामने रसूलाबाद बिधूना मार्ग पर याकूबपुर की ओर से चले आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे एक घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी।घटना में गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार यादव के परिजन उन्हें कानपुर नगर स्थित निजी अस्पताल ले गए थे जहां उनका उपचार चल रहा था। बीती 3 जुलाई को उनके परिजन उन्हें घर ले आए थे। लेकिन सोमवार की रात करीब तीन बजे दिनेश की मौत हो गई जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गुड़िया पुत्री गोल्डी पुत्र विष्णु व देवा का रो रो कर बुरा हाल था।मृतक के पुत्र विष्णु की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी औनाहां अजय कुमार ने घटना की छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।इस बावत कोतवाल अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि बीते हुए दिनों मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## रसूलाबाद सम्पूर्ण समाधान दिवस में 105 शिकायतें दर्ज 2 का मौके पर निस्तारण

### एसडीएम शिखा संखवार बोली समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** तहसील रसूलाबाद में उपजिलाधिकारी शिखा संखवार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान कुल 105 शिकायतें पंजीकृत की गई जिनमें से अधिकांश राजस्व विभाग से जुड़ी रहीं। विभागवार स्थिति प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राजस्व विभाग में 71 विकास विभाग में 14 पुलिस विभाग में 8 विद्युत विभाग में 4 आपूर्ति विभाग में 3 और चकबन्दी में 2 शिकायतें दर्ज हुईं। इसके अलावा नगर पंचायत वन विभाग और अन्य में 1.1 मामला आया। समाधान दिवस के दौरान केवल 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागाध्यक्षों को 7 दिन में आख्या के साथ निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी शिखा संखवार ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निपटारा करना है। राजस्व से जुड़ी शिकायतें सबसे अधिक हैं इसलिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को विशेष अभियान चलाकर फील्ड पर निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों को तय समय सीमा में कार्रवाई कर रिपोर्ट तहसील में जमा करनी होगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि वे अपनी समस्या के साथ सभी जरूरी दस्तावेज लेकर आएं ताकि शिकायत का तुरंत निस्तारण हो सके। उपजिलाधिकारी ने भरोसा दिया कि अगले समाधान दिवस तक लंबित मामलों का शत.प्रतिशत निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक आलोक कुमार तहसीलदार संतोष कुमार कोतवाल एसएन सिंह नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह बीडीओ विपुल विक्रम सिंह नगर पंचायत प्रत्यूष राजपूत चिकित्सा विभाग से गौरव कुमार कानूनगो राकेश कुमार गुप्ता कुंवर सिंह अनिल कुमार लेखपाल ऋषभ शुक्ला सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

## एक पेड़ मां के नाम महाअभियान जिले को बनाएगा नम्बर वन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात** शासन की मंशा अनुरूप हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान ने जनपद में रफ्तार पकड़ते हुए प्रदेश सरकार के पर्यावरण संरक्षण की पहल को जमीनी स्तर पर दिखाई देने के क्रम में 50 लाख पौधों को 12 जुलाई को वृक्षारोपण करने के उद्देश्य से जिलाअधिकारी की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई। तैयारियों की समीक्षा जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर की। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं तथा पौधरोपण के निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता न रहे बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे का संरक्षण और नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को पौधरोपण स्थलों का चयन गड्ढों की खुदाई पौधों की उपलब्धता तथा सिंचाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों से कहा गया कि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। विद्यालयों ग्राम पंचायतों स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों को भी अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 12 जुलाई को पूरे जनपद में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी की जाएगी और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी संबंधित विभागों की होगी।प्रशासन का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि उन्हें विकसित कर जनपद को अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाना है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करे तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित करे जिससे पौधों का जीवित रहने का प्रतिशत अधिकतम रहे। जिलाधिकारी द्वारा लगाये जाने वाले पौधों का हरीतिमा पोर्टल पर जीओटैगिंग अनिवार्य रूप से करायें जाने के निर्देश दिये जिससे अभियान की प्रगति का पारदर्शी एवं प्रभावी ढ़ंग से अनुश्रवण किया जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक रोपित पौधे की जियोटैगिंग की जाए तथा संबंधित विभाग उसके संरक्षण सिंचाई एवं नियमित देखरेख की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। अभियान के प्रत्येक चरण की सतत निगरानी की जाएगी ताकि निर्धारित लक्ष्य शतप्रतिशत पूर्ण होने के साथसाथ पौधों का संरक्षण भी प्रभावी रूप से सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 12 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ.2026 में प्रत्येक नागरिक बढ़.चढ़कर सहभागिता निभाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण का संकल्प भी ले। एक पौधा केवल हरियाली का प्रतीक नहींए बल्कि स्वच्छ पर्यावरण शुद्ध वायु जल संरक्षण जैव विविधता एवं आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि जब शासन प्रशासन और समाज मिलकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेते हैंए तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल होता है। उन्होंने सभी जनपदवासियों से आह्वान किया कि वे इस महाअभियान का सक्रिय हिस्सा बनें और अपने परिवार मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि कानपुर देहात को अधिक हरित स्वच्छ एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध जनपद बनाया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल अपर जिला अधिकारी प्रशासन दिग्विजय सिंह प्रभागीय वना अधिकारी प्रमिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर डीएम सख्त जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण का संबंधित अधिकारियों से विवरण प्राप्त करते हुए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवाद राजस्व पुलिस विद्युत पेयजल पेंशन आवास सड़क अतिक्रमण तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न रहे बल्कि मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। जिन मामलों में विभिन्न विभागों के समन्वय की आवश्यकता है उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन और जनता के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का समाधान करें जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सोमवार को जनपद की समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह ने तहसील अकबरपुर में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण के त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील अकबरपुर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 180 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 05 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर परीक्षण किया जाए और समाधान के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसका फीडबैक भी लिया जाए।
उन्होंने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री संदर्भ जनप्रतिनिधियों के संदर्भ आईजीआरएस तथा तहसील दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई करें शिकायत पंजिका का संधारण करें प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं शिष्ट व्यवहार सुनिश्चित करें। जनपद की अन्य तहसीलों में भी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा दो शिकायतकर्ताओं की खतौनी तत्काल मौके पर संशोधित कराकर उपलब्ध कराई गई । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्याय दिग्विजय सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी उप जिलाधिकारी अकबरपुर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## तो क्या किसी बड़े हादसे का प्रशासन को है इंतजार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रनिया कानपुर देहात।** रनिया पड़ाव स्थित हाईवे का अवैध कट अब राहगीरों के लिए मौत का कट श् बनता जा रहा है। हर दिन दर्जनों ग्रामीण स्कूली छात्र महिलाएं और बुजुर्ग अपनी जान जोखिम में डालकर तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर कई बार हादसे हो चुके हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे पर बने इस अवैध कट से लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। सड़क पार करने के दौरान हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका रहती है। तेज गति से दौड़ते ट्रक बस और अन्य भारी वाहन लोगों की जान पर खतरा बन रहे हैं। इसके बावजूद न तो कट बंद किया गया और न ही सुरक्षित आवागमन की कोई व्यवस्था की गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि रनियाँ पड़ाव पर ओवरब्रिज या फुट ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया जाए तो हजारों लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और आए दिन होने वाले हादसों पर भी रोक लग सकेगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल ओवरब्रिज निर्माण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है। आखिर लोगों की जान से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे।



## राजकीय महाविद्यालय परिवार में प्राचार्य का किया अभूतपूर्व स्वागत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
माती कानपुर देहात। राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को नियुक्त प्रचार्य डॉ अतुल शर्मा का महाविद्यालय परिवार द्वारा हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। अपने स्वागत उदबोधन में प्राचार्य डॉ अतुलशर्मा ने महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास के सभी के सहयोग से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026.27 में प्रवेश प्रकिया को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य प्रवेश समिति को कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने हेतु निर्देश दिये। सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्य डॉण् अतुल शर्मा के नेतृत्व में संस्था को नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त कराने का संकल्प भी लिया। महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एक पुस्तक पढे कार्यक्रम का सफल आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि धवन द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा छात्र.छात्राओं में पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त करने के महत्व को समझते हुए पुस्तकों की उपयोगता विषय पर अपने विचारों से छात्रों को अवगत कराया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सोशल मीडिया और डिजिटल स्क्रीन से इतर वास्तविक पुस्तकों को पढने की आदत को पुनर्जीवित करना उनके बौद्धिक विकास को गति देना और रचनात्मक लेखन व आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

## केशावत की दो टूक चेतावनी नहीं हटा ठेका तो शुरू होगा आंदोलन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** लम्बे समय से गांव के अन्दर स्कूल के पास संचालित देशी शराब के ठेके का विरोध अब मुखर हो गया है आम जनमानस की उपरोक्त गम्भीर समस्या को जिले के वरिष्ठ समाजसेवी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधी सरदार प्रमोद सिंह केशावत अपना मानकर इसके समाधान का वीणा उठा लिया है सैकडो ग्रामीणों को साथ लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे केशावत ने कहा क्या बच्चों की किताबों से ज्यादा जरूरी शराब का ठेका है क्या मासूमों के भविष्य से बड़ा शराब का कारोबार हो गया हैघ् और आखिर कब तक आबादी के बीच शराब के ठेके लोगों की जिंदगी में जहर घोलते रहेंगे।
तस्वीरें कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र की हैं जहां गांव आलमपुर मौजे और बुढेरा डेरा के ग्रामीणों का सब्र अब जवाब दे चुका है। आबादी और प्राथमिक विद्यालय के पास संचालित कथित देशी शराब के ठेके को हटाने की मांग को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि सरदार प्रमोद सिंह केशावत सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचे और साफ चेतावनी दी अगर ठेका नहीं हटा तो आंदोलन होगा ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल के पास शराब का ठेका होने से बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। महिलाओं और बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शराब के नशे में धुत लोग आए दिन अभद्रता और हंगामा करते हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग शिकायतों पर आंखें मूंदे बैठा है। सबसे बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि जिस ठेके का लाइसेंस आलमपुर के नाम पर बताया जा रहा है उसका संचालन आखिर बुढेरा डेरा में किसके संरक्षण में हो रहा है अगर यह सच है तो जिम्मेदार कौन है और अगर गलत है तो अब तक इसकी जांच क्यों नहीं हुई हैरानी की बात यह है कि इससे पहले भी ग्रामीण ठेके का घेराव कर चुके हैं हंगामा हो चुका है पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच चुका है लेकिन समाधान आज तक नहीं निकला। आखिर प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है अब निगाहें जिला प्रशासन पर हैं। क्या बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान को प्राथमिकता मिलेगी या फिर शराब का ठेका ही सब पर भारी पड़ेगा क्योंकि ग्रामीणों ने साफ कर दिया है ठेका नहीं हटा तो आंदोलन होगा।

## युवती ने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
माती कानपुर देहात। शिवली थाना के बाघपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरार गांव में सोमवार को एक युवती ने घर के अंदर कमरे में पाइप के सहारे गले में दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।घटना की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को नीचे उतरवाया। जिसके बाद पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर साक्ष्य एकत्र किए।जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गरम था। जानकारी के अनुसार शिवली थाना क्षेत्र की बाघपुर चौकी के अंतर्गत आने वाले बरार गांव निवासी विनय गौतम अपनी पत्नी सुनीता पुत्री मानसी अंकिता पुत्र आकाश के साथ रहता है।उसकी दूसरे नंबर की पुत्री अंकिता 19 वर्ष जो बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा थी बीती 6 मई को घर से स्कूल जाने की बात कह कर निकली थी फिर शाम तक वापस नहीं आई काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर घटना के दूसरे दिन 7 जून 2026 को उसकी मां सुनीता ने शिवली पुलिस को शिवली थाना क्षेत्र के संभरपुर बैरी गांव निवासी भानू राजपुर गांव निवासी ओम शनि व राम गोपालपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर निवासी नीरज कमल के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने युवती को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया था।जिसके बाद से वह लगातार तनाव में चल रही थी।सोमवार की दोपहर अंकिता 19 वर्ष ने घर के अंदर कमरे में रखे लोहे के पाइप के सहारे दुप्पटे से फांसी लगा ली।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी बाघपुर योगेंद्र शर्मा ने घटना की छानबीन की।वहीं फील्ड यूनिट टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।इस बावत कोतवाल अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।घटना को लेकर गांव में ग्रामीणों के बीच चर्चाओं का बाजार गरम था।

## मेगा जॉब फेयर 20 26 का आयोजन होगा कल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** युवाओं को प्रतिष्ठित और निजी कंपनियों में रोजगार देने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा एक श्मेगा जॉब फेयर 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला कल बुधवार 8 जुलाई को सुबह 10रू00 बजे से शाम 5रू00 बजे तक आयोजित होगा। संदलपुर क्षेत्र के हवासपुर स्थित शकुंतला कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ज्ञप्ज् बहबलपुर हवासपुर मे कल विभिन्न नामी कंपनियों के द्वारा युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से मेगा जॉब फेयर 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं 12वीं बीसीए बीबीए बीटेक आईटीआई और पॉलिटेक्निक डिप्लोमा निर्धारित की गई है।।। ?इस मेले में युवाओं को अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन भी मिलेगा। यह जानकारी संस्थान के डायरेक्टर विवेक कुशवाहा ने दी है।

## सेफ फ्यूचर अभियान के तहत स्कूल वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

**6 वाहनों का चालान अभियान 15 जुलाई तक रहेगा जारी।**
**बच्चों की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं**
**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने स्कूल प्रबंधकों से सभी अभिलेख अद्यतन रखने की अपील की**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात** सेव फ्यूचर अभियान अगर इसी तरह बराबर सजगता से बीच बीच में अभियान चलाकर कार्यवाही होती रहे तो संभव है कि सड़क हादसों से देश के भविष्य सुरक्षित रहेंगे।लेकिन ये आगे चलकर कितने समय तक प्रभावी रहेगा ये समय बताएगा फिलहाल जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन तथा परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जनपद कानपुर देहात में संचालित सेफ फ्यूचर अभियान के अंतर्गत आज परिवहन विभाग द्वारा स्कूल वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि दिनांक 06 जुलाई 2026 को अभियान के दौरान विभिन्न विद्यालयों के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान निर्धारित मानकों एवं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 06 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कुछ वाहन क्षमता से अधिक बच्चों को लेकर संचालित हो रहे थे। कई वाहनों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव था
जबकि कुछ चालक यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। ऐसे सभी मामलों में नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई और वाहन संचालकों को भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन वाहन संचालकों और अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि कुछ क्षणों की लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है इसलिए सभी को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है।
उन्होंने बताया कि विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा एवं बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान 15 जुलाई 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान वाहन के वैध प्रपत्र फिटनेस परमिट बीमा प्रदूषण प्रमाणपत्र चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जा रही है।
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनपद के समस्त विद्यालय प्रबंधकों से अनुरोध किया है कि विद्यालयों में संचालित सभी वाहनों के अभिलेख एवं आवश्यक प्रपत्र पूर्ण एवं अद्यतन कराकर ही उनका संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा नियमों की अनदेखी करने वाले विद्यालयी वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
परिवहन विभाग ने सभी विद्यालय संचालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करें तथा सुरक्षित एवं मानक अनुरूप विद्यालयी परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें।







# एलिवेटेड पुल पर भीषण सड़क हादसा ट्रैफिक सिपाही व चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** बर्रा एलिवेटेड पुल पर सोमवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक ट्रैफिक सिपाही व ट्राला चालक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुल पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सामान्य कराया। सूचना पर जेसीपी डॉ विपिन टॉडा व डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी के परिवार में कोहराम मच गया।

नौबस्ता चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी जितेन्द्र कुमार व राकेश कुमार की ड्यूटी थी। देर रात झारखंड नंबर का खाली ट्रक नौबस्ता रैंप से होकर पनकी स्थित प्लांट जा रहा था। जितेंद्र और राकेश ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी। शक होने पर दोनों ने ट्रक का पीछा किया। बर्रा बाईपास स्थित प्रिया नर्सिंग हॉस्पिटल के सामने एलिवेटेड फ्लाईओवर पर रोककर ड्राइवर को नीचे उतारा और ट्रक के पीछे खड़े होकर कागजात जांच रहे थे। तभी पीछे से आ रहे माल लदे ट्राला ने ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खाली कंटेनर करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया। उसके साथ दोनों कांस्टेबल और ड्राइवर भी घिसलते चले गए। जिसमें पुलिस कर्मी जितेन्द्र व चालक बिहार के रहने वाले



- ट्रक ने ट्राला व बाइक में मारी टक्कर, एक अन्य पुलिस कर्मी घायल
- हादस के बाद लगा भीषण जाम

रितेश यादव की मौत हो गई। जबकि उनका एक अन्य पुलिस कर्मी राकेश घायल हो गया। पुलिस ने घायल सिपाही को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस आयुक्त डॉ विपिन टांडा और डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जानकारी ली। हादसे के कारण एलिवेटेड पुल पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच

### पांच साल पहले हुई थी शादी

मूल रूप से आगरा के रहने वाले जितेंद्र कुमार 2018 बैच के सिपाही हैं। भाई ख्याली राम ने बताया कि आगरा में ही सैलून चलाता है। भाई जितेंद्र की शादी 2 दिसम्बर 2020 में पीएसी में तैनात इटावा के रहने वाले कैलाशचंद्र की बेटी वर्षा के साथ हुई थी। उनके ढाई साल की बेटी भूमिका है। पिता वीधाराम मजदूरी करते थे। परिवार में मां फूलवती व पांच बहनें हैं। बहनों की शादी हो चुकी है। जितेंद्र शादी के बाद से पत्नी, बेटी के साथ निराला नगर में किराया के मकान में रह रहे थे।

### लगा था जाम, चालक कर रहे थे पूछताछ

पुलिस के मुताबिक एलिवेटेड रोड पर जाम लगा हुआ था। जिसकी सूचना पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी जितेन्द्र व राकेश जा रहे थे। झारखंड नंबर का खाली ट्रक मूलरूप से बिहार के भोजपुर का रहने वाला रितेश चला रहा था। वह पनकी स्थित प्लांट जा रहा था। दोनों कांस्टेबल ड्राइवर को ट्रक के पीछे ले जाकर पूछताछ कर रहे थे। ड्राइवर ने भोजपुर निवासी ट्रक के मालिक राजेश यादव से फोन पर बात कराई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों जमीन पर गिर गए। कंटेनर जितेंद्र और रितेश को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। जबकि, राकेश जख्मी हो गए।

# राजनीति के लिए हैं कई मंच, शिक्षा के मंदिर को न बनाएं अखाड़ा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** परमट स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को सांसद निधि से बनने वाली दो स्मार्ट क्लास का शिलान्यास किया गया। स्मार्ट क्लास का शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में इसी स्कूल के छात्र कुमार शिवांशु ने किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए काम होना चाहिए, न कि शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक अखाड़ा बनाया जाना चाहिए। इसी सोच के तहत कार्यक्रम में न तो वह मंच पर बैठे और न ही बैनर पर किसी राजनीतिक दल या नेता का नाम व फोटो लगाया गया। बैनर पर केवल छात्र शिवांशु की तस्वीर लगाई गई। सांसद ने कहा कि पहले ही तय किया गया था कि स्मार्ट क्लास के शिलान्यास और उद्घाटन जैसे कार्यक्रम स्कूल के ही मेधावी बच्चों से कराए जाएंगे। इसी के तहत सोमवार को छात्र कुमार शिवांशु को मुख्य अतिथि बनाया गया और उन्हीं के हाथों शिलान्यास कराया गया।

- स्कूल के बच्चे से प्राथमिक विद्यालय के स्मार्ट क्लास का कराया शिलान्यास

उन्होंने कहा कि परमट प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लासए कंप्यूटर सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा शहर के 50 प्राथमिक विद्यालयों को भी चिन्हित किया गया है, जहां चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट क्लास विकसित की जाएंगी।

सांसद ने कहा मैं खुद मंच पर नहीं बैठा और शिलान्यास भी बच्चे से कराया। बैनर पर भी सिर्फ उसी बच्चे की तस्वीर लगाई गई। हो सकता है लोग इस पर भी राजनीति करें, लेकिन मेरी सभी से अपील है कि राजनीति के लिए कई मंच हैं, शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक अखाड़ा न बनाएं। नन्हे बच्चों को राजनीति का मोहरा नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में किसी राजनीतिक दल के जिला पदाधिकारी या विधायक को आमंत्रित नहीं किया गया। सुरेश अवस्थी की मौजूदगी पर उन्होंने कहा कि वे स्थानीय निवासी हैं और इस कार्य के प्रस्तावक भी हैं, इसलिए कार्यक्रम में शामिल हुए।

## खबर एक नजर

### युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**-पति की नशेबाजी से थी परेशान**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** पति की नशेबाजी से तंग आकर पत्नी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। दो दिन से परिजन महिला की तलाश करते हुए गोविंद नगर थाने पहुंचे, जहां फोटो और कपड़ों के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई।

मूलरूप से उरई राजेंद्र नगर निवासी अंकित श्रीवास्तव एक फैक्ट्री में अकाउंटेंट का काम करते हैं। सात साल पहले उनकी शादी सोनम से हुई थी। उनकी दो बेटियां ऋद्धि और सिद्धि हैं। सोनम के मामा चंद्रनिवास ने बताया कि अंकित नशे का लती हैं, जिसके चलते आए दिन घर में विवाद होता रहता था। दो साल पहले शराब पीने की वजह से अंकित की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके चलते सोनम के परिजनों ने इलाज में ढाई लाख रुपये खर्च किए, इसके बाद भी उसकी आदत में सुधार नहीं हुआ। शनिवार रात अंकित शराब पीकर आया और सोनम को मारापीटा, जिससे वह घर से चली गई और गोविंद नगर स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। अंकित ने खोजबीन की और पता न चलने पर सोनम के परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान की। गोविंद नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

### कारोबारी का अपहरण, परिजनों ने जताई की हत्या की अशंका

**-पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** 2.90 लाख के लेन-देन के विवाद में आलू कारोबारी को आढ़ती व उसके साथियों ने अपहरण कर लिया। परिजनों ने कारोबारी की हत्या की आशंका जतायी है। सचेंडी पुलिस ने तहरीर के आधार पर आढ़ती, उसके मुनीम समेत ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया। जिनके पास से पुलिस ने कारोबारी का मोबाइल बरामद कर लिया है।

जूही हरी कालोनी निवासी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि उनकी चकरपुर मंडी में देवेश कुमार, योगेश कुमार के नाम से फर्म है, जिससे वह आलूए प्याज व लहसुन का कारोबार करते हैं। 2 जुलाई की सुबह 8.30 बजे उनका भाई देवेश कुमार चकरपुर मंडी जाने के लिए निकला था। वह रात 10 बजे तक वापस नहीं आया। पत्नी आराधना ने फोन पर बात की, जिस पर देवेश ने आलू के आढ़ती संजू पाल के साथ घर आने की बात कही थी। कुछ देर बाद मनोज ने देवेश को फोन किया, जो स्विच ऑफ बताने लगा। उन्होंने संजू को कॉल की, लेकिन फोन नहीं उठा। जिस पर उन्होंने अगले दिन चकरपुर मंडी जाकर पूछताछ की तो आलू के आढ़ती इरफान, उनके ड्राइवर अमरेंद्र ने बताया कि देवेश ने देर रात संजू, उसके मुनीम टिंकू के साथ शराब पी थी, फिर दोनों एक साथ निकले थे। इसके बाद चकरपुर मंडी पुल के नीचे संजू, टिंकू एक ऑटो चालक से बात कर रहे थे। मनोज ने बताया कि संजू का उनसे 2.90 लाख रुपए लेने है, देवेश के कई बार मांगने पर संजू हीलाहवाली कर रहा था। जिसको लेकर उन्होंने भाई के अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के पास से अपहृत कारोबारी का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। कारोबारी की खोजबीन में टीमें दबिश दे रही हैं

### शिक्षा प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राइसाइकिल

-16 वर्ष या अधिक आयु की पात्र छात्राओं को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। आवागमन की कठिनाई अब दिव्यांग छात्राओं की पढ़ाई और प्रशिक्षण की राह में बाधा नहीं बनेगी। स्कूल जाने तथा शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पात्र दिव्यांग छात्राओं को प्रदेश सरकार ई-ट्राइसाइकिल प्रदान करेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू नई नियमावली के तहत प्रति ई-ट्राइसाइकिल अधिकतम 65 हजार रुपये का अनुदान अनुमन्य होगा। योजना का उद्देश्य छात्राओं को दैनिक कक्षाओं, लाइब्रेरी, लैब और हॉस्टल तक सुगम आवागमन की सुविधा देकर उनका शैक्षिक पुनर्वासन करना है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दिव्यांग छात्राओं को शिक्षा और प्रशिक्षण के समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। ई-ट्राइसाइकिल उनकी आवागमन संबंधी कठिनाइयों को कम कर शिक्षा से निरंतर जुड़े रहने में सहायक होगी। उन्होंने योजना की जानकारी पात्र छात्राओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। योजना के अंतर्गत 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की उत्तर प्रदेश निवासी दिव्यांग छात्राएं पात्र होंगी। मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफिलिया अथवा इसी प्रकार की शारीरिक स्थिति से प्रभावित ऐसी छात्राएं, जिनकी दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर का भाग स्वस्थ हो और जो ई-ट्राइसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उसका संचालन करने में सक्षम हों, योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी। दिव्यांगता मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक होगा। जनपद स्तरीय तकनीकी समिति शारीरिक सक्षमता का भौतिक परीक्षण करेगी और ई-ट्राइसाइकिल के लिए उपयुक्त पाए जाने पर ही अग्रेतर प्रक्रिया की जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बिनय कुमार उत्तम ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। संबंधित स्कूल अथवा शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान के संस्थाध्यक्ष द्वारा अध्ययनरत होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिसकी पुष्टि विभाग द्वारा की जाएगी। दिव्यांग छात्रा अथवा उसका परिवार आयकरदाता नहीं होना चाहिए। लक्ष्य के सापेक्ष सर्वप्रथम गरीबी रेखा से नीचे के पात्र लाभार्थियों को संतृप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र छात्रा को पांच वर्ष में एक बार ई-ट्राइसाइकिल से लाभान्वित किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों में भारत सरकार, स्थानीय निकाय, सांसद निधि, विधायक निधि अथवा किसी अन्य सरकारी या सरकार से अनुदानित स्रोत से ई-ट्राइसाइकिल प्राप्त करने वाली छात्रा को पुनः लाभ नहीं मिलेगा।

## दबंगों ने युवक को पीट-पीटकर किया लहूलुहान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। रविवार देर रात दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद उसकी बाइक पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पनकी पुलिस ने जांच-पड़ताल कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सराय मीता निवासी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया कि वह घर के पास मिट्टी के हुंडा बनाने का काम करते हैं। रविवार देर रात बिजली गुल होने के कारण वह फैक्ट्री के बाहर बैठे थे। इसी दौरान बाइक से आए तीन युवक उनसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिए। इसके बाद सभी ने मिलकर लाठी.डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर और शरीर पर कई वार किए, जिससे उनका सिर फट गया और जान बचाकर मौके से भाग निकले। पीड़ित का आरोप है कि हमला करने के बाद भी आरोपियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने घर के बाहर खड़ी उनकी बाइक पर पथराव कर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद परिवार ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पनकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वीआईपी रोड पर बारिश का पानी क्यों भरा? होगी समीक्षा

**-महापौर ने नगर आयुक्त के साथ किया सीसामऊ नाले का निरीक्षण**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** पिछले दिनों हुई बारिश के बाद शहर में जलभराव हो गया था। सोमवार को मेयर प्रमिला पांडेय ने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय के साथ सीसामऊ नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर ने कहा वीआईपी रोड पर बारिश का पानी क्यों भरा, जबकि सीसामऊ नाले को लेकर मार्च में बैठक की गई थी। इसकी समीक्षा की जाएगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाएगी। मेयर ने कहा कि मैं अपनी गलती मानने को तैयार हूं, यदि इतनी भारी बारिश के बाद भी कहीं जलभराव बना रहता है, लेकिन वीआईपी रोड पर बारिश का पानी एक घंटे के भीतर ही सड़क से निकल गया था। इसदौरान टैफ्को क्षेत्र में नाले पर अवैध कब्जा मिलने पर महापौर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा अतिक्रमण की वजह से नालों की जल निकासी बाधित हो रही है, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर भर रहा है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। महापौर ने जलभराव के लिए जल निगम को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि शहर की व्यवस्था बनाए रखना सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नालों और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई होगी और किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। महापौर ने कहा कि शहर की समस्याओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वह मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तय होनी चाहिए, चाहे अधिकारी किसी भी पद पर क्यों न हो। निरीक्षण में जोनल अधिकारी समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 5 मोबाइल चोर गिरफ्तार, चोरी के 16 फोन बरामद

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। कलक्टरगंज पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के पास से चोरी के 16 मोबाइल फोन व नकदी बरामद हुई है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों के नेटवर्क की भी जांच में जुटी है।

एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि कलक्टर थाना क्षेत्र में लगातार मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आ रहीं थी। इसके खुलासे के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सीपीसी कॉलोनी स्थित मॉल गोदाम के सामने छापेमारी कर पांच शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अजीत निवासी बांदा, हर्षित उर्फरु द्र प्रताप सिंह निवासी फतेहपुर, सोनू गुप्ता निवासी बांदा, करन वर्मा निवासी जालौन और शिवकुमार निवासी कोयला नगर है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों के मोबाइल चोरी करते थे और बाद में उन्हें बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 16 मोबाइल फोन और 5 हजार 990 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।


# दीक्षांत समारोह में 1,07,635 विद्यार्थियों को दी जाएगी डिग्री

**-मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय का 41 वां दीक्षांत समारोह 9 जुलाई को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित होगा। समारोह में 1,07,635 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस बार भी छात्राओं का दबदबा रहेगा। कुल 96 पदकों में 82 प्रतिशत पदक छात्राओं को मिलेंगे, जबकि पीएचडी की उपाधि पाने वाले 92 शोधार्थियों में भी छात्राओं की संख्या अधिक है।

दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के चेयरमैन और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश कुमार सिंह होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में



### नई परियोजनाओं का शिलान्यास

दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी होगा। इनमें पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग का नया भवन, खेल सुविधाओं का विस्तार, छात्रावास, पुनर्वास केंद्र, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन भवन, कन्वेंशन सेंटर और आधुनिक मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

मौजूद रहेंगे। कुलपति ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के 1,07,621 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। इनमें 57,298 छात्राएं और 50,323 छात्र हैं। विश्वविद्यालय परिसर के 3,208 विद्यार्थियों में भी छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। संबद्ध कॉलेजों में भी छात्राओं की भागीदारी 53 फीसदी से ज्यादा रही है। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 51 मेधावी छात्र-छात्राओं को कुल 96 पदक दिए जाएंगे।

इनमें 42 छात्राओं और 9 छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। 33 कुलाधिपति पदकों में 26 छात्राओं को सम्मान मिलेगा। 11 कुलपति पदकों में 10 छात्राएं शामिल हैं। 52 प्रायोजित पदकों में 28 छात्राओं को सम्मान मिलेगा। समारोह में 92 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 50 छात्राएं और 42 छात्र शामिल हैं।

# संस्कृति और समाज की रक्षा करने वाला असली सनातन-सांसद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** ब्राह्मण की आस्था सिर्फ और सिर्फ प्रभु श्री राम में थी। इसी धार्मिक आस्था के कारण वह भाजपा के साथ चला गया। इस लालची और अहंकारी भाजपा सरकार ने आज उसी पावन आस्था पर ही सबसे बड़ा आघात कर दिया है। सनातन पांडे सिर्फ नाम का ही सनातन नहीं है, बल्कि अपनी संस्कृति और समाज की रक्षा करने वाला असली सनातन है। उत्तर प्रदेश में अगर आज सबसे ज्यादा हत्याएं और अपराध हुए हैं, तो वो इसी तथाकथित सुशासन वाली भाजपा सरकार के राज में हुए हैं। यह बात बलिया के सांसद सनातन पांडे ने कही।

सोमवार को किदवई नगर विधानसभा में एक भव्य और विशाल ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया। एतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण शिरोमणि और बलिया सांसद सनातन पांडे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद व संयोजन किदवई नगर के प्रभारी सुधांशु मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सपा सांसद श्री पांडे ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यदि किसी भी ब्राह्मण या हमारे किसी भी समाजवादी कार्यकर्ता के साथ इस सरकार ने कोई भी अनहोनी या उत्पीड़न करने का दुस्साहस किया, तो मैं उस हर एक व्यक्ति के अधिकार के लिए ढाल बनकर खड़ा रहूंगा। मैं सांसद रहूं या ना रहूं, राजनीति के तमाम ऊंचे पदों तक पहुंच चुका हूँ, लेकिन आज मैं यहाँ आपके बीच आपका भाई बनकर खड़ा हूँ। इस सम्मेलन का नाम ब्राह्मण समाज के नाम पर रखा गया है, इसलिए आपको डरने या आपस में चिंता करने की रत्ती भर भी आवश्यकता नहीं है। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन नगरी और उनके भव्य मंदिर के निर्माण में हो रही चंदा चोरी के काले सच पर देश का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के साथ-साथ आम नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को भी




- आस्था और लोकतंत्र पर आघात कर रही भ्रष्ट भाजपा सरकार
- किदवई नगर विधानसभा में सपा ने आयोजित किया ब्राह्मण सम्मेलन

समाप्त कर रही है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कही जाने वाली मीडिया को वर्तमान भाजपा सरकार ने पूरी तरह से खत्म करने का कार्य किया है। आज सिर्फ मुट्ठी भर निष्पक्ष लोग और हमारे कुछ निर्भीक यूट्यूबर्स ही बचे हुए हैं, जो सच को जिंदा रखे हुए हैं और हमारी सही बातों को आप तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा हमारे ब्राह्मण समाज के पूर्वजों को सर्वोच्च सम्मान देने का ऐतिहासिक काम किया है और आज भी हमारे समाज के महान ब्राह्मण नेता और छोटे लोहिया, जनेश्वर मिश्र के दिखाए गए आदर्शों और सिद्धांतों पर पूरी निष्ठा से चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश और प्रदेश की भोली-भाली जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। चुनाव के वक्त किसानों से उनकी आय दोगुनी करने का झूठा वादा किया गया, जिससे भ्रमित होकर देश का किसान इनकी तरफ चला गया था, लेकिन आज वर्षों बीत जाने के बाद भी जब किसानों ने अपना हक और इंसाफ मांगा, तो इस दमनकारी सरकार ने बदले में उन्हें सिर्फ लाठियां, आंसू गैस और जेल की कालकोठरी दी। यही हाल इन्होंने नौजवानों और बेरोजगारों के साथ किया। युवाओं से नौकरी देने का सब्जबाग दिखाया गया। श्री पांडे ने कहा कि इंसान एक या दो बार किसी को मौका देता है, लेकिन जनता ने इन्हें जो तीसरी बार मौका दिया, उसका खामियाजा आज पूरा देश भुगत रहा है। इसी का नतीजा है कि इन्होंने आते ही सीधे हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जानलेवा हमला बोल दिया है। चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्था को पूरी तरह से अपने रिमोट कम्ट्रोल में कर लिया गया है, जो चुनाव पहले पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जाते थे, अब वो सरकारी तंत्र के दम पर डरा-धमका कर कराए जा रहे हैं। यह सरकार पूरी तरीके से तानाशाही पर उतारू है और विपक्ष को पूरी तरीके से समाप्त करने का घिनौना कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस भव्य सम्मेलन का उद्देश्य सिर्फ इतना ही था कि ब्राह्मण समाज के लोगों को उनके अधिकारों, उनकी ताकत और उनके हक के बारे में बताया और जगाया जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनीद्र शुक्ला, पूर्व सांसद राजाराम पाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक मोहम्मद हसन रुमी, पूर्व विधायक सतीश निगम, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन, आशीष चौबै, के के शुक्ल, रजत मिश्रा, शादाब आलम, मनोरमा त्रिवेदी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर



### समाधान दिवस में 271 आई शिकायतों में 7 का हुआ निस्तारण

**एसडीएम व तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें निस्तारण के दिए निर्देश**

घाटमपुर। सोमवार का आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में गर्मी के बावजूद फरियादियों की भीड़ रही। एसडीएम अविचल प्रताप सिंह व तहसीलदार अंकिता पाठक ने सुनी। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। कुल आई 271 शिकायतों में मौके पर सात का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में नर्वल तहसील के गुगुरा से पहुंची रानी पत्नी भोला प्रसाद ने एसडीएम को बताया कि उसने तहसील क्षेत्र हिरनी गांव में रिहायशी भूमि बैनामा कराकर ली थी। गांव के ही दबंग ने उसमें भूसा भरकर अवैध कब्जा कर लिया है। वहीं जगन्नाथपुर निवासी इंद्रजीत ने लेखपाल द्वारा गलत वरासत करने की शिकायत की। इसके अलावा कुल आई शिकायतों में राजस्व से संबंधित 110ए पुलिस की 44ए विकास विभाग की 39ए नगर पालिका की 16ए विद्युत विभाग की 18 आपूर्ति विभाग की 17 शिकायतों समेत अन्य विभागों की मिलाकर कुल 271 शिकायतें आईं। इनमें मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### बुजुर्ग का शव फांसी पर मिला झूलता

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के सर्देपुर मजरा गोपालपुर में नीम के पेड़ से 70 साल के बुजुर्ग का शव फांसी पर झूलता देख ग्रामीणों में हलचल मच गई। सोमवार को थाने पहुंचे अभिनय सिंह पुत्र मदन गोपाल यादव निवासी सर्देपुर मजरा गोपालपुर ने पुलिस को बताया कि उसके मामा बृजेश नारायण 70 पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम बरीपाल ने ग्राम गोपालपुर में खेत में खड़े नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। पुलिस द्वारा मामले की जांच के साथ शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेजा गया है।

### जहरीले सर्प के काटने से इकलौते बेटे की मौत से मचा कोहराम

**साढ़ क्षेत्र के सुखैयापुर गांव का मामला**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के सुखैयापुर मजरा कोरथा गांव में छत में लेटने गए युवक को बिस्तर में छिपे जहरीले सांप ने काट लिया आनन फानन परिजन उसे लेकर कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई परिवार के इकलौते बेटे की मौत से मां सहित बहन का रो रोकर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार सुखैयापुर निवासी स्व अवधेश पाल उर्फ पत्तर का इकलौता पुत्र अनूप 15 कल गांव में एक जन्मदिन समारोह में शामिल होकर करीब 11 बजे घर लौटा था जिसके बाद वह छत पर बिस्तर लगाकर सोने चला गया रात करीब 12 बजे उसे काले जहरीले सांप ने डस लिया कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए कानपुर के हैलेट अस्पताल ले गए जहां पर डाक्टरों ने भरसक प्रयास किया लेकिन सोमवार दोपहर इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई बताया जाता है कि अनूप परिवार का इकलौता बेटा था पिता का साया बीमारी के चलते पहले ही उठ चुका था पिता की मौत के बाद सारी उम्मीदें इकलौते बेटे अनूप में टिकी थी बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां सुधाए व छोटी बहन अंजली का रो रो का बुरा हाल था बेटे की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई हर किसी की आंखे नम हो गई वही ग्रामीणों ने बताया कि सांप काटने के बाद भी दो घंटे तक उसी चारपाई पर लेटा रहा जिसे ग्रामीणों ने एक टब के नीचे ढक दिया था।

### कुड़नी क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र की कुड़नी चौकी के मुसाफा मार्ग पर स्थित बंबी में अज्ञात युवक के शव की सूचना से सनसनी फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल शिनाख्त के प्रयास शुरू किए लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी पुलिस द्वारा शव को मोर्चरी भेजा गया। जानकारी के अनुसार साढ़ थाना क्षेत्र के सीमावर्ती अरंजराय गांव के बाहर बंबी में अज्ञात शव देख ग्रामीणों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर शव के शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई चौकी इंचार्ज रोहित ने बताया कि शव की उम्र करीब 40 वर्ष है जो सफेद रंग की बनियान और काले रंग का लोवर पहने था शव को पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेज दिया गया पहचान के लिए जानकारी जुटाई जा रही है।

### संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

हमीरपुर। आज जनपद हमीरपुर की तहसील सभागार सरीला में आयोजित ÷सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ के अवसर पर जिलाधिकारी हमीरपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही जमीनी विवादों के प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सरीला, क्षेत्राधिकारी सरीला भी उपस्थित रहे।

### समन्वय जूनियर बालक वर्गीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु 7 जुलाई को

हमीरपुर। जिला खेल कार्यालय, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल, चित्रकूट के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक वर्गीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 जुलाई, 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम, चित्रकूट में किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल 07 जुलाई, 2026 को प्रातः 11रू00 बजे जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, हमीरपुर में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय चयन में चयनित खिलाड़ी 08 जुलाई, 2026 को प्रातः 11रू00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम, चित्रकूट में आयोजित मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उप क्रीड़ाधिकारी ने जनपद के सभी पात्र जूनियर बालक वर्ग के बॉक्सिंग खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक खेल सामग्री एवं अभिलेखों के साथ जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, हमीरपुर में उपस्थित होकर चयन ट्रायल में प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रदेश स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए अधिक से अधिक खिलाड़ी इसका लाभ उठाए।

### मूंगफली को बढ़ावा देने के लिए 400 हेक्टेयर में होगा प्रदर्शन

भरुआ सुमेरपुर। धान की फसल की जगह कृषि विभाग ने मूंगफली की फसल को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक की 30 पंचायत के 400 किसानों के मध्य 400 हेक्टेयर में प्रदर्शन करेगा। अभी तक 165 किसानों को बीज मुहैय्या करा दिया गया है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी राहुल कुमार एवं कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित शुक्ला ने बताया कि धान की जगह मूंगफली की फसल को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने ब्लॉक की 30 पंचायत के 400 किसानों के मध्य 400 हेक्टेयर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक की ग्राम पंचायत कैथी,बांक, इंगोहटा बंडा,बांकी,मुंडेरा, छानी खुर्द छानी बुजुर्ग सहित 30 पंचायत में इसका प्रदर्शन होगा। अभी तक 400 में से 165 किसानों को बीज उपलब्ध करा दिया गया है। इस सप्ताह में शेष किसानों को बीज उपलब्ध कराकर इसकी व्यापक खेती कराई जाएगी।

## केबल जोड़ते समय करंट से युवक की मौत

**बिना शटडाउन पोल पर चढ़ाया, जेई ने माना काम अवैध था'**



**बिधनू** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के नगवा के गुलाबपुर गांव में सोमवार सुबह बिजली के पोल पर केबल जोड़ते समय 19 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद संविदा लाइनमैन और उपभोक्ता मौके से फरार हो गए। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने लाइनमैन समेत 4 लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। कंठोंगर गांव निवासी बृज किशोर सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा अनुराग सिंह उर्फ छोटू धोबिनपुरवा निवासी संविदा लाइनमैन शुभम के साथ काम करता था।सोमवार सुबह करीब 9रू30 बजे लाइनमैन शुभम राजपूत के साथ वह काम कर रहा था। आपसी बातचीत के बाद जब मेरा बेटा खंभे पर चढ़ा था तो लाइनमैन ने कहा लाइन बंद है। तार पकड़ते ही मेरा बेटा करंट से चिपक गया और नीचे गिरकर उसकी मौत हो गई। पिता ने तहरीर में शुभम राजपूतए लवकुश कुशवाहाए विपुल प्रताप सिंह और महेश चंद्र सिंह को नामजद करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर 6 जुलाई 2026 को दी गई। आरोप बिना शटडाउन चढ़ाया पोल पर परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन ने अनुराग को बताया था कि शटडाउन ले लिया गया है। पुराने कनेक्शन का मीटर नए मकान में बिना विभागीय अनुमति के स्थानांतरित किया जा रहा था। घटना के बाद लाइनमैन शुभम राजपूत और उपभोक्ता लवकुश कुशवाहा परिवार समेत फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया।

परिवार का इकलौता सहारा था अनुराग मृतक की मां रेखा ने बताया कि बड़ा बेटा मानसिक रूप से बीमार है। अनुराग ही घर की आजीविका चलाता था। उसकी मौत से परिवार पर संकट आ गया है। थाना प्रभारी सेन पश्चिम पारा प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के जेई भारू अरविंद कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि काम अवैध रूप से किया जा रहा था। बिना शटडाउन लिए लाइन जोड़ने से हादसा हुआ। दोषी पाए जाने पर संबंधित लाइनमैन और कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

## जन्मदिन से ठीक पहले नर्सिंग छात्रा ने लगाई फांसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो बिठूर** जिस घर में कुछ दिनों बाद बेटी के 20वें जन्मदिन की खुशियां मनाई जानी थीं वहां अब सिर्फ चीख पुकार और मातम का सन्नाटा है। बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना बगदौधी बांगर इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हर आंख नम हो गई जब एक होनहार नर्सिंग छात्रा का शव उसके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। आगामी 13 जुलाई को आशिया का जन्मदिन था लेकिन जिंदगी की सालगिरह मनाने से ठीक पहले ही उसने मौत को गले लगा लिया। मूल रूप से कुशीनगर जिले के ग्राम कोईंदी बुजुर्ग थाना तमकुहीराज निवासी 19 वर्षीय आशिया खातून पुत्री जाकिर हुसैन रामा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह मंधना में एक कमरा किराए पर लेकर अपनी आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोए पढ़ाई कर रही थी। सोमवार सुबह जब काफी देर तक आशिया के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। जब उन्होंने रोशनदान से अंदर झांका तो उनके होश उड़ गए। अंदर आशिया का शव छत के पंखे से चुनरी के सहारे लटका हुआ था। छात्रा की मौत की खबर जैसे ही कुशीनगर में रहने वाले उसके परिजनों और सहपाठियों को मिली हर तरफ कोहराम मच गया। रो रोकर परिजनों का बुरा हाल है। दोस्तों को यकीन नहीं हो रहा कि हमेशा हंसती खिलखिलाती रहने वाली आशिया ऐसा आत्मघाती कदम उठा सकती है। आशिया के दोस्त रोते हुए बताते हैं कि वे सब उसके जन्मदिन की तैयारी की सोच रहे थे लेकिन किसे पता था कि बधाई देने से पहले ही यह मनहूस खबर आ जाएगी। नियति के इस क्रूर मजाक ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। सूचना मिलते ही बिठूर थाना प्रभारी एवं मंधना चौकी प्रभारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जिसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मृतका का मोबाइल और अन्य सामान जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया है ताकि मौत के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके।बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है। शुरुआती तौर पर मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की हर एंगल से बारीकी से जांच की जा रही है। सोचिए जो बेटी कुछ दिन बाद अपने जीवन का एक और साल पूरा करने वाली थी वो अचानक इस दुनिया से रुखसत हो गई। पुलिस अब आशिया के मोबाइल कॉल डिटेल्स और मैसेज खंगाल रही है ताकि यह साफ हो सके कि आखिर 13 जुलाई के जश्न से पहले ऐसा क्या हुआ जिसने आशिया को मौत के रास्ते पर धकेल दिया।

## गुण्डा टैक्स न देने पर युवक को मिली जान से मारने की धमकी

युवक ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई रिपोर्टए25 हजार मांगने का लगाया आरोप

घाटमपुर। कस्बे के कूष्मांडा नगर वार्ड निवासी एक युवक से गुंडा टैक्स मांगने उसने शीतलपुर राहा निवासी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कई गम्भीर आरोप लगाए हैं। संकीर्त शुक्ला पुत्र श्री दीप नारायण शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि शीतलपुर राहा निवासी श्याम भदौरिया पुत्र स्व0 शिवलाखन सिंह भदौरिया द्वारा 03 जुलाई 2026 को जब वह अपने आफिस में काम में व्यस्त थाए तभी आरोपी आफिस में पहुंचकर गाली गलौज करते हुए उससे से 25ए000ध्. रूपये की मांग करने की न देने पर जान से मारने की धमकी दीए उक्त घटना को कई लोगों ने देखा व सुना भी। जिसका लिखित प्रार्थनापत्र देने वह थाने जा रहा था। आरोपी ने अपने कुछ जानकार लोगों को भेजकर मामले को रफा दफा करा दिया। 5 जुलाई को जब वह घर में था शाम के 7 बजकर 57 मिनट पर श्याम भदौरिया द्वारा फोन करके धमकी दी गयीए होश में आओ कहते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। उसके द्वारा कारण पूछने पर 25 हजार की मांग की तब उठ ने पूर्व में लिये हुए पैसे न वापस करने की बात कहीए दबंग आरोपी व्यक्ति द्वारा स्पष्ट किया गया वो पैसा भूल जाओ। आज हमको तुमसे 25 हम रूपये चाहियेए प्रार्थी के मना करते ही गाली गलौज शुरू कर दी और धमकी दी कि तुम्हारे अस्लाहा ले के बैठे हैं या 25 हज रूपये दोगे या जान से हाथ धो बैठोगेए तुम्हारे घर के गली के बाहर तुम्हारा इन्तेज़ार कर रहे हैं। उसने देहशत में आकर फोन काट दियाए उक्त व्यक्ति द्वारा लगभग 8 बार फोन किया गयाए प्रार्थी सूचना दे रहा है कि श्याम भदौरिया उस को किसी भी समय रूपये वापस मांगने व मांगी गई रकम ना देने के चक्कर में जान से मार देगा खुली धमकी दी गयी है।

## अधूरी पुलियां बनीं मौत का जाल जिम्मेदार विभाग बेखबर

**मंधना बिठूर मार्ग पर महीनों से लटका निर्माण न बैरिकेटिंग न चेतावनी बोर्ड हर सफर बना जानलेवा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो बिठूर** मंधना बिठूर मार्ग पर निर्माणाधीन पुलियां अब विकास का नहीं बल्कि लापरवाही का प्रतीक बन चुकी हैं। महीनों से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य और सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी राहगीरों की जान से खिलवाड़ कर रही है। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति मौत के साये में सफर करने को मजबूर है लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। मार्ग पर चार स्थानों पर पुलिया निर्माण का काम अधूरा पड़ा है। सड़क के बड़े हिस्से की खुदाई कर आधा अधूरा निर्माण कर छोड़ दी गई है जिससे पूरा यातायात एक ही लेन पर सिमट गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि अधिकांश स्थानों पर न मजबूत बैरिकेडिंग है न चेतावनी बोर्ड और न ही रात के समय प्रकाश की कोई व्यवस्था। अंधेरे में यह रास्ता दोपहिया वाहन चालकों के लिए मौत का जाल बन जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन पुलियां में गिरकर कई बाइक सवार घायल हो चुके हैं। कुछ हादसे गंभीर रहे हैं और हाल ही में एक युवक की जान भी इसी लापरवाही की भेंट चढ़ गई। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत तक महसूस नहीं की। मंधना से गंगाबैराज मार्ग तक सड़क पर बिखरी गिट्टी और बजरी भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रही है। तेज रफ्तार वाहनों के पहियों से उछलने वाली गिट्टियां बाइक और साइकिल सवारों को घायल कर रही हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण वाहन फिसलने और टकराने का खतरा लगातार बना हुआ है।

बिठूर रोड स्थित वाटर पार्क पहुंचे एक यात्री ने बताया कि खुदाई के चलते कई जगह केवल एक लेन से ही वाहन निकल पा रहे हैं। सामने से भारी वाहन आने पर लंबा जाम लग जाता है और आमने सामने की टक्कर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए मांग की है कि पुलिया निर्माण का कार्य तत्काल युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। साथ ही जब तक निर्माण पूरा नहीं हो जाता तब तक सभी स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग रिफ्लेक्टर चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदार नहीं चेते तो यह लापरवाही किसी और परिवार का चिराग बुझा सकती है।

## डी0एस0एम0 पब्लिक स्कूल में फ्रूटी पार्टी का आयोजन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शुकलागंज ;उन्नाव** भीषण गर्मी के बीच बच्चों को खुशी और मनोरंजन का अनुभव कराने के उद्देश्य से डीएसएमण् पब्लिक स्कूल में आज छात्रों के लिए विशेष ष्फ्रूटी पार्टीष् का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना तथा पढ़ाई के साथ.साथ उनके मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था । इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग.बिरंगे गुब्बारों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया । प्री.प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के बच्चों को फलों का राजा आम खिलाया गया तथा ठंडी.ठंडी फ्रूटी वितरित की गई । अपने पसंदीदा फल और फ्रूटी पाकर बच्चों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला । कार्यक्रम के दौरान बच्चों को आम के पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक गुणों की जानकारी भी दी गई । मनोरंजन के लिए संगीत एवं नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें कश्वी निहिर निहान्शए सावि अदिति वामिका विनायक सक्षम दिव्यांश सांवि सहित अनेक बच्चों ने फिल्मी एवं बाल गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीता सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ बच्चों के मानसिक विकास रचनात्मकता और मनोरंजन के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं । ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आपसी मेलजोल आत्मविश्वास और सामाजिक भावना को भी विकसित करते हैं । कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अवनीश शुक्ला ने बच्चों को फलों का राजा आम के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीने और मौसमी फलों का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी ।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुआ पौधारोपण का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शुक्लागंज ;उन्नाव** आज गंगाघाट भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के 92 बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्पांजलि और हर बूथ पर एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक बूथ अध्यक्षों के द्वारा लगाया गया । श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर गंगाघाट के जगनी खेड़ा शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 391 बूथ अध्यक्ष सनी गुप्ता एवं सेक्टर संयोजक दुर्गेश के साथ गंगाघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद शुक्ला ने मने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्मदिन का महोत्सव । कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी कि आज हम लोग 125 में जन्म जयंती के समारोह पर व्यक्त कियाए यह कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर पूरा भारत वर्ष मना रहा है पूरे भारतवर्ष में आज हर बूथ पर एक पेड़ मां के नाम लगाया जा रहा है आज हम सब यहाँ माँ भारती के एक सच्चे सपूतए शिक्षाविद और अखंड भारत के महान स्वप्नदृष्टा डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने और उनके विचारों को याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं।डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। वे केवल 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। कार्यक्रम के दौरान बूथ अध्यक्ष शनि गुप्ताए सेक्टर संयोजक दुर्गेश गुप्ता भाजपा नेता प्रदीप वर्मा योगी सोनू सविता नीरज सिंह चंदेल अमन कुमार झा हरिराम लक्ष्मी शंकर पांडे सहित आदि लोग उपस्थित रहे ।

## विद्युत करेंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**कुरारा,हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के कंडोर गांव में विद्युत करंट कि चपेट में आकर अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी तब पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुरारा क्षेत्र के कंडोर गांव निवासी कालका यादव 55 वर्ष पुत्र जगन्नाथ खेती करताथा। बीती रात वह घर में विद्युत करंट की चपेट में आ गया। तथा मौके पर उसकी मौत हो गई। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिली। तब थाना पुलिस को जानकारी दी। तब पुलिस ने गांव जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के एक पुत्र तथा तीन पुत्रियां है। जिनमें दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## मानसून की सुस्त रफ्तार से खरीफ की बुवाई अटकी

भरुआ सुमेरपुर। मानसून की सुस्त रफ्तार ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी है। पर्याप्त बारिश अभी तक नहीं होने से किसान खरीफ की फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहा है। किसानों के मुताबिक 15 जुलाई तक प्रत्येक दशा में खरीफ की फसलों की बुवाई हो जानी चाहिए लेकिन यह संभव नजर नहीं आ रहा है। किसान रात दिन खरीफ की फसले बोने की तैयारी में जुटा हुआ है। बुंदेलखंड का किसान खरीफ में तिल, ज्वार, अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन, कोदौं, मूंगफली, बाजरा आदि की फसल प्रमुखता के साथ बोता है। इनकी बुवाई अभी तक नगण्य है। किसान उदयभान यादव, धीरेंद्र सिंह, राजकुमार, सुरेश यादव, राजू यादव, मेवालाल विश्वकर्मा, संतराम श्रीवास, रामेश्वर वर्मा, देवीदीन कुटार, स्वामीदीन, भूपेंद्र यादव आदि ने बताया कि अभी तक बुवाई लायक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। इससे किसान खरीफ की फसले नहीं बो पा रहा है। पर्याप्त बारिश के बाद ही किसान खरीफ की फसले बो सकेगा। किसानों को मानसून की एक तेज बारिश का इंतजार है। किसान खरीफ की फसले होने के लिए खाद बीज का इंतजाम करने में जुटा हुआ है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने वृक्षारोपण कर किया वन महोत्सव का शुभारंभ

भरुआ सुमेरपुर। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत वन रेंज कार्यालय में वृक्षारोपण का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया।

वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इसी आयोजन के तहत सोमवार को वन रेंज कार्यालय में रेंजर द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने वृक्षारोपण करके वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा, वन दरोगा अमित कुमार, वनरक्षक अनूप कुमार, भगवानदीन प्रजापति, वीरू, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## कारगिल युद्ध लड़ चुके हवलदार सेवा से वापस आये घर

भरुआ सुमेरपुर। तीन दशक भारतीय सेना में देशसेवा करके वापस घर आये कारगिल युद्ध के योद्धा हवलदार देवीसिंह यादव का ग्रामीणों और पूर्व सैनिकों ने माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने 1988 में सेना के फाइटिंग फोर्स, ग्रेनेडियर ग्रुप में 18 वर्ष तक पाकिस्तानियों से मुकाबला सहित 1999 के कारगिल युद्ध में अपनी वीरता का प्रमाण दिया। उनके अनुज पूर्व सैनिक व प्रवक्ता श्यामबली सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने देश सेवा मे अपने जीवन का सबसे अधिक समय दिया। इन्ही की प्रेरणा से कुण्डौरा गांव के युवाओं में सेना के प्रति दिलचस्पी बढी। उन्होंने बताया कि आसपास के युवाओं के लिए गांव मे ही जिम खोलकर युवाओं को नियमित, योगा, व्यायाम कराके उन्हें जीवन में फिटनेस की महत्ता के लिये जागरुक करेगें। इस दौरान तमाम पूर्व सैनिकों ने आकर अपना आशीर्वाद दिया। रात्रिभोज का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान अवधेश यादव, जगबीर यादव उर्फ भोला फौजी, सुन्दर लाल यादव, इन्द्रपाल यादव सहित अनेक सेवानिवृत्त सैनिक उपस्थित रहे।

## जिला कार्यकर्ता सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का लिया संकल्प

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी, हमीरपुर द्वारा आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आज हिमांशु रिसॉर्ट, राठ रोड, विवार में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जी विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा आशारानी कबीर, एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों, तथा बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडलअध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संगठन निष्ठ जीवन ,संगठन की मजबूती, सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुँचाने के लिए पूर्ण समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। सम्मेलन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

आज के कार्यक्रम में प्रीतम सिंह किसान लक्ष्मीनारायण दादा रामदेव सिंह केके व्यास , संजय दीक्षित , अम्बरीस कुमारी, साधना सिंह , आशारानी कबीर , शिवेंद्र सिंह मानू , नरविन्द सिंह , अभिषेक तिवारी, कृष्णकुमार बंटी, रवि सोनी अंकित चंदेल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की गई।

## किसान मजदूर यूनियन ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के पदाधिकारियों ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने सिंचाई के लिए नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा जर्जर सड़कों के निर्माण सहित कई प्रमुख मांगें उठाईं।

## संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, बांगरमऊ, हसनगंज और पुरवा में 838 शिकायतें दर्ज

**जिलाधिकारी ने राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश, जनसमस्याओं के समाधान पर रहा जोर**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। जिले की तहसीलों में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। तीनों तहसीलों में कुल 838 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 137 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

बांगरमऊ में डीएम ने सुनीं शिकायतें

बांगरमऊ तहसील सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 336 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सर्वाधिक 122 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। अधिकारियों ने मौके पर 42 शिकायतों का निस्तारण किया।समाधान दिवस के दौरान नगर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता ने सराय टोला मोहल्ले में बिजली के खंभों पर लटक रहे खुले तारों से दुर्घटना की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल केबिल बिछाने के निर्देश दिए।

ग्राम मुसैखेड़ा निवासी दिव्यांग महेंद्र ने पेंशन एवं विद्युत चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग की, जबकि व्यापारी सूरज ने फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम की समस्या उठाई। ग्राम तमोरिया बुजुर्ग निवासी अधिवक्ता विपुल ने विद्यालय तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण तथा सराय फतेहपुर चैरासी निवासी कैलाश शंकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मनरेगा मजदूरी भुगतान न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला, सीओ हर्ष मोदी, तहसीलदार साक्षी राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हसनगंज में 295 शिकायतें, 15 का मौके पर निस्तारण

हसनगंज तहसील में मुख्य विकास अधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने समाधान दिवस की अध्यक्षता की। यहां कुल 295 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

कोट झलोतर गांव में होली स्थल की भूमि पर निर्माण कराए जाने की शिकायत पर एसडीएम ने अजगैन पुलिस को तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने और राजस्व विभाग को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।विभागवार शिकायतों में राजस्व विभाग की 120, पुलिस की 51, विकास की 47, विद्युत की 19 तथा अन्य विभागों की 58 शिकायतें शामिल रहीं। समाधान दिवस के दौरान औरास, मियागंज, हसनगंज एवं नवाबगंज सीएचसी के प्रभारी अनुपस्थित मिले, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुरवा में 207 शिकायतें, 61 का निस्तारण

पुरवा तहसील में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) की अनुपस्थिति में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने शिकायतें सुनीं। यहां 207 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 61 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।मुरैठा नवीन गांव निवासी बच्चन ने किसान दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत उनकी मां की मृत्यु के बाद सहायता राशि का भुगतान लंबित होने की शिकायत की। अधिकारियों ने मामले की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में एसडीएम न्यायिक शालिनी सिंह, प्रभारी तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी लंबित शिकायतों का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## राजकीय महाविद्यालय लोटना में एक पुस्तक पढ़ें अभियान का आयोजन, छात्राओं को पठन संस्कृति अपनाने का संदेश

**-पुस्तक पठन के बाद हुई सामूहिक चर्चा, अध्ययन की आदत विकसित करने पर दिया गया जोर**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) मौरावा उन्नाव।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देशन एवं महामहिम राज्यपाल की प्रेरणा से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय लोटना में एक पुस्तक पढ़ें अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करना, नियमित पठन-पाठन की आदत को बढ़ावा देना तथा ज्ञान के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत एवं प्रवेश प्रभारी डॉ. पुष्कर मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी एवं एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डॉ. विकास कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तकें केवल परीक्षा की तैयारी का माध्यम नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, विचारों की परिपक्वता और ज्ञानवर्धन का सबसे प्रभावी साधन हैं। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. लोकेश्वर सिंह, डॉ. नीलिमा, डॉ. गोविंद त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश मिश्रा, प्रयोगशाला सहायक अनुज, धीरेंद्र बहादुर तथा आरती ने छात्राओं को पुस्तकों के महत्व और पठन संस्कृति पर अपने विचार साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने एक पुस्तक पढ़ने और उससे प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

पुस्तक पठन के बाद सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए और पुस्तकों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण एवं बौद्धिक विकास पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का समापन रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी डॉ. कैलाश चंद यादव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वन महोत्सव सप्ताह 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

**-तकिया निगोही वृद्धाश्रम में पर्यावरण गोष्ठी आयोजित, वृक्ष संरक्षण और हरित पर्यावरण का दिया संदेश**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को बांगरमऊ रेंज के तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम में पर्यावरण गोष्ठी एवं वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

विधायक बंबालाल दिवाकर ने अपनी माता की स्मृति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृद्धाश्रम परिसर में पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है और हमारा पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन और पर्यावरण के संरक्षण का आधार हैं।

पौधरोपण के बाद आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में वक्ताओं ने बढ़ते पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन और हरित आवरण बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के चेयरमैन एस.एन. पाण्डेय, प्रबंधक पी.एन. सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज कुमार विद्यार्थी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पी.के. सिंह एवं राजीव कुमार, वन दरोगा अवधेश कुमार अवस्थी, वन रक्षक विपिन कुमार और राजकुमार, दिलीप कुमार तिवारी, सुरेश चंद्र सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज कुमार विद्यार्थी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता को आवश्यक बताया।

## पहली बारिश से खिले किसानों के चेहरे, धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार




**दो माह की तपिश के बाद मानसून की फुहार बनी राहत, खेतों में बढ़ी नमी से जगी बेहतर उत्पादन की उम्मीद**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव।** मार्च-अप्रैल में गेहूं की कटाई के बाद करीब दो माह तक भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे किसानों को मानसून की पहली अच्छी बारिश ने बड़ी राहत दी है। क्षेत्र में हुई वर्षा से खेतों में नमी बढ़ गई है और धान की रोपाई का कार्य तेज हो गया है। बारिश के साथ ही किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई है।

गेहूं की फसल कटने के बाद अधिकांश खेत सूखे पड़े थे। पर्याप्त वर्षा न होने से किसान धान की खेती शुरू नहीं कर पा रहे थे। कई किसानों को नहरों में पानी छोड़े जाने का इंतजार था, जबकि कुछ किसान महंगे डीजल से इंजन चलाकर सिंचाई करने को मजबूर थे। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक वर्षा का कोई विकल्प नहीं है और समय पर होने वाली बारिश ही खेती की असली आधारशिला है। क्षेत्र के लगभग 50 प्रतिशत किसानों ने पहले ही धान की नर्सरी (बेड) तैयार कर ली थी और वे रोपाई शुरू करने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे थे। वहीं, कुछ किसानों ने शुरुआती रोपाई भी शुरू कर दी थी। अब लगातार हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनने लगी है, जिससे धान की रोपाई ने गति पकड़ ली है।

किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मानसून इसी तरह सक्रिय रहा और समय-समय पर अच्छी वर्षा होती रही तो धान की फसल बेहतर होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि की पूरी संभावना है। उनका मानना है कि खेती में मेहनत जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण समय पर होने वाली बारिश भी है। मानसून की इस शुरुआत ने क्षेत्र के किसानों में अच्छी फसल और बेहतर आमदनी की नई उम्मीद जगा दी है।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, दो माह से चल रहा था फरार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले करीब दो माह से वांछित चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, दो माह पूर्व गांव निवासी एक मंदबुद्धि युवती के साथ गांव के ही गोलू उर्फ अनुज ने दुष्कर्म किया था। घटना के बाद पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने भगतखेड़ा स्थित शराब ठेके के पास घेराबंदी कर आरोपी गोलू उर्फ अनुज को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे थाने लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। जांच अधिकारी दारोगा राजेश यादव ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## संदाना स्वास्थ्य केंद्र पर लटकी स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टर-फार्मासिस्ट के बिना लौटे मरीज



**-50 हजार आबादी की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, दवा लेने उन्नाव गए थे फार्मासिस्ट, सीएचसी अधीक्षक ने की पुष्टि**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हसनगंज के अंतर्गत आने वाला संदाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर सवालों के घेरे में है। सोमवार को इलाज कराने पहुंचे मरीजों को डॉक्टर तो दूर, फार्मासिस्ट भी नहीं मिले। घंटों इंतजार के बाद कई मरीज बिना उपचार कराए ही मायूस होकर घर लौट गए।

करीब 50 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले इस स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति और कर्मचारियों की कमी की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी डॉक्टर नहीं मिलते तो कभी पूरा केंद्र केवल फार्मासिस्ट के भरोसे चलता है। सोमवार को फार्मासिस्ट भी मौजूद नहीं थे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित रहीं।

स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मरीजों ने कर्मचारियों से जानकारी की तो बताया गया कि फार्मासिस्ट अनिल नागर सीएमएसडी से दवाएं लेने उन्नाव गए हैं। उनके लौटने तक मरीज इंतजार करते रहे, लेकिन कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने से कई लोगों को बिना इलाज वापस लौटना पड़ा। क्षेत्र निवासी अरुण, ज्ञानेंद्र और पुरुषोत्तम ने बताया कि संदाना स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। उनका कहना है कि जिम्मेदार कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को हर बार परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता का खामियाजा पूरे क्षेत्र की लगभग 50 हजार आबादी भुगत रही है।फार्मासिस्ट अनिल नागर ने बताया कि वह सीएमएसडी से दवा लेने उन्नाव गए थे। वहीं, सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन श्रीवास्तव ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जानकारी करने पर पता चला है कि फार्मासिस्ट दवाएं लेने गए हैं।

हालांकि, सवाल यह उठता है कि जब स्वास्थ्य केंद्र से जिम्मेदार कर्मचारी बाहर जाएं तो मरीजों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की जाती। यदि यही स्थिति बनी रही तो ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती बना रहेगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा का संस्मरण पखवाड़ा, बूथों पर हुए विविध कार्यक्रम



**-श्रद्धांजलि सभा के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण, कार्यकर्ताओं ने याद किए राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के योगदान**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर जनपदभर में संस्मरण पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक श्रद्धांजलि सभाएं, विचार गोष्ठियां और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवाद, अखंड भारत का संकल्प और जनसेवा का आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संस्मरण पखवाड़े का उद्देश्य उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में सरोज सिंह चैहान, नूतन सिंह, आशीष बाजपेयी, मनीष जायसवाल, आनंद अवस्थी, अनिल कुशवाहा, नवीन सिंह, सुशील तिवारी, कमल बाजपेयी, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, सुरेंद्र लोधी, उदय प्रताप सिंह और दीपांकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में किए गए कार्यों और उनके बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

संस्मरण पखवाड़े के तहत जिले के सभी मंडलों और बूथों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित बूथों का प्रवास कर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। विधायक अनिल सिंह ने भी अपनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 पौधे लगाए गए। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि सभी बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटो सरल ऐप पर अपलोड कर संगठन को भेजे गए, जिससे कार्यक्रमों की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## संभव अभियान की जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी, कुपोषण मुक्त समाज का लिया संकल्प



**गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पर रहेगा विशेष जोर**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) द्वारा संचालित श्संभव अभियानश् के तहत सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। तहसील परिसर से जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों तथा छह वर्ष तक के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि एक जुलाई से शुरू हुआ श्संभव अभियानश् तीन माह तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य कुपोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों और छह वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। डीएम ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, एनीमिया की रोकथाम, संतुलित एवं पौष्टिक आहार तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने आईसीडीएस विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संचालित करें, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंच सके। रैली में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## हजरत मखदूम शाह सफी शाह विलायत का उर्स अकीदत के साथ संपन्न, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ

**-कव्वाली की महफिल में झूमे अकीदतमंद, हजारों लोगों ने लंगर में किया प्रसाद ग्रहण**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** सफीपुर मे हजरत मखदूम शाह सफी शाह विलायत रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स सोमवार को धार्मिक आस्था, भाईचारे और सूफियाना माहौल के बीच संपन्न हो गया। उर्स के दूसरे दिन बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और जायरीन ने दरगाह पहुंचकर मजार पर चादर और फूल पेश किए तथा मुल्क में अमन, खुशहाली और इंसानियत की तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। सुबह सात बजे लंगर-ए-सफवी की शुरुआत हुई, जो देर रात तक लगातार चलता रहा। इस दौरान धर्म और जाति से ऊपर उठकर हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर लंगर ग्रहण किया। पूरे आयोजन में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।

जोहर की नमाज के बाद दरगाह के समा खाना में उर्स की मुख्य महफिल का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन साहबजादे समदी मियां हजरत अफीफ मोहम्मद फारूकी सफवी ने किया। इसके बाद देश के विभिन्न हिस्सों से आए कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर महफिल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कव्वालियों पर अकीदतमंद देर तक झूमते रहे।

महफिल में दिल्ली, खैराबाद, रुदौली, जरीठा शरीफ, लखनऊ सहित विभिन्न खानकाहों के सज्जादानशीनों और सूफी संतों ने शिरकत की। उनकी मौजूदगी से आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। सफीपुर के वकील अहमद खलीली, नियाज खादमी सहित अन्य सम्मानित सज्जादागान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। महफिल का समापन हजरत मौला अली की शान में प्रसिद्ध कलाम मन कुन्तु मौला... की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद उलमा-ए-किराम ने पवित्र कुरआन की तिलावत की और वारिस-ए-मसनद शाह सफी हजरत अफजाल मोहम्मद फारूकी ने समापन दुआ कराई। दुआ में देश की खुशहाली, अमन-चैन, आपसी सौहार्द और समस्त मानवता के कल्याण की कामना की गई। मगरिब की नमाज के बाद फातेहा-ए-खास का आयोजन साहिब-ए-सज्जादा हजरत नवाजिश मोहम्मद फारूकी एवं हजरत अफजाल मोहम्मद फारूकी के दौलतखाना में हुआ। जामिया सफविया के छात्रों और हाफिज-ए-किराम ने कुरआन शरीफ की तिलावत की। इसके बाद आयोजित लंगर में दूर-दराज से आए मेहमानों और जायरीन ने प्रसाद ग्रहण किया।शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुए उर्स के दूसरे दिन के सभी धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। आयोजकों ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## हाईवे पर टायर पंचर होते ही पलटा ई-रिक्शा, भाई समेत दो बहनें घायल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोमवार दोपहर टायर पंचर होने से एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में भाई समेत दो बहनें घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। झारखंड के मनकोह थाना क्षेत्र के जारकन गांव निवासी संजय (25) अपनी बहन मंगली (30) और उसके बच्चों महावीर, छोटू व विकास के साथ अजगैन क्षेत्र के कीर्तिखेड़ा गांव में रहने वाली अपनी दूसरी बहन सीमा के घर आए थे। सोमवार दोपहर संजय, मंगली और सीमा बच्चों के साथ ई-रिक्शा से अजगैन रेलवे स्टेशन जा रहे थे। मिश्रीगंज गांव के पास लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचानक ई-रिक्शे का टायर पंचर हो गया। टायर फटते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में संजय, मंगली और सीमा घायल हो गए, जबकि ई-रिक्शा में सवार बच्चे तथा चालक रामनरायन निवासी जालिमखेड़ा सुरक्षित बच गए।सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया। चिकित्सकों ने संजय और मंगली की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि सीमा का उपचार सीएचसी में किया।

## नगर के पांच स्थानों पर हाईमास्ट लाइटों का लोकार्पण, रात में रोशन होंगे प्रमुख चैराहे



**-पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने कहा- चरणबद्ध तरीके से पूरे नगर में मजबूत होगी प्रकाश व्यवस्था**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव ने शहर की रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए विभिन्न वार्डों में स्थापित पांच नई हाईमास्ट लाइटों का लोकार्पण किया। पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने फीता काटकर हाईमास्ट लाइटों का शुभारंभ किया और उन्हें नगरवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा श्भानूश् सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

लोकार्पित हाईमास्ट लाइटें वार्ड आदर्श नगर स्थित वकीलों वाले रामलीला मैदान मोड़, आदर्श नगर नहर के पास, मोहल्ला गांधी नगर (सिंगरौसी) तथा पीडी नगर स्थित शिखा हॉस्पिटल मोड़ सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर स्थापित की गई हैं। इनके शुरू होने से इन क्षेत्रों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान चरण में पांच नई हाईमास्ट लाइटों की स्थापना की गई है, जबकि अगले चरण में नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे पूरे शहर की प्रकाश व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। निवर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा भानू ने कहा कि हाईमास्ट लाइटों की स्थापना केवल रोशनी की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और नगर के सुनियोजित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद जनहित के विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने नई हाईमास्ट लाइटों की स्थापना पर खुशी जताते हुए नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया। नागरिकों का कहना था कि प्रमुख स्थानों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था से सुरक्षा बढ़ेगी और नगर का स्वरूप भी अधिक व्यवस्थित एवं आकर्षक बनेगा। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद इससे पहले बाबूगंज, राजेपुर, आवास विकास बी-ब्लॉक, शिव नगर और आईबीपी चैराहे सहित कई स्थानों पर भी हाईमास्ट लाइटें स्थापित कर रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को मजबूत कर चुकी है।

स्वतंत्र भारत

**यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

## बदलाव के लिए

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों में जबर्दस्त उलट फेर के बाद अब संसद के मानसून सत्र पर निगाहें टिक गई हैं। चुनाव परिणामों और उसके बाद की गतिविधियों से संसद में एनडीए के संख्या बल में बढ़ोतरी के बाद सत्र की गतिविधियों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। माना जा रहा है कि अपनी बढ़ी ताकत से उत्साहित मोदी सरकार कई अहम विधेयक इस सत्र में ला सकती है। इसी पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा 130वां संविधान संशोधन विधेयक लाने की उम्मीद है जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों को पांच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। यह सही है कि देश की राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मुद्दे पर लंबे समय से बातें होती रही हैं लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन सकी है कि केवल साफ छवि के लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। आज इस बात में कोई संशय नहीं कि देश की राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का बढ़ता दखल गंभीर समस्या बन चुका है। कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत तकनीकी जटिलताओं का फायदा उठा कर संसद या विधान सभाओं में कई बार ऐसे लोग भी चुन कर पहुंच जाते हैं जिन पर गंभीर व जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप लगा रहता है। जब ये बातें सामने आती हैं तब चिंता तो सभी दल जताते हैं लेकिन ऐसे लोगों को टिकट न देने की किसी भी दल में कोई इच्छाशक्ति नहीं होती। हैरत की बात यह है कि चुनाव आयोग भी इस मामले पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाता है। इसीलिए पिछले साल अगस्त में सरकार ने संसद में यह विधेयक पेश किया था पर विपक्ष की आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति बनी। हालांकि अपनी बात न सुने जाने का आरोप लगा कर विपक्ष समिति का बहिष्कार कर दिया था। अब विधेयक पर विचार करने के बाद यदि समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है तो मानसून सत्र में इसे फिर पेश किया जाएगा। वैसे भी सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही बढ़ाने से लेकर लोकतंत्र में नैतिकता सुनिश्चित किए जाने के लिए इस समय सख्त कानूनी प्रावधान की जरूरत है। लेकिन यह सावधानी भी बरतनी होगी कि नया कानून देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर विपरीत प्रभाव डालने वाला न हो। प्रस्तावित कानून में यह व्यवस्था भी स्पष्ट रूप से होनी चाहिए कि केवल किसी चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के इरादे से इसका दुरुपयोग न होने पाए। स्वस्थ दृष्टिकोण रखकर बना तो यह कानून देश की राजनीति में निश्चित रूप से गुणात्मक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## संगठित जालसाजी

पिछले दिनों लखनऊ के विभूति खंड में पकड़े गए फर्जी अंतर्राष्ट्रीय काल सेंटर के बारे में अब सामने आ रही जानकारियों से पता लगता है कि जालसाजी का काम भी कितने संगठित रूप से आपराधिक ढंग से खड़ा कर लिया जाता है। पकड़े गए एक सौ उन्नीस कर्मचारियों में स्थानीय लोग कम हैं और मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और असम के लोग अधिक हैं। इनकी जालसाजी का खास मकसद प्रौढ़ अमेरिकन नागरिकों को ठगना था जिनसे ये लोग अभी तक ढाई अरब रुपए वसूल चुके हैं। फोन पर अमेजन कंपनी के कर्मचारी बन कर झांसे का जाल फैलाने वाले ये साइबर ठग महीने में तनख्वाह और इंसेंटिव मिला कर एक से डेढ़ लाख रुपए तक कमा लेते थे। शक के दायरे से बाहर रहने और अपना हाई प्रोफाइल बनाए रखने के लिए ये लोग लखनऊ के महंगे पॉश इलाकों व होटलों में रहते थे। अपने शिकार का भरोसा जीतने के लिए ये खुद को अमेजन, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी गिरामी कंपनियों का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बताते थे। गिरोह के काम करने के शातिर तौर तरीकों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है विभूति खंड के ऑफिस से डेढ़ साल तक इनकी जालसाजी चलती रही लेकिन स्थानीय पुलिस और एलआईयू को इसकी भनक तक न लग सकी। संदेह की सुई से बचने के लिए ही गिरोह ने भारत नहीं बल्कि हजारों मील दूर अमेरिका में बैठे लोगों को शिकार बनाने का रास्ता चुना। अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से इतने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी किए जाने का लखनऊ में यह अपने आप में पहला बड़ा मामला भले ही हो पर इस संभावना से इंकार नहीं हो सकता कि छोटे या बड़े पैमाने पर इसी ढंग के अन्य जालसाजों ने भी अपना चला रखा हो। चूंकि शहर का तेजी के साथ विस्तार हो रहा है और व्यावसायिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं तो ऐसे काम किए जाने की कोशिशें संभव भी हो सकती हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**भारी बारिश के बावजूद नहीं भर पा रहे जलाशय**
जैसे करोड़ों रुपये खाकर भी नीयतें नहीं भरतीं!

**बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट पर मेटा को नोटिस**
एपस्टीन फाइल की चर्चा अमेरिका में जारी है!

**मुझे रोकना है तो मारना ही पड़ेगा-ममता बनर्जी**
दीदी की सुरक्षा अब केंद्र सरकार का सिरदर्द है!

**चढ़ावा चोरी के पापियों को सख्त सजा-भागवत**
चोरों को चाबी सौंपने वाले निर्दोष बने रहेंगे?

**मानसून सत्र में आ सकता है परिसीमन विधेयक**
समय रहते ही मन की मर्जी पूरी करनी चाहिये!

**सत्ताईस में जीत के रिकार्ड तोड़ेगी भाजपा-नबीन**
तोड़ने फोड़ने में भाजपा को महारत हासिल है!

♦♦♦

# दल-बदल कानून पर पुनर्विचार की जरूरत

**– संजय कुमार**

> पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो।

पश्चिम बंगाल में चल रहा राजनीतिक घटनाक्रम यह संकेत देता है कि दल-बदल विरोधी कानून पर आज फिर से विचार करने की आवश्यकता है. इसके पीछे कुछ कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है. पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नव निर्वाचित विधायकों में से दो-तिहाई से अधिक के दल-बदल करने और लोकसभा में भी तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई से अधिक सांसदों के दल-बदल कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआइ) में विलय कर लेने के बावजूद दल-बदल की वैधता पर बहस अगर जारी है, तो इसी से इस मामले की गंभीरता समझी जा सकती है. चुनावी नतीजा घोषित होने के बाद दल बदलने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित होंगे या नहीं, इस पर सवाल उठ रहे हैं।


प्रश्न यह भी उठ रहा है कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. क्या यह केवल निर्वाचित विधायकों और सांसदों से ही संबंधित है या फिर पार्टी संगठन में विभाजन को भी इसमें शामिल किया जायेगा. ये दरअसल कानूनी प्रश्न हैं, जिनका उत्तर कानून की व्याख्या पर ही निर्भर करता है. लेकिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद तेजी से घटी राजनीतिक घटनाएं निश्चित रूप से एक बड़े मुद्दे पर आत्ममंथन की मांग करती हैं. वह मुद्दा है जनादेश की पवित्रता का, मतदाताओं के वोट की पवित्रता का, और जिस उम्मीदवार को मतदाताओं ने चुना, वह चुनाव के बाद यदि विरोधी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो क्या हो।

यह बिल्कुल सही है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से अलग होने वाले नव निर्वाचित विधायकों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो तकनीकी रूप से बिना अयोग्यता के पार्टी विभाजन के लिए आवश्यक है. पर इससे इतर चुनावी जनादेश की पवित्रता पर भी विचार करने की आवश्यकता है. बड़ा प्रश्न यह है कि चुनावी नतीजे के बाद नेताओं का मूल पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी के साथ चले जाने से क्या उन मतदाताओं के साथ धोखा नहीं हो रहा, जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी के आधार पर ही चुनाव में वोट दिया था? अपने देश में बड़ी संख्या में मतदाता चुनावों में उम्मीदवारों को नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को वोट देते हैं. उनके लिए उम्मीदवारों की तुलना में राजनीतिक पार्टियों का महत्व अधिक है. पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद जिन विधायकों ने दल-बदल किया, वे दरअसल कुछ ही दिन पहले तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर आये थे. इस वर्ष हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा, जहां उसे केवल 80 सीटें मिलीं और 40.1 प्रतिशत वोट मिले. जबकि भाजपा ने 207 सीटें जीतीं और उसने 45.8 प्रतिशत वोट हासिल किये।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विधायकों और सांसदों के दल-बदल की स्थिति पहले के दौर की तुलना में बेहतर हुई है, जब कोई कानून नहीं था और जनप्रतिनिधि बिना सोचे-समझे रातों-रात पार्टी बदल लेते थे. लेकिन सच बात तो यह है कि अब भी स्पष्ट नहीं है कि पार्टी में विभाजन किसे कहा जाये. इसलिए इस पर स्पष्ट परिभाषा की आवश्यकता है. इस अस्पष्टता को इसलिए भी दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि हाल के वर्षों में दल-बदल से जुड़े अधिकांश प्रश्न इसी कारण विवादित रहे हैं कि पार्टी में विभाजन आखिर किसे माना जाये. हर बार जब दल-बदल होता है, तब यह सवाल उठता है कि क्या अलग समूह बना लेना पर्याप्त है या फिर कानून के तहत उस समूह का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय अनिवार्य है. तृणमूल कांग्रेस के जिन विधायकों ने दल-बदल किया, उन्होंने एक अलग समूह बनाया है और किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में अपना विलय नहीं किया है. जबकि तृणमूल के लोकसभा सांसदों ने अयोग्यता से बचने के लिए एनसीपीआइ, यानी नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में अपना विलय कर लिया। सवाल यह है कि क्या वर्तमान कानून के तहत दोनों स्थितियां वैध हैं. इस मुद्दे पर स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में विलय करना अनिवार्य होना चाहिए या फिर अलग समूह के रूप में बने रहना भी स्वीकार्य हो सकता है. वास्तविकता यह है कि ऐसे मामलों में स्पीकर द्वारा निर्णय लेने में कोई एकरूपता नहीं रही है कि दल-बदल वैध है या नहीं. कुछ मामलों में निर्णय जल्दी लिया जाता है, जबकि कुछ मामलों में स्पीकर द्वारा फैसला लेने में काफी समय लग जाता है. इस असमानता को देखते हुए स्पीकर द्वारा दल-बदल से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने के लिए कानून में एक निश्चित समय सीमा तय करने पर विचार करना उचित होगा. दल-बदल के मामले में अयोग्यता से बचने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की आवश्यकता एक उचित शर्त प्रतीत होती है।

हालांकि, छोटे राजनीतिक दलों में जहां विधायकों और सांसदों की संख्या कम होती है, वहां यह शर्त अप्रासंगिक हो जाती है. लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि एक राजनीतिक पार्टी से चुने जाने के बाद दूसरी राजनीतिक पार्टी में चले जाने की स्थिति में व्यक्तिगत मतदाता के वोट की पवित्रता का क्या होगा. ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं, जब जनप्रतिनिधियों ने उस राजनीतिक पार्टी में शामिल होकर दल-बदल किया, जिसके खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा था. इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या दल-बदल करने वाले जनप्रतिनिधि वास्तव में जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं. यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है, जब हम यह पाते हैं कि चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों में या कुछ सप्ताहों के भीतर ही दल-बदल हो जाता है, जैसा कि पश्चिम बंगाल में हाल की घटनाओं में देखा गया। दल-बदल विरोधी कानून को बने 41 वर्ष हो चुके हैं. वर्ष 2003 में इसमें एक संशोधन किया गया था, जब एक-तिहाई की शर्त को हटाकर दो-तिहाई कर दिया गया था. मेरा मानना है कि इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए किन बदलावों की आवश्यकता है, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. यह भी सोचा जा सकता है कि क्या इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए कि जैसे ही कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदले, तो उसकी सदस्यता तत्काल समाप्त हो जाये और उस सीट पर उपचुनाव अनिवार्य हो. इससे नेताओं में व्यक्तिगत लाभ या हित के लिए दल-बदल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सकता है. निश्चित रूप से यह आसान निर्णय नहीं होगा, लेकिन इस पर विचार तो किया ही जा सकता है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति। तत एव च विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ।। 30।

जिस काल में मनुष्य भूतों के न्यारे-न्यारे भावों को एक परमात्मा में प्रवाहित स्थित देखता है तथा उस परमात्मा से ही सम्पूर्ण भूतों का विस्तार देखता है, उस समय वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। जिस क्षण यह अवस्था आ गयी, उसी क्षण वह ब्रह्म को प्राप्त होता है। यह लक्षण भी स्थितप्रज्ञ महापुरुष का ही है।

अनादित्वान्निर्गुणत्वात्परमात्मायमव्ययः । शरीरस्थोऽपि कौन्तेय न करोति न लिप्यते ।। 31 ।।

कौन्तेय ! अनादि होने से और गुणातीत होने से यह अविनाशी परमात्मा शरीर में स्थित होते हुए भी वास्तव में न करता है और न लिप्त ही होता है।

किस प्रकार ? -

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते । सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ।। 32 ।।

जिस प्रकार सर्वत्र व्याप्त हुआ आकाश सूक्ष्म होने के कारण लिप्त नहीं होता, ठीक वैसे ही सर्वत्र देह में स्थित हुआ भी आत्मा गुणातीत होने के कारण देह के गुणों से लिप्त नहीं होता। आगे कहते हैं- यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः। क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ।। 33।।

अर्जुन ! जिस प्रकार एक ही सूर्य सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्रकाशित करता है, उसी प्रकार एक ही आत्मा सम्पूर्ण क्षेत्र को प्रकाशित करता है। अन्त में निर्णय देते हैं- क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा। भूतप्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम्।। 34।। इस प्रकार क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के भेद को तथा विकारसहित प्रकृति से छूटने के उपाय को जो ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा देख लेते हैं, वे महात्माजन परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त होते हैं। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अनृत साहस मूढता, कपटरु कृतघन आइ ।
निरदयतारु मलीनता, तियमें सहज रजाइ ॥**

झूठ बोलना, एकाएक कोई काम कर बैठना, नखरे करना, मूर्खता करना, ज्यादा लालच रखना, अपवित्र रहना और निर्दयता का बर्ताव करना ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं।

♦♦♦

# मौलिक सोचने की क्षमता को चुनौती दे रहा है एआइ

**– अनुभा सिंह**

इतिहास गवाह है कि जब भी किसी नये उपकरण का आविष्कार हुआ, उसने मानव श्रम को आसान बनाया. पहिये ने हमारे पैरों की थकान हरी, भाप के इंजनों ने बाहुबल की निर्भरता को अप्रासंगिक किया और कंप्यूटर ने जटिल गणनाओं को पलक झपकते ही संभव बना दिया. पर, इन तमाम युगांतकारी परिवर्तनों के बीच मनुष्य का मस्तिष्क अक्षुण्ण और सुरक्षित था. सोचना, मौलिक जिज्ञासा करना, संदेह प्रकट करना और वैचारिक अंतर्विरोधों से जूझना केवल और केवल मनुष्य का विशेषाधिकार रहा. पर आज इतिहास में पहली बार हम एक ऐसे मोड़ पर आ खड़े हुए हैं, जहां तकनीक हमारे इसी सर्वोच्च विशेषाधिकार यानी 'सोचने की क्षमता' को चुनौती दे रही है।

आज चैटजीपीटी, जेमिनी, क्लॉड और डीपसीक जैसे एआइ प्लेटफॉर्म केवल पारंपरिक सर्च इंजनों की तरह सूचनाएं एकत्र नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे मानव मस्तिष्क की नकल करते हुए निबंध लिख रहे हैं, जटिल शोध-पत्र तैयार कर रहे हैं, कविताएं रच रहे हैं और सॉफ्टवेयर के कोड लिख रहे हैं. एकेडमिक और बौद्धिक जगत में इसका असर साफ दिखने लगा है. आज शोध का पहला चरण 'प्रॉम्प्ट' लिखना हो गया है और अंतिम चरण 'कॉपी-पेस्ट' करना. इस कारण बौद्धिक परिपक्वता का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है. 'एमआइटी मीडिया लैब' की एक हालिया जांच में पाया गया कि जो छात्र अपने एकेडमिक कार्यों के लिए चैटजीपीटी जैसे एआइ टूल्स पर अत्यधिक निर्भर थे, उनके इइजी माप में मस्तिष्क की सक्रियता काफी कम दर्ज की गयी. तर्क-वितर्क करने की गुणवत्ता भी बेहद निम्न स्तर की पायी गयी।

इसी तरह, गार्लिक द्वारा 2025 में 17 से 25 वर्ष के 666 युवाओं पर किये गये एक व्यापक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि एआइ पर निर्भरता के कारण युवाओं के 'क्रिटिकल थिंकिंग स्कोर' में उल्लेखनीय गिरावट आयी है. इस डिजिटल शॉर्टकट ने साहित्यिक चोरी (प्लेगरिज्म) को भी एक नया, परिष्कृत और अदृश्य चेहरा दे दिया है. आज बड़े भाषा मॉडल इंटरनेट पर मौजूद अरबों स्रोतों से सामग्री उठाते हैं और उसे इस तरह से पुनर्गठित करते हैं कि मौजूदा प्लेगरिज्म डिटेक्शन सॉफ्टवेयर भी कई बार चकमा खा जाते हैं. परिणामतः, हम एक ऐसी बौद्धिक पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो तात्कालिक उत्तर देने में तो माहिर है, लेकिन उसमें नये प्रश्नों को जन्म देने की क्षमता समाप्त हो रही है।

इससे भी बड़ा संकट यह है कि जब एआइ को किसी प्रश्न का सही उत्तर नहीं पता होता, तो वह अपनी प्रोग्रामिंग के आधार पर मनगढ़ंत तथ्य और आंकड़े तैयार कर देता है. इतिहास में पहली बार ऐसा दौर आया है जब गलत और भ्रामक सूचनाएं इतनी सुगठित, व्याकरण सम्मत और आश्वस्त करने वाली भाषा में प्रस्तुत की जा रही हैं कि वे सच से भी ज्यादा सच दिखने लगी हैं. यह केवल तकनीकी खामी नहीं है, लोकतंत्र, न्यायपालिका, चिकित्सा और पत्रकारिता जैसे स्तंभों के लिए गंभीर अस्तित्वपरक संकट है. हमें इस भ्रम से भी बाहर निकलना होगा कि एल्गोरिदम पूरी तरह से निष्पक्ष और तटस्थ होते हैं।

मशीनें अंततः वही सीखती हैं जो मनुष्य उन्हें सिखाता है. यहां सबसे बड़ा प्रश्न नैतिक जवाबदेही का है. यदि किसी एआइ जनित गलत चिकित्सा सलाह से किसी मरीज की जान चली जाये, या मशीन की त्रुटि के कारण अदालत में कोई निर्दोष दोषी सिद्ध हो जाये, तो कटघरे में किसे खड़ा किया जायेगा?

इस आभासी दुनिया का एक और



स्याह पहलू है. इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में ही दुनियाभर के डाटा सेंटरों ने वैश्विक बिजली का 1.5 प्रतिशत (लगभग 415 टेरावॉट-ऑवर) हिस्सा डकार लिया. अनुमान है कि 2030 तक यह खपत बढ़कर 945 टेरावॉट-ऑवर हो जायेगी. संयुक्त राष्ट विश्वविद्यालय की 2026 की हालिया चेतावनी की मानें, तो एआइ सर्वरों और सुपरकंप्यूटरों को ठंडा रखने के लिए होने वाली पानी की खपत 2030 तक 1.3 अरब लोगों की घरेलू पानी की जरूरत के बराबर हो जायेगी और उसका कार्बन उत्सर्जन अर्जेंटीना जैसे बड़े देश के कुल उत्सर्जन को पार कर जायेगा. इस वैश्विक संकट को देखते हुए दुनिया के अग्रणी देशों ने संभलना शुरू कर दिया है. चीन ने अपनी प्राथमिक कक्षाओं में जेनरेटिव एआइ के स्वतंत्र उपयोग पर कड़ा अंकुश लगाया है. वहीं अमेरिका ने प्रतिबंध के बजाय 'एआइ साक्षरता' का मार्ग चुना है. भारत में भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एआइ के अनधिकृत उपयोग को अकादमिक कदाचार की श्रेणी में शामिल किया है।

हालांकि, भारतीय संदर्भ में एक व्यावहारिक उलझन यह भी आ रही है कि कई बार एआइ डिटेक्टर सॉफ्टवेयर छात्रों के मौलिक लेखन को भी मशीन जनित घोषित कर देते हैं. इसलिए, भारत को केवल सॉफ्टवेयर पर निर्भर रहने के बजाय वाइवा, विशेषज्ञ समीक्षा और पारदर्शी प्रकटीकरण की नीतियों को समान महत्व देना होगा. एआइ हमारी भाषा सुधार सकता है, शुरुआती मसौदा तैयार कर सकता है और विशाल डाटा को व्यवस्थित कर सकता है, पर संवेदनशीलता, अनुभव, नैतिक विवेक, अंतरात्मा की आवाज और मौलिक चिंतन आज भी केवल मनुष्य की ही थाती हैं. हमें 'एआइ के साथ सोचना' सीखना होगा, न कि 'एआइ द्वारा सोचा जाना' स्वीकार करना होगा।

## प्रेरक प्रसंग

### सच्चा राजा

एक बड़ा महत्वाकांक्षी राजा था। उसने छोटे-बड़े बहुत-से राज्य जीते। चारों ओर उसकी दुंदुभि बजने लगी। मारे अहंकार के उसका दिमाग आसमान पर चढ़ गया। वह मानने लगा कि उसके मुकाबले का कोई भी राजा नहीं है।

एक बार की बात है। वह छोटे-छोटे राज्यों को जीतकर अपने देश को लौट रहा था। रास्ते में एक गांव पड़ा। वहां उसने देखा कि एक साधु अपनी कुटिया के पास बैठा मस्ती से गा रहा है। उसकी मस्ती को देखकर राजा वहां रुक गया।

उसने साधु से पूछा, तुम कौन हो ?

साधु ने कहा, राजा!

राजा ने यह सुनकर सोचा कि शायद साधु ने उसके सवाल को ठीक से सुना नहीं। कहां फकीर और कहां राजा! उसने अपने सवाल को दोहराया, तुम कौन हो ?

उत्तर वही मिला, राजा।

राजा ने कहा, राजा के पास तो राज्य और खजाना होता है। तुम्हारा राज्य और खजाना कहां है ?

साधु ने राजा की ओर देखा। फिर बोला, देखो, मैंने अपने मन को जीत लिया है। इसलिए मेरा मन मेरा राज्य है। जहांतक खजाने की बात है, प्रकृति ने चारों ओर खजाना-ही-खजाना फैला रखा है। वह सब मेरा ही तो है।

राजा ने समझा कि उसका कहना सही था। राज्यों को जीतना आसान है, पर मन को जीतना कठिन है। इसलिए सच्चा राजा मैं नहीं, वह साधु है।

## आपका पत्र मिला

### गैर-व्यापार बाधाएं

क्या अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के क्रम भारत अमेरिका को इस बात पर राजी कर पाएगा कि वह दोनों देशों के कारोबार में गैर-व्यापार बाधाएं खड़ी ना करे? भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर भारत में हैं। उन्हें आशा है कि मंगलवार और बुधवार की वार्ताओं के दौरान ऐसा हो जाएगा। मगर मुद्दा है कि क्या बातचीत का आधार द्विपक्षीय समझौते का वही फ्रेमवर्क है, जिस पर पिछले फरवरी में सहमति बनी थी? या बदली परिस्थितियों के मद्देनज़र भारत फिर से सौदेबाजी कर रहा है? फ्रेमवर्क के एलान के बाद अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के लगाए टैरिफ को असंवैधानिक ठहरा दिया था। उससे भारत सरकार को नया मौका मिला। उसका लाभ उठाकर वह उन आलोचनाओं को दूर कर सकती है, जिनसे इस मामले में उस पर समर्पण करने के आरोप लगे हैं।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हाल में कहा कि भारत- अमेरिका ट्रेड डील को तब तक लागू नहीं किया जाएगा, जब तक भारत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ सुनिश्चित नहीं हो जाता।

इसका अर्थ है कि भारत पर लगने वाले शुल्क दरों को अमेरिका बांग्लादेश, वियतनाम और कुछ मामलों में चीन पर लगे टैरिफ से कुछ नीचे कर दे, तो डील भारत को स्वीकार्य हो जाएगा। स्पष्टतः यह अपने मानक को काफी नीचे रखना है। फ्रेमवर्क में शामिल अमेरिका से अनिवार्य खरीदारी, ऊर्जा खरीद पर उसकी अनुचित शर्तों को मानने, और अपने बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोलने जैसी शर्तें शामिल हैं। उन्हें फिर वार्ता की मेज पर लाने के बजाय भारत का निम्न मानक को अपनाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

**एक नागरिक
वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# मंदिर में घंटा कब बजाना चाहिए इसका सही नियम और महत्व



हिंदू परंपरा में मंदिर में स्थापित घंटा या घंटी बजाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व भी छिपा है। मान्यता है कि घंटी की ध्वनि 'ॐ' के समान कंपन उत्पन्न करती है, जो मन और वातावरण दोनों को शुद्ध करती है। यही कारण है कि मंदिर में प्रवेश करते ही घंटा बजाने की परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। स्कंद पुराण सहित कई शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि घंटी की आवाज से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और देव शक्तियां सक्रिय होती हैं। इस कार्य में भी कुछ नियमों और सावधानियों का पालन करना जरूरी है। अनजाने में की गई छोटी-सी गलती पूजा के पूर्ण फल में बाधा बन सकती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि मंदिर का घंटा कब और कैसे बजाना चाहिए।

**कब बजाना चाहिए मंदिर का घंटा**

शास्त्रों के अनुसार मंदिर में प्रवेश करते समय घंटी बजाना सबसे शुभ माना जाता है। घंटी की ध्वनि मन को सांसारिक उलझनों से दूर कर एकाग्र बनाती है, जिससे भक्त पूरी श्रद्धा के साथ पूजा कर पाता है। आरती के समय घंटी बजाना भी अत्यंत फलदायी माना गया है, क्योंकि इससे पूजा की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। घर के मंदिर में भी सुबह और शाम पूजा आरंभ करने से पहले घंटी बजाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और वातावरण पवित्र बना रहता है। पुराणों में घंटी की ध्वनि को सृष्टि की मूल नाद शक्ति का प्रतीक माना गया है, जो मानसिक अशांति और नकारात्मक विचारों को दूर करती है।

**किस समय घंटा नहीं बजाना चाहिए**

वास्तु और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर से बाहर निकलते समय घंटी बजाना उचित नहीं माना जाता। प्रवेश के समय घंटी बजाकर देवताओं का आह्वान किया जाता है, लेकिन लौटते समय ऐसा करने से पूजा के दौरान प्राप्त शांति और सकारात्मकता बाधित हो सकती है। इसलिए पूजा के बाद शांत मन से देवताओं को प्रणाम करके बाहर निकलना चाहिए।

**घंटी बजाते समय ध्यान रखने योग्य नियम**

शास्त्रों के अनुसार घंटी को बार-बार या बहुत देर तक नहीं बजाना चाहिए। सामान्य रूप से 2 से 3 बार पर्याप्त होता है। घर में पूजा करते समय बाएं हाथ से घंटी बजाना चाहिए। रात्रि में तेज आवाज में घंटी बजाने से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि घंटी की ध्वनि कुछ क्षण तक गूंजनी चाहिए, जिससे सकारात्मक कंपन उत्पन्न हो।

# पूजा के बाद बची सामग्री का क्या करना चाहिए?



चाहे घर में छोटी पूजा हो या कोई बड़ा धार्मिक अनुष्ठान, पूजा के बाद कुछ सामग्री का बच जाना आम बात है। भोग, फूल, माला या अन्य चढ़ाई गई चीज़ों का दोबारा पूजा में इस्तेमाल नहीं किया जाता, ऐसे में अक्सर यह

**फूल माला और हल्दी-कुमकुम का आसान उपयोग**

सवाल उठता है कि इन्हें सही तरीके से कैसे निपटाया जाए। कुछ सामग्री ऐसी होती हैं जिन्हें पूजा घर में सुरक्षित रखा जा सकता है, लेकिन कई वस्तुएं ऐसी होती हैं जिनके लिए उचित और सम्मानजनक तरीका अपनाना जरूरी होता है। पूजा से जुड़ी वस्तुओं के निपटान में साफ़-सफाई और धार्मिक नियमों के साथ-साथ पर्यावरण का ध्यान रखना भी बेहद ज़रूरी है। इसलिए पूजा में हमेशा सात्विक और प्राकृतिक चीज़ों का ही उपयोग करें और प्लास्टिक या अन्य नुकसानदायक सामग्री से बचें। आगे जानते हैं कि पूजा के बाद बची सामग्री के संबंध में क्या नियम हैं और उन्हें किस तरह सही तरीके से उपयोग या विसर्जित किया जाना चाहिए।

**दीपक में बचा हुआ घी या तेल**

यदि पूजा में रखा गया घी पूरा खत्म नहीं हुआ है, तो उसे संभालकर रख सकते हैं और अगली पूजा में दीया जलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। घी का दोबारा दीपक में प्रयोग करना शुभ माना जाता है। वहीं तेल के मामले में सावधानी रखनी चाहिए। पूजा में इतना ही तेल रखें कि वह दीया जलते-जलते समाप्त हो जाए। पूजा में बचा हुआ तेल किसी अन्य कार्य या भोजन बनाने में इस्तेमाल करना शुभ नहीं माना जाता।

**अक्षत, हल्दी और कुमकुम**

पूजा में अर्पित की गई अक्षत, हल्दी और कुमकुम को दोबारा पूजा में प्रयोग नहीं किया जाता। इन्हें तुलसी के पौधे या पीपल के वृक्ष में अर्पित करना श्रेष्ठ माना गया है। चाहें तो इन्हें स्वच्छ जल में प्रवाहित भी कर सकते हैं। अक्षत को चिड़ियों को डालना भी एक अच्छा और पुण्यकारी उपाय है। ध्यान रखें कि जहां ये सामग्री डाली जाए, वह स्थान साफ हो और वहां किसी का पैर न पड़े।

**पूजा में रखे गए फल और प्रसाद**

भगवान को अर्पित किया गया भोग और प्रसाद सभी में बांट देना चाहिए। यदि फिर भी कुछ बच जाए, तो उसे गाय या आसपास के पशु-पक्षियों को खिला दें। पूजा की खाद्य सामग्री को कूड़े में फेंकना अशुभ माना जाता है, इसलिए इसका सम्मानपूर्वक उपयोग करें।

**पूजा में उपयोग किए गए वस्त्र**

पूजा में चढ़ाए गए या उपयोग किए गए वस्त्र दोबारा पूजा में लगाए जा सकते हैं। यदि वे पहनने योग्य हों, तो उन्हें जरूरतमंद लोगों को दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पूजा में उपयोग किए गए फूल और माला**

पूजा के फूल और माला को कभी भी कूड़े में नहीं फेंकना चाहिए। इन्हें गमले की मिट्टी में दबा सकते हैं या किसी पवित्र पेड़ की जड़ में डाल सकते हैं। इससे ये प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता।

**पूजा में उपयोग की गई बाती या रुई**

पूजा में जली या उपयोग की गई बाती को तुलसी के पौधे के पास रख देना या किसी पवित्र स्थान की मिट्टी में दबा देना उचित माना जाता है। इसे इधर-उधर फेंकने से बचें।

# मंदिर दर्शन के बाद सीढ़ियों पर क्यों बैठते हैं भक्त?



सनातन धर्म में मंदिर दर्शन को केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और मानसिक शांति का साधन माना गया है। अक्सर देखा जाता है कि मंदिर में

**क्या है इसके पीछे की धार्मिक मान्यता**

देवदर्शन के पश्चात श्रद्धालु तुरंत घर लौटने के बजाय कुछ समय मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करते हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इसके पीछे केवल शारीरिक थकान नहीं, बल्कि गहरी धार्मिक, पौराणिक और आध्यात्मिक मान्यताएं निहित हैं।

**1. दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने की परंपरा**

धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिर में ईश्वर का वास होता है, जहां सकारात्मक और सात्विक ऊर्जा का प्रवाह अत्यंत प्रबल रहता है। गर्भगृह में दर्शन करते समय भक्त का मन सांसारिक विचारों से मुक्त होकर ईश्वर में एकाग्र हो जाता है। ऐसे में सीढ़ियों पर कुछ देर शांत भाव से बैठना उस दिव्य ऊर्जा को आत्मसात करने का माध्यम माना जाता है। इससे मन में उत्पन्न शांति स्थायी होती है और भक्त को आध्यात्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

**2. पौराणिक कथाओं में विश्राम का उल्लेख**

पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में वर्णन मिलता है कि ऋषि-मुनि एवं साधक देवदर्शन के बाद तुरंत सांसारिक जीवन में नहीं लौटते थे। वे मंदिर प्रांगण या सीढ़ियों पर बैठकर ध्यान, जप या मौन साधना करते थे। मान्यता है कि ऐसा करने से ईश्वर की कृपा हृदय में स्थिर होती है। यदि दर्शन के तुरंत बाद व्यक्ति बाहरी दुनिया की हलचल में लौट जाए, तो दर्शन का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

**3. आध्यात्मिक और भौतिक जगत के बीच संतुलन**

मंदिर की सीढ़ियों को धार्मिक दृष्टि से एक संक्रमण स्थल माना गया है। यह स्थान आध्यात्मिक लोक और सांसारिक जीवन के बीच सेतु का कार्य करता है। यहां बैठने से मन धीरे-धीरे भक्तिभाव से सामान्य अवस्था में आता है। यह संतुलन मानसिक अशांति से बचाता है और व्यक्ति को सहजता से अपने दैनिक जीवन में लौटने में सहायता करता है।

**4. योग और आयुर्वेद की दृष्टि से महत्व**

योग एवं आयुर्वेद के अनुसार दर्शन के समय शरीर की इंद्रियां और मन अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। इससे ऊर्जा का प्रवाह तेज हो जाता है। ऐसे में कुछ समय शांत बैठना शरीर और मन को संतुलन प्रदान करता है। सीढ़ियों पर बैठकर विश्राम करने से रक्तचाप सामान्य रहता है, मन स्थिर होता है और एकाग्रता बढ़ती है। यही कारण है कि साधक और वृद्धजन इस परंपरा का विशेष पालन करते हैं।

**5. विनम्रता और अहंकार त्याग का प्रतीक**

भूमि या सीढ़ियों पर बैठना धार्मिक रूप से विनम्रता और समर्पण का प्रतीक माना गया है। इससे भक्त के भीतर यह भाव जागृत होता है कि ईश्वर के सामने सभी समान हैं। यह परंपरा व्यक्ति के अहंकार को शांत करती है और जीवन में सरलता व संतुलन लाने में सहायक बनती है। यही संस्कार धीरे-धीरे सामाजिक व्यवहार में भी दिखाई देता है।

# हनुमान मंदिर से लौटते ही बदलें रास्ता, शनि पीड़ा से मिलेगी मुक्ति



अक्सर लोगों से यह सुनने को मिलता है कि जिस रास्ते से हनुमान मंदिर जाना चाहिए, फिर उस रास्ते से वापस नहीं लौटना चाहिए। बता दें कि यह मान्यता हिंदू धर्म की परंपराओं और ज्योतिषीय सिद्धांतों पर आधारित है। जिसका सीधा संबंध हनुमान जी और शनिदेव भगवान से है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि आखिर हनुमान मंदिर जाने के बाद उसी रास्ते से वापस क्यों नहीं लौटना चाहिए।

**क्या है ज्योतिषीय कारण-** हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है और माना जाता है कि वह अपने भक्तों की शनि की साढ़े साती, ढैय्या और अन्य अशुभ प्रभावों से रक्षा करते हैं। इसलिए मंदिर से वापस आने के बाद रास्ता बदलने का नियम सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि जीवन की नकारात्मकता और बाधाओं को वहीं पर छोड़े जाने का प्रतीकात्मक तरीका है। माना जाता है कि जब कोई भक्त संकटमोचन हनुमान जी के मंदिर जाता है, तो वह अपने कष्ट, दुख, दुर्भाग्य और शनि से जुड़े दोष लेकर जाता है। वहीं मंदिर में दर्शन और पूजा करने से बाद यह सारे दोष, बाधाएं और नकारात्मक ऊर्जा वहीं छूट जाती हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक अगर आप फिर उसी रास्ते से जाते हैं, तो आप उन अशुभ प्रभावों और बाधाओं को अपने साथ लेकर आते हैं, जिनको आप मंदिर में छोड़ आए थे। वहीं अलग रास्ता अपनाना एक नई शरुआत के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

ऐसा करना यह दर्शाता है कि आपने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया है। आप अब एक नए, बाधा मुक्त और शुभ मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। यह नियम और परंपरा जीवन में पुराने कष्टों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और सकारात्मकता के मार्ग पर चलने का संकेत देता है। रास्ता बदने से जातक यह निश्चित करता है कि आप पुरानी समस्याओं को वापस अपने घर नहीं लाएंगे। हनुमान जी की पूजा करने और प्रसन्न करने से शनिदेव शांत होते हैं। ऐसे में मंदिर से लौटते हुए जब आप रास्ता बदलते हैं, तो यह शनि के अशुभ प्रभाव को निष्क्रिय करने का तरीका माना जाता है।

यह क्रिया बताती है कि आप शनि के दोषों से मुक्त होकर एक नए और सुरक्षित मार्ग को चुन रहे हैं। जिस पर हनुमान जी की सुरक्षा बनी है। इसलिए अधिकतर भक्त हनुमान मंदिर से वापस आते समय रास्त बदलने के नियम का पालन करते हैं।

# गणपति को मोदक क्यों है इतना भाता



गणेश उत्सव पर भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरह के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। गणपति बप्पा को इनमें से सबसे ज्यादा मोदक का प्रसाद चढ़ाया जाता है। वहीं लोगों के बीच यह मान्यता है कि मोदक भगवान गणेश को सबसे ज्यादा पसंद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर भगवान गणेश को मोदक का भोग ही क्यों लगाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके पीछे की धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं क्या है।


**मोदक का प्रसाद चढ़ाने का धार्मिक महत्व**

धार्मिक शास्त्रों में मोदक को ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। मोदक का आकार गोल होता है, जोकि पूर्णता और सुख-समृद्धि को दर्शाता है।

मान्यता है कि मोदक खाने से मन और शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शुद्ध दूध तैयार किया जाता है। मोदक भगवान गणेश को अतिप्रिय हैं। साथ ही लोगों को भी इसका प्रसाद अच्छा लगता है। इसको बनाने के लिए किसी भी चीज का अधिक इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इसको शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसलिए मोदक बप्पा को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है।मोदक का मीठा स्वाद हमें यह संदेश देता है कि ज्ञान का फल हमेशा मधुर होता है।

भगवान गणेश को 21 मोदक का भोग लगाने की परंपरा काफी लंबे समय से चलता आ रहा है। 21 संख्या ब्रह्मांड की 21 ऊर्जा शक्तियों का प्रतीक मानी जाती है। मोदक चावल के आटे, नारियल और गुड़ से बनाए जाते हैं। जोकि शररी को ऊर्जा प्रदान करते हैं। मोदक को दूध से बने खोए से भी बनाया जाता है और यह शुद्ध होता है।

मोदक को आप व्रत में भी खा सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**मंगलवार, 7 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे सप्तमी तिथौ मंगल वासरे 13/26/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 16/25/ शोभन योग 14/31/ बव करणे 13/26/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक/ शीतलाष्टमी/ कालाष्टमी।

| | |
|---|---|
| **मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव से बचें। यात्रा की संभावनाएं बनेंगी। व्यय अधिक होगा। | **तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग रहेगा। |
| **वृष :** रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे। | **वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। कामी पर सेन रखे। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। धन, सम्मान, यश की प्राप्ति होगी। |
| **मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे। | **धनु :** भगवती सरस्वती जी की उपासना आपके लिए लाभकारी होगी। समय के महत्व को समझें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। |
| **कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा। गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें। | **मकर :** धन प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी। |
| **सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयास भलीभूत होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। | **कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुल पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है। |
| **कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा न करें। सम्बन्धों में विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है। | **मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। |

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नम :-**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**-इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ श्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा-** यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

**श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा**

यह गणेश जी का शक्तिशाली मंत्र है। इसे जपने से सफलता, खुशियां और मन्नत पूरी होना सुनिश्चित होती है। जीवन में आने वाली परेशानियों को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए इसे नियमित रूप से जपना चाहिए।

**मंत्र जाप के लाभ**-नौकरी में प्रमोशन और सफलता की संभावना बढ़ती है।कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ता है। मानसिक तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में गति आती है। भगवान की कृपा और शुभ अवसर प्राप्त होते हैं।

# गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के माग

हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं। **गीता के सफलता मंत्र हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्। तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।** इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

इसका श्लोक का अर्थ है कि, आपका अधिकार केवल कर्म करने में है, उसके फल पर नहीं। इसलिए तुम्हें कर्म के फल के लिए चिंतित नहीं होना चाहिए और न ही कर्म न करने में आसक्त होना चाहिए।

**संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो जालौन।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के ग्राम मंगरौल निवासी जगपाल ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कोमल देवी (26) का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व नौ मई 2022 को वीरपुरा निवासी सोनू के साथ किया था। मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की शाम उसे जानकारी हुई कि उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है और परिजन उसका शव सीएचसी लाए हैं। सूचना मिलते ही वह भी मौके पर पहुंच गया और पुलिस भी वहां आ गई। पुलिस ने बेटी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## समाधान दिवस में फरियादियों की 28 शिकायतें प्रस्तुत,4 का मौके पर निस्तारण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी(जालौन)।** सोमवार को सीओ राजेश कमल की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी अमित शेखर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 28 शिकायते प्रस्तुत की गई। जिसमें सबसे अधिक राजस्व की 7 तथा पुलिस विभाग के 05 मामले शामिल हैं। मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील सभाकक्ष मे आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम अमित शेखर, क्षेत्राधिकारी राजेश कमल,तहसीलदार अभिनव तिवारी तथा नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला के समक्ष शिक्षक अर्जुन मौर्य निवासी मोहल्ला सदर बाजार ने शिकायत की है कि दिनांक 26.6.2026 की शाम 7रू00 बजे प्रार्थी की पत्नी के गले से बदमाशों ने चैन छीन ली थी। उसकी रिपोर्ट दर्ज की जाए। राघव राम निवासी उसरगांव में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कितना 26.6.2026 को विपक्षियों के द्वारा मारपीट की गई है इसकी रिपोर्ट लिखी जाए। अजय सिंह सिलहरा सिकंदरा कानपुर देहात ने बताया कि प्रार्थी की पिता विशंभर के नाम की जमीन उरकुरा खुर्द में विपक्षी गुंडई के बल पर कब्जा कर रहे है। आकांक्षा देवी प्रधान बीजापुर में शिकायत की है। कि मेरी खेती की पैमाइश के बाद खंभे गड़े थे वहां पर विपक्षियों के द्वारा जुताई बखराई की जा रही है। गयावती हीरापुर ने बताया की प्रार्थी की जमीन के अंश को अभिलेखों में ठीक कराने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल नमामि गंगे के निर्माण अधीन में पानी की टंकी एवं बोरवेल कुआं खेड़ा, दादूपुर में नल खराब पड़े हैं। इसे ठीक करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने पिछले समाधान दिवस में आये प्रार्थना पत्रों के विभाग वार निस्तारण की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की नई गाइडलाइन के अनुरूप सभी शिकायतों का मौके पर जाकर के गुणवत्ता पूर्वक समाधान कराया जाए। जांच के दौरान समय तथा दिनांक का उल्लेख जरूरी है। तथा आवेदक का संतुष्टि भी होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं होनी चाहिए। राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर,सुरेश कुमार,नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य, विधुत विभाग के उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान, जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली, वन विभाग के दरोगा मन्ना सिंह चैहान,प्रेम कुमार पाण्डेय, हर्ष सोनी,स्टैनो सलीम खान,तहसील के प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार,कालपी कोतवाली कालपी के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह चंदेल के अलावा कदौरा,आटा तथा चुरखी के थानेदारों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**लॉक अप: सच या सज़ा अब शनिवार से**

**कानपुर।** नेटफ्लिक्स पर अब से लॉक अपरू सच या सज़ा एक और दिन प्रसारित होने वाला है। इस हफ्ते से यह कैस्टिंग रियलिटी शो शनिवार से गुरुवार, रात 8 बजे प्रसारित होगा। यानी दर्शक हर हफ्ते एक और दिन लॉक अप देख पाएंगे। फैन्स के अपार स्नेह और जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह शो टीवी प्रेमियों का पसंदीदा शो बन गया है। इसके हर एपिसोड में नई बातें और यादगार लम्हें देखने को मिलते हैं। इस खबर से उत्साहित रितेश देशमुख ने कहा दर्शकों ने लॉक अपः सच या सज़ा को सबसे अधिक चर्चित रियलिटी शो में से एक बना दिया है। उनके इस प्यार के लिए हम उनके आभारी हैं। अब वो हफ्ते में एक दिन और यह शो देख सकेंगे, मतलब, अब होगा ज्यादा ड्रामा, ज्यादा सरप्राईज और ज्यादा सच के साथ ज्यादा सज़ा। यहाँ से इनमेट्स का सफर और ज्यादा मुश्किल होने वाला है। फराह खान ने बताया यकीन नहीं हो रहा कि लॉक अपः सच या सज़ा को दर्शकों ने इतना अधिक प्यार दिया है। इनमेट्स के खुलासों और उनके फैसलों ने मुझे और रितेश को हैरान कर दिया। मैं समझ सकती हूँ कि दर्शक इसे और ज्यादा देखना क्यों चाहते है।

## वृक्षारोपण करके पौधों का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी-जिलाधिकारी

**प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष जिले में रोपे जायेंगे एक करोड़ चार लाख तिरपन हजार चार सौ पौधे**

**वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने डीएम ने विभागों को आवंटित किये लक्ष्य**

**10 तारीख तक हर हाल में पौध उठान के विभागों को दिये निर्देश जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा वृक्षारोपण**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , ललितपुर।** शासन द्वारा प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण लक्ष्य के सापेक्ष जनपद को 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है, इन पौधों को वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद के चिन्हित स्थालों पर रोपा जाएगा। अभियान को सफल रूप में सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा निर्धारित की और अधिकारियों को लक्ष्य आवंटित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूरी ईमानदारी से पूर्ण करेंगे और वृक्षारोपण के उपरान्त लगाये गए पौधों का संरक्षण भी करेंगे, जिस तरह प्रकृति ने हमें सहेजा है, उसी प्रकार हमारा भी दायित्व है कि हम भी प्रकृति को सहेजें, प्रत्येक विभाग वृक्षारोपण हेतु 10 तारीख तक हर हाल में पौध उठान करा लें और अपने विभाग को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष चिन्हित स्थलों पर जनप्रतिनिधिणों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराते हुए स्थल वार जियोटेग्ड फोटो केंद्र सरकार के पोर्टल 'मेरीलाइफ' पर अपलोड किये जाने हेतु नोडल विभाग को प्रेषित करें, इसके साथ ही हरीतिमा एप के माध्यम से स्वयं भी पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग करें। बैठक में डी.एफ.ओ. ने बताया गया कि प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण किया जाना है, जिसके अंतर्गत जनपद स्तर पर 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित हुआ है, जिसमें वन विभाग 51 लाख 80 हजार एवं अन्य विभागों को 52 लाख 73 हजार 400 वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है व इन विभागों में पर्यावरण विभाग को 207000, ग्राम्य विकास विभाग को 2623000, राजस्व विभाग को 202000, पंचायती राज विभाग को 288000, आवास विकास विभाग को 25400, औद्योगिक विकास को 25900, नगर विकास को 98600, लोक निर्माण विभाग को 52000, सिंचाई एवं जल संसाधन को 56000, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति को 28000, रेशम विभाग को 30000, कृषि विभाग को 812000, पशु पालन विभाग को 39000, सहकारिता को 13000, उद्योग विभाग को 46500, ऊर्जा विभाग को 13000, माध्यमिक शिक्षा को 21600, बेसिक शिक्षा को 25000, प्राविधिक शिक्षा को 16000, उच्च शिक्षा को 66900, श्रम विभाग को 18100, स्वास्थ्य विभाग को 47000, परिवहन विभाग को 13600, रेलवे विभाग को 35000, रक्षा विभाग को 27000, उद्यान विभाग को 404000 तथा गृह विभाग को 39800 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है व वृक्षारोपण हेतु स्थलों का चिन्हीकरण व विभागों द्वारा पौध उठान की कार्यवाही की जा रही है व जनपद स्तर पर अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जनपद के विभिन्न स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन प्रकाश शाक्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डी.सी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कान्हा गौशाला निरीक्षण के साथ डीएम व एसपी ने किया पौधरोपण

**- स्कूल चलो अभियान को डीएम-एसपी ने दिखाई हरी झंडी**



उरई : गोवंशों को गुड़-चना खिलाते व पौधारोण करते डीएम-एसपी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)।** नगर में दिन सोमवार शिक्षा पर्यावरण संरक्षण और पशु सेवा को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत श्स्कूल चलो अभियानश् को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने का आह्वान किया वहीं इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों को पुस्तक किट वितरित की गई साथ ही विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया अधिकारियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और समाज के सभी वर्गों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में बीएसए सीडीओ कुमकेन्द्र कलाकर एसडीएम हेमंत पटेल सीओ परमेश्वर प्रसाद पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे सभी ने शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश को चना और गुड़ खिलाकर उनकी देखभाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, चारे और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के अंतिम चरण में अधिकारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कोंच सुनील राजपूत खंड शिक्षा अधिकारी नदीगांव शैलेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार रोहन पंत शिक्षक जितेंद्र गुप्ता रंजन गोस्वामी ममता स्वर्णकार, डा. हरपाल एआरपी त्रिभुवन रविंद्र पटेल उरई के डीसी अमित कुमार डीसी शिवदीन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे ।

## नगर पालिका परिषद उरई द्वारा अभिलेख उपलब्ध न कराने पर कड़ी फटकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)।** उप जिलाधिकारी (न्यायिक) उरई के कार्यालय ने नगर पालिका परिषद उरई को कड़ा अनुस्मारक पत्र जारी करते हुए चेतावनी दी है कि यदि मांगे गए अभिलेख 10 दिनों के भीतर उपलब्ध नहीं कराए गए तो इसे अभिलेखों के जानबूझकर अप्रस्तुतीकरण के रूप में माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है मामला?

उप जिलाधिकारी जालौन ने पत्रांक 35/एसटी एसडीएम 18 जून 2026 के माध्यम से नगर पालिका परिषद, उरई से वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 एवं वर्तमान सत्र (2026-27) से संबंधित भुगतान, निर्माण कार्यों एवं उनसे संबंधित समस्त अभिलेखों की प्रमाणित हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी मांगी थी। जांच अधिकारी की नाराजगी की वजह कार्यालय ने स्पष्ट कहा कि उक्त पत्र के बावजूद आज दिनांक तक अपेक्षित अभिलेख-सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है। अभिलेख उपलब्ध न कराने को प्रथम दृष्ट्या इस आशय का घोतक बताया गया है कि या तो अपेक्षित सूचनाएं उपलब्ध कराने में रुचि नहीं है अथवा किसी तथ्य को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

### क्या निर्देश दिए गए?

उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका को पुनः निर्देशित किया है कि अपेक्षित समस्त सूचनाएं एवं अभिलेख प्रतिदिन उपलब्ध कराना प्रारम्भ करें पूर्व पत्र में मांगी गई समस्त सूचनाएं इस पत्र की प्राप्ति से अधिकतम 10 दिवस के भीतर पूर्ण रूप से उपलब्ध करा दी जाएं

### क्या होगी कार्रवाई?

पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है यदि निर्धारित अवधि में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो इसे अभिलेखों के जानबूझकर अप्रस्तुतीकरण के रूप में मानते हुए नियमानुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संज्ञान लिया जाएगा।

### जिलाधिकारी से सभासदों ने की थी शिकायत

जिलाधिकारी जालौन से नगर पालिका उरई के सभासद अनुज नाग नामित सभासद, दीपक पटेल सभासद वार्ड नं. 03, जितेन्द्र कुमार सभासद वार्ड नं. 01, श्रीमती विमला देवी सभासद वार्ड नं. 08, श्रीमती ज्योति सभासद वार्ड नं. 11, पुष्पा देवी सभासद वार्ड नं. 29, ने शिकायत की थी।

## समाधान दिवस में समस्याएं सुनी एसडीएम ने



उरई : जालौन तहसील सभागार में शिकायतों को सुनते एसडीएम। ।

स्वतंत्र भारत ब्यूरो जालौन। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 62 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया है।

तहसील सभागार में एसडीएम राकेश कुमार सोनी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग की सर्वाधिक 23 शिकायतें दर्ज की गठीं। इसके बाद पुलिस विभाग की 21 शिकायतें दर्ज की गई। विकास विभाग की आठ, नगर नालिका की चार, नमामि गंगे से संबंधित दो, बिजली, मंडी परिषद, जल संस्थान, नलकूप विभाग की एक-एक शिकायत दर्ज की गई। जिनमें से राजस्व विभाग की आठ और पुलिस विभाग की चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। निस्तारण आख्या से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। ताकि उसे बार बार परेशान न होना पड़े। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इ स मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार, एडीएम पंचायत महेंद्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. राजीव दुबे, शिक्षा विभाग से शमीउल्ला आदि मौजूद रहे।

### गुरावती गांव में सफाई कर्मी न होने से ग्रामीण परेशान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच (जालौन)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में बार एशोसिएशन कोंच के कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार द्विवेदी एडवोकेट ने प्रभारी अधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पचीपुरा कला ब्लाक कोंच के ग्राम गुरावती में कोई सफाई कर्मी तैनात नहीं है ।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो जालौन।** रविवार को नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी रोहित जाटव डीजे आदि का काम करता है। करीब चार माह पूर्व 20 फरवरी को उसकी शादी कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंधा निवासी निशा जाटव (21) के साथ हुई थी। रविवार की रात वह डीजे बजाने के लिए गया था। घर में उसकी पत्नी निशा अकेली थी। रात करीब एक बजे जब रोहित डीजे बजाकर घर वापस लौटा तो दरवाजे पर आवाज देने के बाद भी जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से झांककर देखा। जिसमें उसे पत्नी का शव दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने मोहल्ले के लोगों को आवाज दी तो वहां मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चैकी प्रभारी मनीष तिवारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। जहां शव को फांसी के फंदे से उतारकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को भी सूचना दी गई। पुलिस की पूछतांछ में रोहित ने बताया कि घर में सब कुछ सही चल रहा था। कोई अनबन भी नहीं थी। फांसी लगाने की बात पर उसे भी हैरानी है। फिलहाल पुलिस मायके पक्ष और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि नवविवाहिता के फांसी लगाकर खुदकुशी की सूचना मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी भी पक्ष की ओर कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भारत विकास परिषद ने मोक्ष धाम पर लगाया वाटर कूलर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो जालौन।** औरैया मार्ग पर स्थित हुलकी माता मोक्ष धाम और हुलकी माता मंदिर पर भारत विकास परिषद की छत्रसाल शाखा की प्रेरणा से सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नगर में 25वा वाटर कूलर लगाया गया।

मोक्षधाम पर आने वाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भारत विकास परिषद द्वारा हुल्की माता मोक्षधाम पर वाटर कूलर लगवाया गया है। इस मौके अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने बताया कि भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस 10 जुलाई 2022 को शाखा ने जल ही जीवन है, मिशन पर कार्य प्रारंभ किया था और इसी दिन में नगर में पहला वाटर कूलर स्थापित किया था। इन वर्षों में 25वां वाटर कूलर सोमवार को मोक्षधाम पर स्थापित किया गया। सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए इन वाटर कूलरों से विगत चार वर्षों में लाखों लोग जल सेवा से लाभांवित हुए है। वाटर कूलर लगाने के बाद इस ऐसे ही नहीं छोड़ दिया जाता है। इसकी देखरेख भी की जाती है। कोई कमी आने पर इसे दुरूस्त कराया जाता है। क्षेत्रीय सचिव अजय इटौरिया ने कहा कि जल ही जीवन है मिशन पर भारत विकास परिषद की छत्रसाल शाखा कार्य कर रही है। आगे भी समाजहित में कार्य जारी रहेंगे। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष लखनलाल चंदैया, दीपक श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता, राजीव माहेश्वरी, जितेंद्र सिंह, डॉ. धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ वेद प्रकाश शर्मा, गिरीश कुमार गुप्ता, विष्णु चरण अग्रवाल, श्याम किशोर गुप्ता, कमला कांत आदि मौजूद रहे।

## फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दास्त नहीं-डीएम

**-सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 222 शिकायतें मौके पर 27 का निस्तारण**



उरई : फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम-एसपी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक बिनय कुमार सिंह ने दिन सोमवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए उन्होने यह भी निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि रास्तों-चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए अब जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी तो सम्बंधित क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच की जायेगी यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें उन्होने यह भी कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 222 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से मौके पर ही 27 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीयस वनाधिकारी प्रदीप कुमार, सीडीओ केके सिंह जितेंद्र नाथ उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल न्यायिक उपजिलाधिकारी-प्रभारी तहसीलदार बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता नगर पालिका से अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव महेंद्र पटेल नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल उपखंड अधिकारी विद्युत धर्मेंद्र कुमार प्रभारी चिकित्साधिकारी अनिल कुमार शाक्य जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार पंडित पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्य मंडल प्रभारी झांसी नौशाद अली ने अधिकारी व कार्यकर्ताओं को दिये दिशा निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो , ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी झांसी नौशाद अली को संपूर्ण झांसी मंडल की जिम्मेदारी मिलने के बाद ललितपुर आगमन पर दोनों विधानसभा के पदाधिकारियों एवं जिला कमेटी के साथ जिला बसपा कार्यालय सिबिल लाइन में बैठक में बहिन मायावती के निर्देशों के अनुसार निर्देश दिए व कहा कि 15 दिन के भीतर समस्त बूथ कमेटियों के गठन का कार्य पूर्ण करना है व पार्टी के सहयोग हेतु बूथों पर बैठकें कराना है क्योंकि बहुजन समाज पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के संसाधनों से चलती है व किसी धन्नासेठ से सहारा नहीं लेती है इसलिए प्रत्येक बूथ पर जाना है व बूथ के वोटरों व कार्यकर्ताओं से आर्थिक सहयोग लेना है,बैठक में रविक्रांत मौर्या मंडल प्रभारी झांसी, तनसुराम प्रधान मंडल प्रभारी झांसी, केहर सिंह गौतम मण्डल प्रभारी, जानकी प्रसाद बौद्ध एड जिलाध्यक्ष, कैलाश पाल मंडल संयोजक भाईचारा, कमलेश सिंह लोधी एडवोकेट व जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## दैवीय आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर मिले मुआवजा, लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई-जिलाधिकारी

**लेखपालों की कार्यप्रणाली पर डीएम सख्त, प्रलोभन या लापरवाही मिलने पर निलंबन की चेतावनी**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायतें, मौके पर कराया कई वादों का निस्तारण**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो ललितपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील तालबेहट में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना व उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्वयं मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए व शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या निस्तारण का वास्तविक पैमाना है, इसलिए किसी भी शिकायत का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए व जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी तालबेहट को निर्देश दिए कि लेखपालों एवं कानूनगो द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक आख्या का स्वयं परीक्षण एवं नियमित समीक्षा करें व यदि किसी भी राजस्व कर्मी के कार्य में लापरवाही, उदासीनता अथवा प्रलोभन लेने जैसी शिकायत सत्य पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध निलंबन सहित कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी व राजस्व विभाग जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए इसमें पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए व पात्र फरियादियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में भी प्रभावी पहल की गई व एक दिव्यांग महिला की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के माध्यम से दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन ऑनलाइन कराया व निर्देश दिए कि सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करते हुए संबंधित लाभार्थी को अगले माह से हर हाल में पेंशन का लाभ उपलब्ध कराया जाए व जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि एवं अन्य दैवीय आपदाओं से प्रभावित व्यक्तियों के मामलों में तत्काल मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करें, समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा पात्र पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें व किसी भी पीड़ित परिवार को राहत मिलने में अनावश्यक विलंब न हो व यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही के कारण कोई पात्र पीड़ित दैवीय आपदा राहत अथवा मुआवजे से वंचित पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तहसील तालबेहट में एक सौ साठ शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के छत्तीस, विकास के चोदह, पुलिस के बत्तीस, विद्युत के ग्यारह व अन्य विभागों के सड़सठ प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से उन्नीस का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना डा. मुखर्जी का था उद्देश्य : कल्लू राजपूत

-डा. मुखर्जी ने की थी सशक्तए एकजुटए आत्मविश्वास से भरपूर भारत की परिकल्पना

-डा. मुखर्जी के व्यक्तित्व में था विद्वता और नैतिक मूल्यों का अदभुत संगम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** महान राष्ट्रवादी चिंतकए भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रखर पुरोधा डाव श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये स इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि राष्ट्र की एकताए अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए डाव मुखर्जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया उनका अदम्य साहसए अटूट राष्ट्रनिष्ठा और एक देशए एक विधानए एक निशान का अटल संकल्प आज भी प्रत्येक भारतवासी के राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है स उन्होंने कहा कि डाव मुखर्जी का जीवन साहस और माँ भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणा दायक उदाहरण है स उनके व्यक्तित्व मेंण् विद्वताए जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अदभुत संगम था स उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य भारत की एकता एवं अखंडता की रक्षा करना है स स उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई स उन्होंने जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिदिन इस भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करें जिसकी उन्होंने परिकल्पना की थी सण् वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 ; ए द्ध को हटाया जाना भी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में निखिल सक्सेनाए ममता मिश्राए अमित सेठ भोलूए आनंदी साहूए उत्तम सक्सेनाए दुर्गा चौरसियाए रूपा चौहानए देशराज सिंहए दिलीप तिवारीए श्यामबाबू पालए रमनआदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में पेड़ों की अवैध कटाई पर भड़के छात्र

**- प्राचार्य को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** सोमवार को जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय परिसर में पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए छात्र नेताओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। इसके साथ हीए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से छात्रों ने मांग रखी है कि महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों द्वारा परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए।

छात्र नेता कार्तिक आनंद ने बताया कि शनिवारए चार जुलाई को महाविद्यालय के छात्र नेता शिवा शुक्ला ने परिसर में पेड़ों की अवैध कटाई होते हुए देखा। उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात कर कटाई रुकवाई। छात्रों का आरोप है कि काटे गए पेड़ों की लकड़ियाँ जो कि महाविद्यालय की संपत्ति थींए उन्हें मौके से गायब कर दिया गया।

इस मामले में शिकायत करने पहुँचे छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। छात्रों को प्राचार्य से मिलने के लिए करीब तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्राचार्य कार्यालय में मौजूद नहीं थे और कई बार फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। काफी देर बाद उनके पहुँचने पर छात्रों ने अपना रोष व्यक्त कियाकार्तिक आनंद ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर इस पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं की गईए तो छात्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर कार्तिक आनंदए शिवा शुक्लाए नमन निगमए अमित जाटवए युवराज सिंहए अंशु ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# डीएम एवं एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**167 शिकायतें प्राप्तए 7 का मौके पर निस्तारण**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बांदा।** सोमवार को तहसील अतर्रा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी बांदा श्री अमित आसेरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दूर.दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। समाधान दिवस में कुल 167 शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी श्री अमित आसेरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसामान्य की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए तथा कानून.व्यवस्था से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

## शीशम के पेड़ में 14 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बबेरू, बाँदा।** मरका थाना क्षेत्र के अरमार गांव मे 14 वर्षीय किशोर ने शीशम की पेड़ मे रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लियाए वही घटना जाँच मे पुलिस जुट गयी। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मरका थाना क्षेत्र के अरमार के रहने वाले सुमित कुमार पुत्र देवकुमार यादव उम्र करीब 14 वर्ष यह आज सोमवार को खेतो की तरफ जानवर लेकर घर से गया तभी वहीं पर शीशम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लियाए जैसे ही ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दियाए मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मरका थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम के द्वारा जांच पड़ताल की गई है। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया हैण् वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा थाए इस घटना को देखते हुए मृतक का पिता देव कुमार माँ माधुरी देवी सहित पूरे परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## खबर एक नज़र

### किशोरी को बिच्छू ने काटा एंबुलेंस ना मिलने पर किशोरी की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बबेरू, बाँदा।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव में किशोरी को जहरीले बिच्छू ने काटाए सीएचसी बबेरू से जिला अस्पताल रिफर किया गया जहाँ एंबुलेंस ना मिलने पर किशोरी की मौत हो गयी।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव की रहने वाली किशोरी रजोला देवी पुत्री हरीवा निषाद उम्र करीब 15 वर्ष यह रविवार की शाम शौच करने के बाद अपने घर पहुंची तभी किशोरी रजोल देवी को जहरीले बिच्छू ने काट लिया। किशोरी की हालत गंभीर होने लगीए परिजनों के द्वारा पहले झाडफूँक करवाया जब सही नहीं हुआ तो सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती करायाए जहाँ पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। 108 एंबुलेंस को फोन किया लेकिन 1 घंटे तक फोन लगाते रहेए लेकिन समय से एंबुलेंस नहीं पहुंचीए कुछ देर के बाद जब एंबुलेंस आई तो एंबुलेंस में लिटाते समय ही किशोरी की मृत्यु हो गयीए मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गयाए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर सोमवार की दोपहर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वही मृतका के पिता हरीवा ने जानकारी दिया कि एंबुलेंस को फोन कियाए लेकिन समय से एंबुलेंस नहीं आई जिससे मेरी लड़की की मृत्यु हो गईए जानकारी के मुताबिक मृतक के दो बहन और तीन भाइयों में चौथे नंबर की थी। जिस घटना को देखते हुए परिवार जनों का रो.रो कर बुरा हाल है।

### सीएम के दौरे पर पहले पटरी दुकानदारों को हटाने पर नोमानी ने जताया विरोध

**बांदा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बांदा आगमन प्रस्तावित है। इससे पहले जिला प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पटरी दुकानदारों और रोज़ कमाकर जीवनयापन करने वाले गरीब लोगों की दुकानों व डिब्बों को जेसीबी मशीन से हटाकर जब्त किए जाने पर बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एण् एसण् नोमानी ने कड़ी आपत्ति जताई है। एण् एसण् नोमानी ने कहा कि जिन लोगों की दुकानें हटाई गई हैंए वे रोज़ कमाने.खाने वाले मेहनतकश परिवार हैं। यदि वे एक दिन भी काम नहीं कर पातेए तो उनके घरों में चूल्हा तक नहीं जलता। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उनकी आजीविका छीन लीए लेकिन उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या बांदा शहर की सफाई केवल मुख्यमंत्री या अन्य वीआईपी के आगमन पर ही की जाती हैघ् उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की नियमित जिम्मेदारी होनी चाहिए। वीडियो संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील करते हुए एण् एसण् नोमानी ने कहा कि भविष्य में किसी भी वीआईपी दौरे के दौरान पटरी दुकानदारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के न हटाया जाए। यदि किसी कारणवश उन्हें हटाना आवश्यक होए तो पहले उनके रोजगार और आजीविका की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएए ताकि गरीब परिवारों की रोज़ी.रोटी प्रभावित न हो।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल पौधारोपण नहीं, पौधों को वृक्ष बनाना भी जरूरी- शंकर दयाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**चित्रकूट-** जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति द्वारा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से बालिका इंटर कॉलेज मऊ में विश्व पर्यावरण जागरूकता माह के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वन दरोगा अमरजीत ने कहा कि बुंदेलखंड आज जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। चित्रकूट और बांदा सहित पूरे क्षेत्र में लगातार बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, भूजल स्तर में गिरावट, सूखे की बढ़ती घटनाएं तथा हरित क्षेत्र में कमी गंभीर चिंता का विषय हैं। यदि बड़े स्तर पर पौधरोपण और उनके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में जल एवं पर्यावरण का संकट और गहरा सकता है। कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह केवल पौधे लगाए ही नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित भी करे। विद्यालय के प्रबंधक सुंदर लाल सुमन ने कहा कि जिस प्रकार विद्यालय में शिक्षक बच्चों की देखभाल कर उनका भविष्य संवारते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक अभिभावक को अपने घर और आसपास लगाए गए पौधों की भी उसी जिम्मेदारी और स्नेह से देखभाल करनी चाहिए। यदि हर परिवार एक पौधे को वृक्ष बनाने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र का पर्यावरण बदल सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने गांव और मोहल्ले में पर्यावरण संरक्षण की दूत बनें तथा जल संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त जीवन और वृक्षारोपण का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। संस्था सचिव शंकर दयाल ने कहा कि आज अधिकांश अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित होकर रह जाते हैं, जबकि वास्तविक सफलता तब मिलती है जब लगाया गया पौधा वर्षों तक सुरक्षित रहकर विशाल वृक्ष बनता है। यदि प्रत्येक परिवार, विद्यालय और ग्राम पंचायत प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधे को वृक्ष बनाने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में बुंदेलखंड की पर्यावरणीय तस्वीर बदल सकती है। कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने बताया कि प्रति वर्ष पर्यावरण जागरूकता माह के तहत ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है। इस दौरान विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार प्रजातियों के 100 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया तथा उनके देखभाल की जिम्मेदारी छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को सौंपी गई। साथ ही सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए जल, जंगल और जमीन की रक्षा, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# बालू माफियाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर जदयू का प्रदर्शन

**जदयू नेताओं ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**बांदा।** जनता दल यूनाइटेड ;जदयूद्ध उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट बाँदा को ज्ञापन सौंपकर केन नदी क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन एवं ट्रैक्टरों द्वारा हो रही अवैध निकासी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले कई महीनों से केन नदी घाटों से बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन कर कर्बला रोडए खुटलाए राजघाटए हटेटी पुरवाए काहलाए मर्दननाकाए गंछा तथा नवाब टैंक के सामने से खुलेआम ट्रैक्टरों द्वारा बालू का परिवहन किया जा रहा हैए जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है और शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बाढ़ से बचाव के लिए बनाए गए बंधों एवं पिचिंग पर लगातार ट्रैक्टरों का आवागमन होने और अवैध रास्ते बनाए जाने से भविष्य में बाढ़ की स्थिति में भारी जन.धन की हानि हो सकती है। साथ ही रात के समय तेज रफ्तार से दौड़ने वाले अवैध ट्रैक्टर आम नागरिकोंए महिलाओंए बच्चों एवं राहगीरों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। जदयू ने मांग की कि अवैध खनन एवं बालू की अवैध निकासी पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण रोक लगाई जाएए इस अवैध कारोबार में संलिप्त माफियाओं एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएए निकासी मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर दोषियों की पहचान की जाए तथा संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। शालिनी सिंह पटेल ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर अवैध खनन एवं शहर में अवैध ट्रैक्टरों की निकासी पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से धरना.प्रदर्शन एवं निकासी मार्गों पर जाम लगाया जाएगाए जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन.प्रशासन की होगी।

# पुण्य तिथि पर याद किये गये बाबू जगजीवन राम




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा ।** सोमवार को बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में उन्हें याद किया गया कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया बाबू जी स्वतंत्रता सेनानी रहे एवं भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री रहे राष्ट्र निर्माण में बाबू का बहुत बड़ा योगदान रहा है। देश में समानता के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी उक्त विचार कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने व्यक्त किया तथा कांग्रेस जनों का आवाहन किया कि हमें उनके बताए रास्ते पर चलना है। दलितों के उत्थान के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया।6 जुलाई 1986में उनका देहावसान हुआ। बैठक में कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंहए कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाईए शहर उपाध्यक्ष के पी सेनए शब्बीर सौदागरए वीरेन्द्र धुरियाएमो इस्माइलएजगमोहनए हरिश्चंद्र बाजपेईए लालए सुखदेव गांधी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# भाजपा का एक एक कार्यकर्ता प्रणम्य है- रामकिशोर

**- बोले भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट-** भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के जनपद के प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव तथा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य द्वारा स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता प्रणम्य है। पीएम मोदी का जीवन सेवा का जीवंत उदाहरण है। जिनके नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बन रहा है। सभी कार्यकर्ता स्वच्छता से लेकर स्वदेशी तक का आग्रह करें। हर कार्य के लिए कार्यकर्ता व हर कार्यकर्ता के लिए कार्य की नीति पर भाजपा काम करती है। हम 2027 में 2017 से बडी जीत दोहराएंगे। बंगाल से बडी विजय 27 में उत्तर प्रदेश में होगी। हम सबको झूंठ प्रपंच के आधार पर नैरेटिव गढ़ने वाली जार्ज सोरेस फंडेड गैंग्स के विरूद्ध तथ्य रखकर उन्हें निरूत्तर करना है। हम सबको तथ्यों के आधार पर जनसामान्य से संवाद करके सकारात्मक वातावरण बनाना है। हम सबके सकारात्मक प्रयास से देशविरोधी तत्व सार्वजनिक होंगे। जिला प्रभारी ने कहा कि भाजपा की सामूहिक शक्ति के नेतृत्व में हम विजय की महागाथाएं रच रहे हैं। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में हम क्षेत्र की 52 सीटों और चित्रकूट की दोनो सीटों पर प्रचण्ड विजय हासिल करेंगे। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि हम सबको क्षेत्रीय अध्यक्ष जी नेतृत्व में हर बूथ पर भाजपा को सशक्त बनाना है। सभी कार्यकर्ता सहभागी योगदान से सभी अभियानों के लक्ष्य व उद्देश्य पूर्ण करें। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरवों प्रसाद मिश्रा, आरके पटेल, रमेश चंद द्विवेदी, पूर्व विधायक चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, आनंद शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन उपाध्याय, देव त्रिपाठी, राजेश जायसवाल, जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी, विपुल प्रताप, जिला उपाध्यक्ष आलोक पांडेय, सुशील वर्मा, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, श्रवण पटेल, गौरव करवरिया, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, हीरो मिश्रा, हेमंत सिंह, जगदीश गौतम, सुरेश अनुरागी, विद्यासागर चतुर्वेदी, आनंद पटेल, पीएन सिंह, बाबूलाल पटेल, अर्जुन शुक्ला, संजय पांडेय, रवि गुप्ता, जवाहर सोनी, प्रमोद पटेल, अंकित पांडेय, अखिलेश रैकवार, श्रीकांत पांडेय, आदि मौजूद रहे।

# शादी से पहले परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

- आग लगने से नकदी, जेवर और गृहस्थी का सामान राख

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**चित्रकूट।** मऊ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सखौहा में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने पांच परिवारों की खुशियां पलभर में राख कर दीं। आग की चपेट में आने से शिव बाबू पुत्र साहब दीन, मुन्नीलाल पुत्र साहब दीन, लुल्लू पुत्र साहब दीन, लवलेश पुत्र शिव बाबू तथा वीरेंद्र पुत्र मुन्नीलाल के मकान और उनमें रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

आग में करीब पांच लाख रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवर, कपड़े, अनाज, बर्तन और गृहस्थी का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। हादसे की सबसे मार्मिक बात यह है कि मुन्नीलाल की बेटी गुड़िया की शादी सात जुलाई को तय है, जबकि शिव बाबू की बेटी सुनीता की शादी भी कुछ दिनों बाद होनी है। परिवारों ने वर्षों की मेहनत से बेटियों की शादी के लिए जो नकदी, जेवर और जरूरी सामान जुटाया था, वह सब आग की भेंट चढ़ गया।

आग लगने के समय घर में कोई नहीं था। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया और घरों में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। अब परिवारों के पास पहनने के लिए कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है। बरसात के मौसम में उनके सामने रहने और भोजन की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि दोनों बेटियों की शादी समय पर संपन्न हो सके और आग से प्रभावित पांचों परिवार इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें।

घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन और जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने बताया कि शासन की नियमावली के अनुसार राहत और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। लेखपालों को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीएम योगी के आगमन से पहले सजने लगी धर्मनगरी चित्रकूट

**- धर्मनगरी के विकास की रफ्तार को मिलेगी नई ऊर्जा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**चित्रकूट।** आगामी 8 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर न सिर्फ जिला प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों में जुटा है बल्कि स्थानीय जनता में भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री चित्रकूट इंटर कॉलेज मैदान में दोपहर 2:25 बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और कलेक्ट्रेट सभागार में मंडल की विकास परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे ।

मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है। कमिश्नर, डीआईजी, डीएम और एसपी ने खुद चित्रकूट इंटर कॉलिज जनसभा स्थल और कलेक्टरेट सभागार का सघन निरीक्षण किया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में कोई कोर कसर न रह जाये इसको लेकर वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 3 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। जिसकी कमान 5 एएसपी और 14 क्षेत्राधिकारियों के हाथों में होगी। भाजपा संगठन ने जनसभा में 15 से 20 हजार लोगों की भारी भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। स्थानीय जनता को उम्मीद है कि 8 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्मनगरी के विकास के लिए कुछ और बड़े उपहारों की घोषणा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल चित्रकूट धाम के घाटों और परिक्रमा पथ का सौंदर्यीकरण तेजी से पूरा हुआ है। इसके अलावा 52 करोड़ की लागत से बनी डिजिटल रामायण गैलरी और रामघाट पर वाटर स्क्रीन लेजर शो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। रामघाट के चैड़ीकरण के लिए 18.3 करोड़ स्वीकृत किए जा चुके हैं और हनुमान धारा पर बुजुर्गों व दिव्यांगों के लिए आधुनिक रोपवे सुचारू रूप से चल रहा है। वहीं सबसे मुख्य कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 50 करोड़ की लागत से नए टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर और डॉर्मिटरी का निर्माण किया जा रहा है। धार्मिक पहचान के साथ-साथ चित्रकूट अब औद्योगिक मानचित्र पर भी चमक रहा है। उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के छह मुख्य नोड्स में चित्रकूट को भी शामिल किया गया है। जिससे यहाँ करीब 530 करोड़ का निवेश और हजारों युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिले में 800 मेगावाट क्षमता का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क स्थापित किया गया है। इजके अवाला स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने वाली 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत चित्रकूट के पारंपरिक लकड़ी के खिलौनों को अब वैश्विक पहचान मिल रही है।

बुंदेलखंड के इस पिछड़े पाठा क्षेत्र सबसे बड़ी समस्या पानी की किल्लत को दूर करते हुए जल जीवन मिशन के तहत चित्रकूट जिला 99.83 प्रतिशत की सफलता दर के साथ करीब 1.63 लाख ग्रामीण घरों तक नल से शुद्ध पानी पहुंचाने में कामयाब रहा है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूरे जिले में 2,534 नए आवासों को मंजूरी मिली है।

जिसमें से सर्वाधिक 1,183 घर आदिवासी बाहुल्य मानिकपुर क्षेत्र में बन रहे हैं। इसके साथ ही अब वर्तमान में विलुप्त होती उपेक्षित मोहना नदी के पुनर्जीवन के लिए 74 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से काम शुरू किया जा चुका है।

**नवाचार मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ, 197 छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा**

खागा (फतेहपुर)। कस्बे के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से एक विशाल नवाचार मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जनहितकारी इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य रामलखन त्रिपाठी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह और उप प्रबंधक अतुल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को बैज लगाकर, श्रीफल, अंग वस्त्र तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

## सड़क हादसे में कंटेनर दुकान व मकान में घुसा

**- छह गंभीर रूप से घायल**

**चैडगरा (फतेहपुर)।** औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मध्य रात्रि लगभग 11 बजे एक अनियंत्रित कंटेनर ट्रक डिवाइडर पार कर विपरीत दिशा के मकान और दुकान में जा घुसा, जिससे 06 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहे ट्रक के चालक को अचानक झपकी आ जाने के कारण यह हादसा हुआ, जिसमें ट्रक दूसरी लेन पर बने चांद बाबू के मकान और कंचन चंद्र साहू के स्वीट हाउस को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए भीतर जा घुसा। इस दुर्घटना में मकान के बाहर बैठीं जंतुन् निशा (40) पत्नी चांद बाबू, तरन्नुम (25) पुत्री चांद बाबू, साहिबान (10) पुत्र स्वर्गीय रमजान, डेढ़ वर्षीय मासूम नंदिया पुत्री नादिम तथा ट्रक में सवार जबलपुर (मध्य प्रदेश) के हनुमानताल थाना क्षेत्र स्थित टकरी ग्राम निवासी अमित मोहम्मद नौशाद (21) व शकरुद्दीन (30) पुत्र मुख्तार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची औंग थाना पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज में भर्ती कराया, जहाँ उनका इलाज किया जा रहा है।

## गोवंश कटान की सूचना देना पड़ा भारी, हुई शांतिभंग की कार्रवाई

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खागा कोतवाली क्षेत्र के लखीपुर गांव में गोवंश कटान की सूचना पुलिस को देना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। पीड़ित ग्रामीण सिद्दीक का आरोप है कि गांव के शादिक, लतीफ, तस्लीम, यूनुस और मेंसर द्वारा गोवंश काटे जाने की जानकारी उसने पुलिस को दी थी। इसी बात से नाराज होकर विपक्षी दल के लोगों ने सिद्दीक को घेरकर बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई। घटना के बाद हमलावर खुद कोतवाली पहुंच गए और उल्टा पीड़ित के खिलाफ ही शिकायत दर्ज करा दी, जिस पर पुलिस ने पीड़ित पर ही शांतिभंग की कार्रवाई कर दी।

पीड़ित सिद्दीक पिछले दस दिनों से न्याय की आस में कोतवाली के चक्कर काट रहा है। उसका आरोप है कि विपक्षी लोग लंबे समय से गोवंश पकड़कर बेचने का अवैध धंधा करते हैं और पुलिस को सूचना देने की रंजिश में उसे मानसिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले में कोतवाली प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि दूसरे पक्ष (पीड़ित) की ओर से अभी तक लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि पीड़ित द्वारा तहरीर दी जाती है, तो मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक साक्ष्यों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में उमड़े फरियादी, डीएम ने 28 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**खागा (फतेहपुर)।** आम नागरिकों की प्रशासनिक और भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान हेतु शासन की मंशानुसार सोमवार को खागा तहसील सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर भारी संख्या में फरियादी तहसील मुख्यालय पहुंचे, जिससे परिसर में काफी भीड़ देखी गई। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों जैसे राजस्व, पुलिस, विकास और समाज कल्याण से संबंधित कुल 267 गंभीर शिकायतें पंजीकृत की गईं।

प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही दोनों पक्षों को सुनकर 28 जटिल मामलों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से तत्काल निस्तारण कर पीड़ित परिवारों को मौके पर ही बड़ी राहत प्रदान की। शेष बची 239 शिकायतों को उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए कड़े और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और मानक के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कठोर अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई



अमल में लाई जाएगी, क्योंकि जनता को त्वरित न्याय प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दुर्गेशदीप, तहसीलदार शैल कुमारी, नायब तहसीलदार रजनीश श्रीवास्तव व अरविंद कुमार उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय, धाता अधिशासी अधिकारी रवेंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, कृषि अधिकारी देवेंद्र मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक हरीश रावत, खागा कोतवाल प्रभारी संजय पांडेय, खागा थाना अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह, हथगाम थाना अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, किशनपुर थाना अध्यक्ष योगेश सिंह, धाता थाना अध्यक्ष सहित अन्य सभी विभागों के जिला व खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# खाद की किल्लत को लेकर किसानों का प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** धान की रोपाई के इस अत्यंत महत्वपूर्ण समय में यूरिया और अन्य आवश्यक उर्वरकों की भारी किल्लत से जूझ रहे किसानों का धैर्य सोमवार को टूट गया। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में किसानों ने विकास भवन का घेराव करते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया और परिसर में ही अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। आक्रोशित किसानों ने उर्वरक संकट को लेकर सरकार और स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक संपूर्ण जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया व अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक उनका यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

सोमवार दोपहर करीब दो बजे संगठन के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्रा और जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी के कुशल नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टरों तथा चार पहिया वाहनों के साथ विकास भवन पहुंचे, जिससे देखते ही देखते पूरा परिसर आंदोलनकारी किसानों से भर गया। किसान नेताओं ने प्रशासनिक शिथिलता पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि खाद की भारी किल्लत के कारण जिले



का अन्नदाता दाने-दाने को तरस रहा है और आर्थिक नुकसान की कगार पर है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करने के बजाय केवल खोखले आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। सहकारी समितियों और खाद केंद्रों पर पिछले कई दिनों से खाद का गंभीर संकट बना हुआ है, जिसके कारण भीषण गर्मी में सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने के बाद भी किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्रा ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने तत्काल पर्याप्त खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की, तो इस आंदोलन को पूरे जिले में विस्तारित कर अनिश्चितकालीन रूप दे दिया जाएगा, जिसकी समस्त नैतिक जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों के इस उग्र रुख और धरने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की तथा शीघ्र ही खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। हालांकि, किसान नेताओं ने इस बार केवल मौखिक आश्वासन स्वीकार करने से साफ मना कर दिया और लिखित प्रतिबद्धता के साथ-साथ धरातल पर खाद की आपूर्ति तत्काल बहाल करने की मांग की। इस विरोध-प्रदर्शन में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू सिंह चैहान, युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह, राजू सिंह, राम आसरे यादव, जितेंद्र त्रिपाठी, राकेश शुक्ला, ऋषि सिंह, देवेश बाजपेई, शिव बाबू, दीपेंद्र सिंह, गुड्डू यादव और करन पटेल आदि क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती, किया गया वृक्षारोपण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जनपद में श्गौरव और संकल्प दिवसश् के रूप में मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पवित्र सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर परिसर में किया गया, जहां क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू और जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद देश कल्याण के लिए मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तालाब के समीप सामूहिक वृक्षारोपण किया गया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू ने डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन भारत की अखंडता को समर्पित था, और श्एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेश् का उनका नारा आज सच साबित हुआ है। वहीं जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने उन्हें महान शिक्षाविद बताते हुए अंत्योदय के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम संयोजक पंकज त्रिपाठी के आभार प्रदर्शन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, कुलदीप भदौरिया, उदय लोधी, ओम मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, ज्योति प्रवीण, शैलजा राज, रामप्रताप सिंह और अपर्णा सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

**- अपना दल (एस) की समीक्षा बैठक**

## जन स्वाभिमान दिवस में जिले को तीसरा स्थान मिलने पर जताई खुशी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अपना दल (एस) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक चित्रगुप्त नगर में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पिछले दो जुलाई को पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जन स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम की प्रगति और सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि यह सफलता कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी मासिक बैठक में बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयकुमार सिंह जैकी द्वारा संगठन के उन सभी सक्रिय पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर भी गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेंद्र सिंह राणा, बृजेश पाल, गुलाब सिंह, शिवकुमार प्रधान और दीपांशु आदि उपस्थित रहे।

### पत्नी पर पति को बांधकर करंट लगाने, जानलेवा हमला करने का आरोप

चैडगरा (फ़तेहपुर)। औंग थाना क्षेत्र केएक गांव में प्रेम प्रसंग के विवाद को लेकर पत्नी द्वारा पति की हत्या का प्रयास किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी संजीव तिवारी और उनकी पत्नी रननू के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। आरोप है कि सोमवार की देर रात लगभग 12 बजे के बाद पत्नी ने खौफनाक कदम उठाते हुए पहले संजीव को रस्सी से बेरहमी से बांध दिया और फिर उन्हें बिजली का करंट लगा दिया। इसके बाद भी जब दिल नहीं भरा तो उसने लकड़ी के चेले (भारी टुकड़े) से संजीव के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर मरणासन्न स्थिति में पहुंच गए। घटना की सूचना पर पीआरवी 112 और औंग थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी स्थिति बेकाबू होने पर उन्हें तत्काल कानपुर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनके सिर पर करीब 40 टांके आए हैं और हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि रात में सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, प्रथम दृष्टया मामला मारपीट का लग रहा है। अभी तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलते ही सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**- यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की कार्रवाई**

## 39 वाहनों का ई-चालान कर वसूला 2.80 लाख का जुर्माना

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि को जिले के तीन प्रमुख टोल प्लाजा पर एक विशेष ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय के निकट पर्यवेक्षण में देर रात तक चली इस सघन चेकिंग के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों और बिना नंबर प्लेट वाले मालवाहक वाहनों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कुल 39 वाहनों के ई-चालान किए गए, जिन पर 2.80 लाख रुपये का कुल जुर्माना अधिरोपित किया गया।

इस संयुक्त विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस और संबंधित थानों की टीमों ने जिले के जिदंपुर (बहुआ), बड़ौरी और कटोघन टोल प्लाजा पर नाकेबंदी कर प्रत्येक वाहन की बारीकी से जांच की। जिदंपुर टोल प्लाजा पर यातायात प्रभारी निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव और थाना ललौली की सीसी टीम-1 के प्रभारी उपनिरीक्षक एरिस पटेल ने संयुक्त रूप से कमान संभाली। वहीं, बड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएसआई अनिल कुमार व थाना कल्याणपुर की सीसी टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय सरोज तथा कटोघन टोल प्लाजा पर थाना खागा की सीसी टीम के प्रभारी कृष्ण कुमार यादव व टीएसआई बृजेश कुमार तिवारी ने सघन चेकिंग की। इस दौरान शराब के नशे में धुत पाए गए 17 चालकों का चालान कर उन पर 1.70 लाख रुपये और बिना नंबर प्लेट के अवैध रूप से संचालित हो रहे 22 मालवाहकों पर 1.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करने की अपील की है।

## होम्योपैथिक दवा वितरण और नशामुक्ति अभियान, 230 बच्चों ने ली शपथ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजन में सोमवार को ग्राम त्रिलोकपुर में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने वर्षा ऋतु के मौसम में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव और शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 230 छात्र-छात्राओं को विशेष प्रिवेंटिव होम्योपैथिक औषधियां निःशुल्क वितरित कीं। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर के 86, उच्च प्राथमिक विद्यालय के 99 तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 45 छात्राओं को दवा प्रदान करने के साथ ही स्वच्छता के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को भोजन से पूर्व और शौच के पश्चात अनिवार्य रूप से साबुन से हाथ धोने के वैज्ञानिक लाभ बताए तथा तंबाकू, सिगरेट व अल्कोहल जैसे घातक नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों जैसे कैंसर और लिवर सिरोसिस जैसी जानलेवा बीमारियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और शिक्षकों को जीवन भर नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचिका सिंह, सुनीता देवी, वार्डन क्षमा तिवारी सहित सुरेश कुमार श्रीवास्तव और अभिनव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### महिला से दिनदहाड़े छिनैती

चैडगरा (फ़तेहपुर)। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैडगरा कस्बे में सोमवार को बाइक सवार तीन शातिर बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला से पर्स और मोबाइल फोन छीन लिया और कानपुर की तरफ भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जाफरगंज निवासी सितारा अपने परिजनों हनीफ सिद्दीकी, निसारा और मायरा के साथ मुंबई जाने के लिए चैडगरा में बिंदकी मार्ग पर सड़क किनारे बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों में से काली शर्ट व काला पैंट पहने एक लड़के ने सितारा के हाथ से बैग और मोबाइल फोन झपट लिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद राहगीरों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक पर बैठकर रफूचक्कर हो गए। पीड़िता ने इस दुस्साहसिक वारदात के संबंध में कल्यानपुर थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# जल संरक्षण अभियान, डीएम ने बुदवन में तालाब खुदाई का किया स्थलीय निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फतेहपुर ।** जनपद में गिरते भूजल स्तर को सुधारने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा प्राचीन तालाबों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित महत्वाकांक्षी मिशन-300 अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के उपरांत विकास खंड ऐरायां की ग्राम पंचायत बुदवन का सघन दौरा किया। वहां उन्होंने मिशन के तहत कराए जा रहे तालाब के पुनर्जीवन एवं खुदाई कार्य का स्थलीय बारीकी से निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था और विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि तालाब की खुदाई को और अधिक गहराई तक ले जाया जाए, ताकि वर्षा ऋतु के दौरान इसमें अधिकतम जल का संचयन सुनिश्चित किया जा सके।डीएम ने पर्यावरण संतुलन और जल स्रोतों के दीर्घकालिक संरक्षण के दृष्टिगत तालाब के चारों ओर व्यापक स्तर पर सघन वृक्षारोपण कराने के भी कड़े निर्देश दिए, जिससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा बल्कि स्थानीय पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की सुगम उपलब्धता बनी रहेगी। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में मिशन-300 अभियान के अंतर्गत अब तक 240 तालाबों के पुनर्जीवन और गहरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ किया जा चुका है। इस महती योजना से स्थानीय स्तर पर जल संचयन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा और यह भारत सरकार के कैच द रेन अभियान के उद्देश्यों को धरातल पर सफल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा, जिसका सीधा लाभ किसानों और आम जनता को मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने गांव के दो अन्य प्राचीन तालाबों के भी जीर्णोद्धार की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि उन तालाबों पर किसी प्रकार का अवैध अतिक्रमण है, तो उसे तत्काल बलपूर्वक हटवाकर पुनर्जीवन की वैधानिक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल संरक्षण से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को पूरी पारदर्शिता, उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए तथा प्रत्येक तालाब को स्थानीय जन-सहभागिता के माध्यम से सुरक्षित एवं उपयोगी बनाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा, नायब तहसीलदार, डीसी मनरेगा, राजस्व निरीक्षक और राजस्व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### ज़मीन पर मिट्टी डालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

- लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से वृद्ध सहित 04 घायल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले के एक गांव में पैतृक भूमि विवाद और घर के सामने मिट्टी डालने के मामूली विरोध को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें एक वृद्ध महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया तथा लहूलुहान अवस्था में वृद्ध और अन्य घायलों को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, उनके घर के ठीक सामने दूसरे पक्ष के रमेश नामक व्यक्ति का मकान है, जिसने जबरन उनके मुख्य द्वार के सामने मिट्टी डंप कर दी थी। जब पीड़ित परिवार ने इस अवैध कृत्य का विरोध किया, तो रमेश, उसका पुत्र अन्नू और शोभा देवी लाठी-डंडों से लैस होकर वहां आ धमके और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष के बीच-बचाव के लिए आए नीरज कुमार, प्रियंका और निरंजन को भी हमलावरों ने ईंट-पत्थरों और डंडों से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप लगाया कि पुलिस ने उसकी घायल पत्नी प्रियंका और नीरज को जबरन थाने में बैठा रखा है और मामले को रफा-दफा करने के लिए समझौते का अनुचित प्रशासनिक दबाव बना रही है।

**- लाखों की लागत से बनी टंकी का मोटर खराब**

### बूंद-बूंद पानी को तरस रहे चक रसूलाबाद के ग्रामीण

फतेहपुर। जनपद के विकास खण्ड हथगाम अंतर्गत ग्राम चक रसूलाबाद (थरियांव) में जिला पंचायत द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित कराई गई पेयजल टंकी विभागीय उदासीनता के चलते शोपीस बनकर रह गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में टंकी का मोटर खराब होने और समय पर उचित देखरेख न होने के कारण पाइपलाइन से पानी का भारी रिसाव हो रहा है। इसके चलते पिछले कई दिनों से टंकी से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे गांव के लगभग 35 से 40 घरों के परिवारों को शुद्ध पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

इस गंभीर समस्या को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी स्थानीय पंचायत और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की लिखित सूचना दी थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रशासनिक उपेक्षा और भीषण गर्मी में पानी की इस भारी किल्लत से तंग आकर गांव के लोगों में व्यवस्था के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है।

अधिकारियों की इसी लापरवाही से तंग आकर मुख्य शिकायतकर्ता नागेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कपिल, राम बाबू, रमाशंकर, स्वामी कार्तिक, राम चरन, विनय प्रकाश, नरबदा प्रसाद, विनोद कुमार और पप्पू सहित तमाम ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। ग्रामीणों ने इस जनहित के मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पानी की टंकी का निरीक्षण कराने और खराब मोटर की अविलंब मरम्मत करवाकर पेयजल आपूर्ति को दोबारा सुचारू रूप से बहाल करने की पुरजोर मांग की है।

### हापुड़ से चोरी की मोटर साइकिल के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस द्वारा की गई कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने कुछ समय पूर्व हापुड़ जनपद से चोरी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के दिशा-निर्देशन में कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पाठक, उपनिरीक्षक राजकुमार और कांस्टेबल अनिकेत पटेल की टीम सोमवार को बड़े पुल मदारीपुर सर्विस रोड तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हसवा की ओर से आ रहे एक संदिग्ध बाइक सवार युवक को जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो वह भागने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल ने दबोच लिया। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी ग्राम खलीलपुर बिलंदा थाना थरियांव के रूप में हुई है। आरोपी के पास से बरामद हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक (यूपी-13बीए-3784) के जब कोई वैध कागजात नहीं मिले, तो गहनता से की गई जांच और ऑनलाइन सत्यापन में सामने आया कि यह बाइक 20 जून को हापुड़ के पिलखुवा टोल स्थित वैष्णो ढाबा से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली नगर में मु.अ.सं. 303/2026 के तहत धारा 317(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

### राम मंदिर निर्माण और दान प्रक्रिया की हो स्वतंत्र जांच, राष्ट्रपति को भेंजा ज्ञापन

खागा (फ़तेहपुर)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद के तत्वावधान में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनहित की मांगों और धार्मिक न्यास में पारदर्शिता को लेकर तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने देश के महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक विस्तृत और गंभीर मांगों वाला ज्ञापन उपजिलाधिकारी खागा को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और भूमि तथा दान की प्रक्रियाओं में सामने आई कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की किसी निष्पक्ष व स्वतंत्र केंद्रीय एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराने की पुरजोर मांग की गई है। पार्टी के जिला सचिव रामप्रकाश के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंदिर निर्माण ट्रस्ट से जुड़े कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों के केवल इस्तीफे मात्र से इस संवेदनशील मामले की गंभीरता कम नहीं हो जाती। इसमें कहा गया कि पूर्व में आई कतिपय जांच रिपोर्टों के आधार पर दर्ज प्राथमिकियां केवल वास्तविक घोटाले का एक छोटा हिस्सा हैं, जबकि इस पूरे प्रकरण में ट्रस्ट के शीर्ष पदाधिकारियों की भूमिका, वित्तीय जवाबदेही और संभावित मिलीभगत की गहराई से जांच होनी आवश्यक है ताकि दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा सके। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों पर दिखावे की कार्रवाई करके शीर्ष राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के बड़े पदाधिकारियों को बचाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। इस विरोध-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला सचिव रामप्रकाश, फूलचंद्र पाल, मोतीलाल, प्रभाकर पांडे, पूरनलाल और रामऔतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पुराने मामले में वारंटी गिरफ्तारी, 10 साल से चल रहा था फरार

फ़तेहपुर। अंतर्गत बकेवर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अत्यंत तत्परता दिखाते हुए हत्या के प्रयास (धारा 307) और दहेज उत्पीड़न (धारा 498ए) जैसे गंभीर आपराधिक मुकदमों में पिछले लगभग दस वर्षों से लगातार फरार चल रहे एक शातिर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिसे आवश्यक विधिक औपचारिकताओं के पश्चात सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बकेवर थाने के उपनिरीक्षक रजनीश पांडे और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार सिंह की टीम ने सोमवार को सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर वर्ष 2015 के एक गंभीर मामले में वांछित चल रहे वारंटी बाबू सिंह पुत्र रामअवतार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से ग्राम सूबेदारखेड़ा थाना नर्वल, जनपद कानपुर नगर का निवासी है, जिसके विरुद्ध न्यायालय में केस संख्या 889/2015 के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 सहित तत्कालीन प्रासंगिक दंड संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा विचाराधीन था और वह न्यायालय की तारीखों से जानबूझकर लगातार फरार चल रहा था।

# सभी विभाग पौधों की सुरक्षा एवं निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें : डीएम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में वृक्षारोपण अभियान गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग वन विभाग की नर्सरी से पौधा उठान कर सूचना नोडल विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराएं इसके साथ ही सभी विभाग एक दिवसीय वृक्षारोपण उपरांत 2 दिवस के भीतर वृक्षारोपण के फोटोग्राफ्स हरीतिमा पोर्टल पर अपलोड कर जियो टैगिंग कराएं। विभागीय अधिकारी वृक्षारोपण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा जारी मोबाइल नंबर 9807091454 एवं 9627204852 पर अवगत कराएं।

12 जुलाई के बाद आवंटित लक्ष्य की पूर्ति हेतु सभी पेड़ गोशालाओं में लगाए जाएंगे इसके साथ ही गोशालाओं में जो भी पेड़ लगाए जाएं वह टी गार्ड के साथ ही बाउंड्री वाल के भीतर ही लगाएं। गौशालाओं में सहजन ;मोरिंगाद्ध के पौधे अवश्य लगाएं। ग्राम पंचायतें आवंटित लक्ष्य के अनुरूप सभी पौधे नेशनल हाईवे के किनारे ही लगाएं।

विभागीय अधिकारी वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2026 में सभी अधिकारी इस प्रेरणा के साथ कार्य करें कि जनपद में आयोजित वृक्षारोपण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न होकर जनसहभागिता का प्रमुख उदाहरण बनना।

उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगाए गए पौधों के संरक्षण नियमित देखभाल एवं जीवित रहने की दर बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग पौधों की सुरक्षा एवं निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करे।

जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गंगा एवं अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखने सीवेज एवं अपशिष्ट जल के समुचित प्रबंधन घाटों की नियमित सफाई तथा जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगा संरक्षण से जुड़े सभी कार्यों में संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समयावधि में प्रगति सुनिश्चित करें। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में वायु जल एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन स्वच्छता एवं हरित आवरण बढ़ाने से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ करे। वृक्षारोपण अभियान गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष 12 जुलाई को जनपद में वृक्षारोपण अभियान की तिथि निर्धारित की गई है। वृक्षारोपण अभियान 2026 के तहत जनपद को 4574800 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त है जिसमे से 217500 का लक्ष्य वन विभाग एवं 2399800 का लक्ष्य अन्य विभागों को प्राप्त है। जनपद में 12 जुलाई को एक दिन में 139400 पौधों का रोपण किया जाना है।

सभी विभाग आवंटित लक्ष्य के अनुरूप वन विभाग की नर्सरी से पौधा उठान कर लें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने राजस्व पुलिस विकास विद्युत नगर पालिका समाज कल्याण एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं।



जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद एवं आपसी विवादों का संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कराते हुए उसकी आख्या पोर्टल पर भी समय से अपलोड की जाए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के दौरान कुल 79 शिकायती पत्र प्राप्त हुएए जिनमें से 36 प्रकरण राजस्व विभाग 21 प्रकरण पुलिस विभाग 3 प्रकरण विकास विभाग 3 प्रकरण विद्युत विभाग 4 प्रकरण चिकित्सा विभाग तथा 12 प्रकरण अन्य विभागों के सम्मिलित रहे इनमें से 02 प्रकरण मौके पर निस्तारित किए गए।

इस अवसर पर एस पी आरती सिंह मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी उप जिलाधिकारी सदर गजराज सिंह तहसीलदार सदर विक्रम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षिका के निधन पर स्कूल में दी गई श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका रेनू मिश्रा का 4 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से संपूर्ण विद्यालय परिवार और शिक्षा जगत में शोक की लहर है। वे स्कूल के प्रथम शैक्षणिक सत्र से ही जुड़ी थीं और अपने उत्कृष्ट शिक्षण व सरल स्वभाव के लिए सभी की प्रिय थीं। उनकी स्मृति में सोमवार को विद्यालय में शोकस्वरूप अवकाश रखा गया। इस दौरान आयोजित शोक सभा में स्कूल के निदेशक डॉण् मिथिलेश अग्रवाल उपनिदेशक अंजू राजे प्रधानाचार्य पीण् रथ उपप्रधानाचार्य नवीन शाक्य सहित समस्त स्टाफ ने रेनू मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रीमती रेनू मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा की पत्नी थी

सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल देने की ईश्वर से प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन ने उनके समर्पण और स्नेहिल व्यक्तित्व को कभी न भूलने वाली क्षति बताया।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडलों के बूथों पर वृक्षारोपण किया गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर जिले के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के अधिकतर बूथों एवं शक्ति केंद्रो पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ कई बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया

भोजपुर विधानसभा के जहानगंज मंडल में रामाधार कोल्ड स्टोरेज में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा विधायक नागेंद्र सिंह राठौर जिला मंत्री शिव मोहन सिंह मंडल अध्यक्ष अनुज कटियार एवं मंडल पदाधिकारी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर



आयोजित कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया एवं उनके जीवन पर विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जन संघ के संस्थापक थे जिन्होंने राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। संगठन द्वारा उनकी जयंती पर सभी बूथों एवं शक्ति केंद्रो पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा डा मुखर्जी अखंड भारत बनाने के प्रहरी थे ।

मंडल अध्यक्ष अनुज कटियार अरविंद कटियार मंडल उपाध्यक्ष कंचन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

मोहम्मदाबाद के दक्षिणी मंडल में नदसा शक्ति केंद्र की बूथ संख्या 60 पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस दौरान मंडल अध्यक्ष शैलेश मिश्रा मौजूद रहे।

कायमगंज के सीपी गेस्ट हाउस में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक

ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत अरुण दुबे अशोक वर्मा अमर गुप्ता शिवांश तिवारी सागर दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# छिबरामऊ से था तीजन बाई का गहरा नाता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज ।** पद्मविभूषण तीजन बाई ने अभी हाल ही में 5 जुलाई 2026 को इस नश्वर संसार से अलविदा कह दिया। वे 69 वर्ष की थीं तथा रायपुर ।प्प्डै में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। वर्ष 2005 में पंडवानी शैली की इस अद्भुत गायिका का प्रथम बार नगर में आगमन हुआ था। उस समय के तत्कालीन च्प्ब् डाण्ब्ल् के टपबम च्तमेपकमदज स्वण् सुप्रभाष चंद्र सक्सेना के अथक प्रयासों से बच्चों के मध्य इस महान कला का प्रदर्शन आवास विकास कॉलोनी के तरंग रंगमंच पर किया गया। अगले दिन विदा लेते समय स्वण् शीतला देवी सक्सेना द्वारा उनको बेटी मानते हुए तिलक किया गया जिसकी वजह से तीजन बाई भाव विह्वल हो उठीं तथा उसी दिन से उन्होंने स्वण् सुप्रभाष सक्सेना जी के साथ भाई.बहन का रिश्ता निभाते हुए प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन पर राखी भेजी। तत्कालीन जिलाधिकारी श्री रविकांत भटनागर द्वारा उनका विशेष सम्मान किया गया तथा उनके विशेष अनुरोध पर इस अद्भुत गायन कला का प्रदर्शन कन्नौज में भी किया गया था।?तत्पश्चात उनका आगमन वर्ष 2010 में पुनः हुआ। कार्यक्रम के मध्य में एक कीड़ा उनकी आंखों में प्रवेश कर गया जिसकी वजह से तीजन बाई दर्द से कराह उठीं तथा कार्यक्रम को बीच में ही बंद करना पड़ा। वे दोनों बार नगर में स्वण् सुप्रभाष चंद्र सक्सेना जी के आतिथ्य में उनके निवास पर ही रुकीं थीं। उन्हें ठेसा तथा मक्के की रोटी बहुत भाती थी।?ज्ञातव्य हो कि महाभारत की कथाओं तथा कहानियों को अपने अद्भुत गायन के ढंग से पांडवानी कला का विकास हुआ। यह पांडवानी शैली के गायन की विश्व की एकमात्र गायिका थीं। इनको वर्ष 1988 में पद्मश्रीए वर्ष 2003 में पद्म भूषण तथा वर्ष 2019 में पद्म विभूषण से नवाजा गया।?जेएसण् सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक तथा च्प्ब् डाण्ब्ल् के त्महपवदंस ब्ववतकपदंजवत हिमांशु सक्सेना द्वारा उक्त जानकारियां साझा की गई हैं।

# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर 151 फरियादी आए जिसमें 14 को न्याय मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज ।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी तहसीलदार नयाव तहसीलदार तहसील स्तरीय विभाग अध्यक्षों की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें राजस्व विभाग की 64 शिकायतें दर्ज की गई 12 का निस्तारण मौके पर किया गया पुलिस विभाग 46 शिकायत दर्ज की गई विकास विभाग की साथ शिकायत दर्ज की गई चकबंदी विभाग की आठ शिकायतें दर्ज की गई जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण



किया गया विद्युत विभाग की सात शिकायत दर्ज की गई आपूर्ति विभाग की 10 शिकायत दर्ज की गई नगर पालिका विभाग की दो शिकायत दर्ज की गई ककव विभाग की एक शिकायत कृषि विभाग की एक शिक्षा विभाग की है जल विभाग की एक सिंचाई विभाग की सराय एक एक्सरे विभाग की एक अप निबंधन विभाग की एक कल 151 शिकायत दर्ज की गई जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया इससे शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए शीघ्र 7 कार्य दिवस में शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

## वरिष्ठ कांग्रेसी जिला महासचिव ओ0पी0 तिवारी मतौली वाले का हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज ।** वरिष्ठ कांग्रेसी जिला महासचिव ओ0पी0 तिवारी मतौली वाले का हृदय गति रुक जाने से देहांत हो गया है। जिला अध्यक्ष मो शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने पार्टी का झंडा ओढ़ाकर और पुष्प भेंट कर खिराजे अक़ीदत पेड़ की इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष चतुर्वेदीए जिला उपाध्यक्ष विनोद दुबे पप्पूए जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट



हरि शंकर मिश्रा जिला महासचिव अमोल दीक्षितएजिला महासचिव प्रियंका दुबेएविचार मंच के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे आमिर अंसारी एडवोकेट आमिर खानए हाकिम रब्बी सेवादल के प्रदेश मसचिव देवकी नंदन आशाराम यादवए राजीव कुमार यादव राजीव अग्निहोत्री रामू अग्निहोत्री प्रवल प्रतापए राजकुमार यादव अवनीश कुमार सलमान खान ए मो आसिफ खानए राजू खान चंद्रभान जीए अमर मंडी त्रिपाठीए रहे उनके पुत्र आशु तिवारी क्रिया क्रम संपन्न करते हुए शब को मुखाग्नि के लिए पांचाल घाट ले जाकर अंतिम क्रिया कर्म किया।

## दबंगई से त्रस्त परिवार ने लगाया 'मकान बिकाऊ' का पोस्टर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज ।** थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के महमूदपुर खास गांव निवासी मुकेश

### न्याय न मिलने पर पलायन की चेतावनी

---

चंद्र ने पड़ोसी पर लगातार उत्पीड़नए मारपीटए गाली.गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में आए दिन घर पहुंचकर पत्नी और बच्चों के साथ अभद्रता करता है। विरोध करने पर मारपीट की जाती है। मुकेश चंद्र के अनुसारए 26 नवंबर 2023 को आरोपी घर में घुस आया और उनके साथ मारपीट की। वहीं पेशकार पुत्र सूबेदार के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गईए जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुईए जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है। न्याय न मिलने से परेशान परिवार ने घर के बाहर मकान बिकाऊ और पलायन करेंगे के पोस्टर लगा दिए हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन और स्थानीय विधायक से सुरक्षा तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 7 जुलाई से 9 जुलाई के बीच भारी बारिश तेज आंधी तूफान से बचने के लिए जिला अधिकारी द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**स्वतंत्र भारत महोबा।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि दिनांक 07 से 09 जुलाई को भारी वर्षाध्मेघगर्जन वज्रपातध्आंधी.तूफान गति 40 से 50 किमी0घंटा से बढ़कर 60 किमी0घंटा आने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधेए पेड़ के नीचेए टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को जंगलों की ओर घास चरने के लिए न छोड़ेंए क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलेंए यदि घर से बाहर हैं तो छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करेंए पेड़ के नीचे न छिपेए जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपेए पैर के नीचे सुखी लकड़ीए पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तनए नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवीए कूलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करेंए जर्जर मकान से दूर रहें।

## संविदा कर्मी करंट से झुलसा सीएचसी से डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** शमशाबाद क्षेत्र के पसियापुर गांव निवासी 38 वर्षीय संविदा बिजली कर्मी धीर सिंह पुत्र मेघनाथ राजपूत रविवार को गांव मुरेठी में लगे 25 केवी ट्रांसफार्मर से जुड़े एक निजी नलकूप की बिजली आपूर्ति ठीक करने गया था। इसी दौरान कार्य करते समय अचानक करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की सूचना मिलते ही अन्य बिजली कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने पुत्रों अजयकुमार व पुत्रवधू सुनीता तथा विकासकुमार व पुत्रवधू पूजा के व्यवहार से आजिज आकर संबंध विच्छेदकर लिया है। उनके किसी कृत्य की जिम्मेदारी अब मेरी न होगी। रामलखन पुत्र धनीराम नि. 280, गजियाखेड़ा सर्वोदयनगर, शुक्लागंज तहसील व जिला उन्नाव।(33)

सी.आर.- 671/K-33

**आवश्यकता**

**श्री जिलेदार सिंह स्मारक बालिका महाविद्यालय सुल्तानपुर किशनी मैनपुरी**
**डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा से सम्बद्ध**
**आवश्यकता है**

बी.एड. में विभागाध्यक्ष व सहायक आचार्य 1. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य–01 पद 2. शारीरिक शिक्षा– 01 पद सहायक आचार्य 3. चित्रकला/ललित कलाएं–01 पद सहायक आचार्य 4. संगीत/नृत्य/रंगमंच–01 पद सहायक आचार्य 5. बी.एड पाठ्यक्रम में शिक्षा विषय– गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान शिक्षा के परिप्रेक्ष्य तथा भाषा में–12 पद। योग्यता/वेतनमान– एनसीटीई/यूजीसी/ राज्य सरकर व विश्वविद्यालय के मानकानुसार इच्छुक अभ्यार्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति डाक व मेल द्वारा या स्वयं 7 दिन के अन्दर कॉलेज कार्यालय में प्रेषित करें। सचिव– श्री शिवराम सिंह यादव मो. 9412380000 Email-alokkmr242@gamil.com

सी.आर.- 671/K

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट नवम् कानपुर नगर
परिवाद सं. 155449/2025
अलीना परवेज उम्र लगभग 22 वर्ष पत्नी मो. फैजान व पुत्री परवेज आलम नि.म.नं. 94/115 इलाही हाउस पेंचबाग कानपुर नगर व हालिया म.नं. 192/175 पक्की लाइन अन्सार मार्केट जाजमऊ कानपुर नगर ......परिवादिनी
बनाम– 1. मोहम्मद फैजान वयस्क पुत्र मो. मिन्हाज 2. रेहाना समद वयस्क पुत्री अब्दुल समद 3. यूसरा फातिमा वयस्क पुत्री मो. मिन्हाज समस्त निवासीगण म.नं. 94/115 इलाही हाउस पेंचबाग कानपुर नगर ...विपक्षीगण
धारा 85, 316, 351(2), 352 बी.एन.एस. एवं 3/4 डी.पी. एक्ट थाना जाजमऊ
आप विपक्षीगण उपरोक्त के विरूद्ध परिवादिनी अलीना परवेज ने परिवाद प्रस्तुत किया है चूंकि तलबी से पूर्व आपको सुना जाना आवश्यक है अतएवं दिनांक 17.07.2026 नियत करते हुए आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप तलबी से पूर्व परिवाद के विरूद्ध अपना पक्ष रखना चाहते हो तो दिनांक 17.07.2026 को हाजिर अदालत आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा यह समझा जावेगा कि आपको कोई आपत्ति नही है और यथोचितआदेश पारित कर दिया जायेगा। यह आज दिनांक 25.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायिक मजिस्ट्रेट नवम् कानपुर

सी.आर.- 671/K-CN

**अदालती सूचना**

सम्मन गजट हेतु
समन बजरत इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5, कायदा 1 व 5 मसमूआ जाब्दा दीवानी सन् 1907 ई0)
नम्बर मुकदमा
डी–202407320000193 सन् 2024
बदालत–अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) हमीरपुर
रामप्रकाश आदि बनाम गंगादीन आदि मौजा बिहगांव धारा–30 उ०प्र०रा०सं० श्रीमती धनकुंवर पत्नी कालका निवासिनी ग्राम चिल्ली परगना व तहसील राठ जिला हमीरपुर
आप प्रतिपक्षीगण के नाम एक वाद दाखिल किया गया है लिहाजा आपको हुकुम होता है आप बतारीख 20 माह 07 सन् 2026 ई में बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो ओर जवाब देही दावाको कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करानाचाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज तारीख 30 माह 08 सन् 2026 ई को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय, अपर कलेक्टर (न्यायिक) हमीरपुर उ०प्र०

सी.आर.- 671/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय सहा. कले. प्र. श्रेणी/उपजिलाधिकरी (न्यायिक) अकबरपुर कानपुर देहात
वाद सं. 10791/2025
धारा 116 उ.प्र. रा.सं. 2006
ग्राम बलभद्रापुर तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात
रूप प्रकाश बनाम संजय कुमार आदि
1. मथुरा प्रसाद पुत्र शिवचरन नि. बलभद्रापुर तहसील अकबरपुर कानपुर देहात हाल मुकाम ई. ब्लाक पनकी पोस्ट आफिस के सामने पनकी कानपुर नगर 2. गीता पत्नी मथुरा प्रसाद नि. ग्राम बलभद्रापुर तहसील अकबरपुर कानपुर देहात हाल मुकाम ई. ब्लाक पनकी पोस्ट आफिस के सामने पनकी कानपुर नगर ......प्रतिवादीगण
वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08.07.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 22.06.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 671/K-CN

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई कार्य मण्डल, बांदा**

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की
अल्पकालीन निविदा सूचना सं0-06/अधी0अभि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन/टेक्निकल बिड एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 16-07-2026 को अपरान्ह 02.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, बांदा के कार्यालय में निविदा समिति के द्वारा प्रीक्वालीफिकेशन/ टेक्निकल बिड दिनांक 16-07-2026 को अपरान्ह 03.00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्रीक्वालीफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस/ फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं के संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

निविदा सम्बन्धी सभी प्रपत्र दिनांक 09-07-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से दिनांक 16-07-2026 अपरान्ह 02.30 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई कार्य मण्डल, बांदा/निविदा समिति का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है:-

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | सम्बन्धित खण्ड का नाम | कार्य की मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0 टी0+स्टेशनरी चार्ज सहित) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद हमीरपुर में सिंचाई प्रखण्ड महोबा के नियंत्रणाधीन ऐंझी निरीक्षण भवन के पुनरोद्वार की परियोजना। | सिंचाई प्रखण्ड, महोबा | बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार | 110.76 | 180 दिवस | 2.22 | रू0 2354.00 (300+54+2000) | ए श्रेणी एवं उच्च |
| 2 | जनपद महोबा में सिंचाई प्रखण्ड महोबा के नियंत्रणाधीन खन्ना निरीक्षण भवन के पुनरोद्वार की परियोजना। | | | 105.32 | 180 दिवस | 2.11 | रू0 2354.00 (300+54+2000) | ए श्रेणी एवं उच्च |
| 3 | जनपद हमीरपुर में सिंचाई प्रखण्ड महोबा के नियंत्रणाधीन सुमेरपुर निरीक्षण भवन के पुनरोद्वार की परियोजना। | | | 170.49 | 180 दिवस | 3.41 | रू0 2354.00 (300+54+2000) | ए श्रेणी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट https://up.gov.in सूचना विभाग की बेवसाइट https://information.up.gov.in सिंचाई विभाग की बेवसाइट https://idup.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सम्बन्धी सभी प्रपत्र व अन्य विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ0प्र0 253392 दिनांक- 06.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल, बांदा



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, मंगलवार, 7 जुलाई 2026



## जेडी वेंस की टिप्पणी पर इस्राइली पीएम नेतन्याहू का जवाब

# 'अमेरिका ही नहीं, हमारे और भी कई दोस्त हैं'

**वॉशिंगटन।** अमेरिका भले ही दावा करे कि वह इस्राइल का इकलौता सहयोगी है, लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ऐसा नहीं मानते हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को भारत का जिक्र करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की उस टिप्पणी का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ही दुनिया में इस्राइल का एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी है।
फॉक्स न्यूज संडे ब्रीफिंग को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल को भारत सहित कई अन्य देशों का भी समर्थन प्राप्त है। उन्होंने व्यंग के लहजे में कहा, हमारे कुछ और दोस्त भी हैं, जैसे भारत नाम का एक छोटा-सा देश। वहां 1.4 अरब लोग रहते हैं और हमें वहां जबरदस्त समर्थन मिलता है। पिछले महीने व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान जेडी वेंस ने कहा था कि इस्राइल को अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का सम्मान करना चाहिए। जब उनसे उन खबरों के बारे में पूछा गया कि इस्राइली नेतृत्व अमेरिका-ईरान समझौते से नाखुश है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की



आलोचना कर रहा है, तो वेंस ने कहा था, अगर मैं इस्राइल सरकार के मंत्रिमंडल में होता, तो मैं उस एकमात्र शक्तिशाली सहयोगी की आलोचना नहीं करता जो पूरी दुनिया में अब भी मेरे साथ है। इस पर अब नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें फेसबुक पर भारत से काफी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, मेरा फेसबुक पर एक अकाउंट है और वहां मुझे जबरदस्त समर्थन मिलता है। हो सकता है कि मुझे कई अन्य जगहों से भी समर्थन मिल रहा हो। उन्होंने वेंस के इस दावे को खारिज किया कि इस्राइल का कोई दूसरा सहयोगी नहीं है।

## नाटो की बैठक से पहले रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

### मिसाइल-ड्रोन अटैक में सात लोगों की मौत

**मॉस्को।** नाटो शिखर बैठक से ठीक पहले रूस ने युक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। कई रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है और मलबे में लोगों के फंसे होने की आशंका के बीच राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने एक साथ कई तरह के हथियारों का इस्तेमाल किया। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने बताया कि शहर के कम से कम दो जिलों में मलबा गिरने से आग लग गई और नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली है कि रूस एक बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस और नाटो शिखर सम्मेलन से पहले दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाना और लोगों की जान लेना है।

## भारतवंशियों ने अमेरिका पर छोड़ी अमिट छाप



**वॉशिंगटन।** स्वामी विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक और बीकेएस अयंगर से लेकर बीआर आंबेडकर तक भारतीय विचारकों व आध्यात्मिक नेताओं ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी है। अमेरिकी आजादी की 250वीं वर्षगांठ पर तैयार एक संकलन में गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा ने भारतवंशियों के योगदान को प्रमुखता से रखा है। 250 एट 250 : मोमेंट्स ऑफ द इंडियन अमेरिकन स्टोरी शीर्षक के इस संकलन में अमेरिका में हिंदू दर्शन के प्रसार में स्वामी विवेकानंद व स्वामी परमहंस योगानंद से लेकर दीपक चोपड़ा व राजन जेड जैसे आधुनिक दौर के गुरुओं तक के योगदान का उल्लेख किया गया है। संकलन में कहा गया है कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में धार्मिक सहिष्णुता एवं सार्वभौमिक स्वीकार्यता का आह्वान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यह पहला अवसर था जब किसी

- इंडियास्पोरा का संकलन जारी

हिंदू संन्यासी ने अमेरिका में इतने बड़े पश्चिमी जनसमूह को संबोधित किया था। उन्होंने 1894 में न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी की स्थापना में मदद की जो अमेरिका में शुरुआती स्थायी हिंदू संस्थानों में शुमार है।

**अमेरिका में हैं 36 हजार योग स्टूडियो**

बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

**51 लाख भारतवंशी रहते हैं**

बीकेएस अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में पेश कर अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है। देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

## पीओके में पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर गोलियां चलाईं

- पाकिस्तान सरकार के खिलाफ 40 हजार प्रदर्शनकारी जुटे थे
- कई लोग घायल

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रविवार को जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जाक) के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर पाकिस्तानी फोर्स ने गोलियां चला दीं। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक,जाक ने दावा किया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग जुटे थे।
संगठन का आरोप है कि डुडियाल के एएमबी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या या पाकिस्तान प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जाक का कहना है कि यह प्रदर्शन इस्लामाबाद सरकार के खिलाफ है। साथ ही, यह आंदोलन जाक के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है। संगठन ने गिरफ्तार नेताओं और कार्यकर्ताओं की तुरंत रिहाई की मांग की है। रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान में चल रहे धरना स्थल पर भी कई अलग-अलग इलाकों से लोगों के काफिले लगातार पहुंचते रहे। प्रदर्शन में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी बताई गई। जाक ने कहा कि रावलाकोट और चक की महिलाएं भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही हैं।

## तेहरान में खामेनेई की अंतिम यात्रा शुरू, जनता ने दी श्रद्धांजलि; किसके खिलाफ की गई नारेबाजी?

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को राजधानी तेहरान में शुरू हुई। शहर की सड़कों पर हजारों लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे। खामेनेई के ताबूत को ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा गया था और उसे एक विशेष रूप से सजाए गए ट्रक पर रखा गया। इसी ट्रक पर उनके परिवार के उन सदस्यों के ताबूत भी रखे गए, जिनकी 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका के हमले की शुरुआत में हुए एक हवाई हमले में मौत हो गई थी। ईरान में शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक गुरुवार तक जारी रहेगा। इस दौरान कई सड़कें बंद कर दी गई हैं और हवाई क्षेत्र पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। अंतिम यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खामेनेई के समर्थन में झंडे और बैनर लहराए। वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारे लगाए तथा डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बदले की मांग वाले पोस्टर भी उठाए। एक महिला शोककर्ता फातिमा हसन ने कहा, हम यहां सिर्फ अपने नेता को विदाई देने नहीं आए हैं, बल्कि उनका बदला लेने का संकल्प भी लेकर आए हैं।

**ईरान से बातचीत की कोशिश कर रहा अमेरिका**

उधर, अमेरिका ईरान के साथ बातचीत जारी रखने की कोशिश कर रहा है। इन वार्ताओं का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलना, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करना और हालिया युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना है। हालांकि, अंतिम संस्कार पूरा होने तक इन वार्ताओं के आगे बढ़ने की संभावना कम मानी जा रही है।

### ईरान ने भारत का आभार जताया

**नई दिल्ली।** ईरान दूतावास ने रविवार को पूर्व ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लेने के लिए भारत सरकार और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। ईरान ने कहा कि यह भाव दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को दिखाता है। ईरानी दूतावास ने एक्स पर लिखा,भारत गणराज्य में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास भारत की मित्रवत सरकार और जनता, विशेष रूप से भारत सरकार और जनता की ओर से उपस्थित आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करता है जिन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के शहीद नेता, महामहिम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।'

## बांग्लादेश : मुहम्मद यूनुस के खिलाफ कोर्ट में शिकायत

### खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के पूर्व प्रमुख रहे मुहम्मद यूनुस के खिलाफ एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई गई है। यूनुस पर देश में खसरे के प्रकोप को लेकर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। खसरे से अब तक करीब साढ़े सात सौ लोगों की मौत हो चुकी है। सिराजुल इस्लाम के वकील तस्लीमा जहान ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जशिता इस्लाम ने सिराजुल इस्लाम की शिकायत दर्ज की। सिराजुल नौ महीने की बच्ची के पिता हैं, जिसकी डेंगू से मौत हो गई थी। शिकायत के अनुसार, बच्ची की मौत इसलिए हुई क्योंकि वैक्सीन की कमी के कारण उसे टीका नहीं लग पाया था और बाद में ढाका के एक सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण उसे सही इलाज नहीं मिल सका।

## एक नज़र

### फ्रांस के लालिक म्यूजियम में 40 करोड़ रुपए की चोरी

**नकाबपोश बदमाश 20 क्रिस्टल ज्वेलरी लेकर फरार**

**पेरिस।** फ्रांस के लालिक म्यूजियम से रविवार तड़के करीब 40 लाख यूरो (करीब 40 करोड़ रुपए) के आभूषण चोरी हो गए। घटना जर्मनी सीमा से सटे विंगन-सुर-मोडेर कस्बे की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे कई नकाबपोश बदमाश संग्रहालय का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उन्होंने छह डिस्प्ले केस तोड़े और करीब 20 क्रिस्टल आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी हुए आभूषण क्रिस्टल के बने थे और उनमें कीमती रत्न नहीं जड़े थे। इसलिए एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन्हें पिघलाकर या दोबारा बेच पाना आसान नहीं होगा। लालिक म्यूजियम की शुरुआत 2011 में हुई थी। यह प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्वेलर और ग्लास कलाकार रेने लालिक तथा उनके उत्तराधिकारियों की कला को समर्पित है। संग्रहालय में 650 से अधिक आर्ट नोवो, आर्ट डेको और आधुनिक क्रिस्टल कला की कलाकृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी के बाद संग्रहालय को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में पेरिस के लूव्र म्यूजियम से फ्रांस के क्राउन ज्वेल्स के आठ दुर्लभ आभूषण चोरी हुए थे। उनकी कीमत करीब 8.8 करोड़ यूरो आंकी गई थी। इसी दौरान डेनिस डिडेरो हाउस ऑफ एनलाइटनमेंट से करीब 2,000 दुर्लभ सिक्के और नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री से 15 लाख यूरो कीमत के छह दुर्लभ सोने के नगेट भी चोरी हुए थे।

### श्रीलंका के नेगोम्बो जेल में बलवा, 25 की मौत

**100 से ज्यादा घायल**

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के बाहरी इलाके नेगोम्बो स्थित एक जेल में हुई हिंसक झड़प में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। मृतकों में चार जेलकर्मी और 15 कैदी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेगोम्बो अस्पताल की निदेशक पुष्पा गमलाथ ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि अस्पताल में चार जेलकर्मियों और 15 कैदियों के शव लाए गए हैं। पुलिस और स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राजधानी कोलंबो से करीब 35 किलोमीटर उत्तर में स्थित नेगोम्बो जेल में रविवार को हिंसा शुरू हुई, जो सोमवार तक जारी रही। स्थानीय टीवी चैनल हिरु ने दावा किया कि झड़प में 20 लोगों की मौत हुई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों और घायलों में कैदी और जेल अधिकारी दोनों शामिल हैं। श्रीलंका पुलिस के प्रवक्ता चंदना हेराथ ने जेल के अंदर झड़प और लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने घटना के कारण या अन्य विवरण साझा नहीं किए।

### पाकिस्तान-तुर्किये में रक्षा संबंध बढ़ाने पर फोकस

**भारत के लिए खतरा है यह गठजोड़**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्किये के प्रति अपने देश के अटूट समर्थन को एक बार फिर दोहराया है। उन्होंने साफ कहा कि अंकारा की सफलता और इस्लामाबाद की प्रगति एक-दूसरे से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। शनिवार को इस्तांबुल में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन को द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने का भरोसा दिलाया। वहीं, राष्ट्रपति एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आर्थिक संबंधों की आधारशिला बताया। शहबाज शरीफ ने कहा, तुर्किये की सफलता ही पाकिस्तान की सफलता है और पाकिस्तान की तरक्की ही तुर्किये की तरक्की है। तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक पोस्ट में कहा, रक्षा उद्योग में हमारा सहयोग, जो हमारे आर्थिक संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है, नए प्रोजेक्ट्स के साथ दिन-ब-दिन विकसित हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने तुर्किये के निवेशकों को पाकिस्तान में अपनी व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। एर्दोगन ने यह भी स्पष्ट किया कि वे ऊर्जा, परिवहन, महत्वपूर्ण खनिजों और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ अपने सहयोग को और गहरा करना चाहते हैं।

## रिपोर्ट में दावा : जापान पर दबाव बना रहा चीन

- सहयोगियों के साथ पलटवार की मिली सलाह

**बीजिंग।** चीन की बढ़ती सैन्य, आर्थिक और साइबर गतिविधियों को लेकर जापान और उसके सहयोगी देशों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यूरोपियन टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) जासूसी, समुद्री घुसपैठ और आर्थिक दबाव के जरिए जापान पर लगातार दबाव बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह सिर्फ जापान की सुरक्षा का नहीं, बल्कि नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता का भी सवाल है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जापान के सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और अन्य अत्याधुनिक उद्योग चीनी खुफिया नेटवर्क के निशाने पर हैं। साइबर हमलों और अंदरूनी लोगों की भर्ती के जरिए संवेदनशील तकनीक हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इससे निपटने के लिए जापान को अपनी काउंटर-इंटेलिजेंस व्यवस्था मजबूत करने, शैक्षणिक आदान-प्रदान की निगरानी बढ़ाने और अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ मिलकर तकनीक चोरी रोकने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स बनाने की सलाह दी गई है।
रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि



चीन के तटरक्षक जहाज और मछली पकड़ने वाले पोत अक्सर सेनकाकू द्वीप के आसपास के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। जापान इस द्वीप समूह पर अपना अधिकार जताता है, जबकि चीन भी इस पर दावा करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये गतिविधियां केवल उकसावे की कार्रवाई नहीं हैं, बल्कि जापान की संप्रभुता को चुनौती देने की रणनीति का हिस्सा हैं। इसलिए जापान को समुद्री गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और सहयोगी देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करने चाहिए।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिलेगा बंपर यूरेनियम

- इसी हफ्ते उच्चस्तरीय बैठक में होगा निर्णय
- बदल जाएगी भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की सप्लाई का रास्ता साफ जल्द होने वाला है। इस हफ्ते होने वाली हाई लेवल मीटिंग्स न केवल ऑस्ट्रेलिया की रक्षा नीति को बदल देंगी बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की तस्वीर भी बदल जाएगी। द ऑस्ट्रेलियन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस सोमवार को फिजी पहुंच रहे हैं। वहां वह अपने फिजाई समकक्ष के साथ व्वाले यूनियन पर हस्ताक्षर करेंगे। व्वाले फिजीआई भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है परिवार। लेकिन राजनीति में इस



नया समझौता ऑस्ट्रेलिया को फजी की सुरक्षा और पुलिसिंग में एक बड़ी परिवार का मतलब बहुत गहरा है। यह समझौता ऑस्ट्रेलिया के उस अभियान का हिस्सा है जिसके तहत वह पापुआ न्यूगिनी, तवालू, नोरू और इंडोनेशिया जैसे देशों के साथ अपनी सुरक्षा साझेदारी को पत्थर की लकीर बना रहा है। याद कीजिए साल 2022 जब चीन ने सोलमन आइलैंड्स के साथ एक गुप्त सुरक्षा समझौता करके पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब से ही ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कान खड़े हो गए हैं। उन्हें डर था कि चीन इन छोटे द्वीप देशों में अपने सैन्य अड्डे बना सकता है। फीजी के साथ होने वाला यह भूमिका देगा। यह ठीक वैसा ही होगा जैसा ऑस्ट्रेलिया ने पापुआ न्यूगिनी के साथ किया है। यानी अगर फिजी की सुरक्षा पर कोई खतरा आता है तो ऑस्ट्रेलिया वहां सैन्य और तकनीकी मदद भेजने वाला पहला देश होगा। यह सीधे तौर पर चीन के पेसिफिक विस्तार पर एक ब्रेक लगाने की तरह होगा। अब बात करते हैं हम उस डील की जो भारत के लिए गेम चेंजर है। मेलबर्न में प्रधानमंत्री मोदी और पीएम एल्बनीज़ की मुलाकात होने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों देश यूरेनियम निर्यात समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं।

## स्टडी

### जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मिलेगी मदद

# ज्वालामुखी विस्फोट से मिला मीथेन घटाने का नया सुराग

**नई दिल्ली।** कार्बन डाइऑक्साइड के बाद वैश्विक तापवृद्धि के लिए सबसे जिम्मेदार ग्रीनहाउस गैसों में शामिल मीथेन को हटाने का एक नया प्राकृतिक तरीका वैज्ञानिकों के सामने आया है। दक्षिण प्रशांत महासागर में 2022 में टोंगा के समुद्र के नीचे हुए भीषण ज्वालामुखीय विस्फोट के अध्ययन से संकेत मिले हैं कि कुछ विशेष हालात में वातावरण में बनने वाले रासायनिक कण मीथेन को तोड़ सकते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज जलवायु परिवर्तन से निपटने की नई तकनीकों का आधार बन सकती है।

**नमक, राख और धूप ने मिलकर किया कमाल**

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्रक्रिया पहले अटलांटिक महासागर के ऊपर देखी गई रासायनिक प्रतिक्रिया जैसी है। वहां सहारा रेगिस्तान की धूल समुद्री नमक के साथ मिलकर लोहे पर आधारित सूक्ष्म कण बनाती है। सूर्य का प्रकाश इन कणों पर पड़ने के बाद क्लोरीन परमाणु उत्पन्न करता है, जो वातावरण में मीथेन से प्रतिक्रिया कर उसे



तोड़ने लगते हैं। टोंगा ज्वालामुखी ने समताप मंडल में 58 हजार ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूलों के बराबर नमकीन जलवाष्प व बड़ी मात्रा में राख पहुंचाई थी। सूर्य के प्रकाश के प्रभाव से इस मिश्रण में क्लोरीन बना, जिसने ज्वालामुखी से निकली मीथेन के एक हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया।


**एक सप्ताह तक लगातार टूटती रही मीथेन**

शोधकर्ताओं ने फॉर्मल्डिहाइड के बादल को 10 दिनों तक ट्रैक किया। वान हर्पेन के अनुसार फॉर्मल्डिहाइड वातावरण में केवल कुछ घंटों तक ही मौजूद रहता है। इसलिए उसका लगातार दिखाई देना इस बात का संकेत है कि ज्वालामुखीय गुबार एक सप्ताह से अधिक समय तक मीथेन को लगातार तोड़ता रहा। अध्ययन के अनुसार विस्फोट से लगभग 3.3 लाख टन मीथेन निकली थी, जिसमें से शोधकर्ताओं के अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन करीब 900 टन मीथेन नष्ट हो रही थी।

### जलवायु परिवर्तन के लिए अहम है यह खोज

कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मैथ्यू जॉनसन के अनुसार यह पूरी तरह अप्रत्याशित खोज है। अब तक जिस प्रक्रिया को अटलांटिक महासागर के ऊपर देखा गया था, उसके समताप मंडल में ज्वालामुखीय गुबार के भीतर भी सक्रिय होने के संकेत पहली बार मिले हैं। मीथेन 20 वर्ष में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में लगभग 80 गुना अधिक गर्मी रोक सकती है। वैश्विक तापवृद्धि में लगभग एक-तिहाई योगदान इसी गैस का है। चूंकि मीथेन अपेक्षाकृत कम समय तक वातावरण में बनी रहती है, इसलिए इसके उत्सर्जन में कमी लाकर अपेक्षाकृत कम समय में वैश्विक तापवृद्धि की रफ्तार धीमी की जा सकती है।

बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089